मास्क भी वैक्सीन-मेरा मास्क मेरे साथ

भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा सरकारी विज्ञापनों के लिए अधिकृत

विश्वसनीय साप्ताहिक अखबार



# जागरूक जनता

एक सकारात्मक सोच

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta

माघ, पक्ष - कृष्ण, तिथि - चतुर्दशी , संवत 2077 पृष्ठ : 8 | जयपुर, बुधवार | वर्ष-6, अंक-50, 10 फरवरी - 16 फरवरी, 2021 | मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-




## मत सींचो नफरत का बीज!

**मनुष्य** का स्वभाव ही ऐसा है कि स्वयं के अनुसार कुछ नहीं हुआ या बात नहीं मानी गई तो उनमें मतभेद उभरने लगते हैं। फिर शुरू हो जाता है हर बात पर किच-किच होना। यही किच-किच आगे चलकर मतभेद से होते हुए मनभेद में बदल जाती है और फिर कभी नहीं बदलने वाला माहौल बन जाता है। ये बात अक्सर परिवार के सदस्यों में शुरू होती है और इन्हीं बातों के पीछे घरों में अलगाव उत्पन्न हो जाता है। अगर किसी यार दोस्त हो या कोई भी रिश्तेदार हो उसके बारे में एक बार भी कोई गलत बात दिमाग में बैठा ली जाती है तो वह धीरे-धीरे घर कर जाती है। इसलिए कोई भी वैचारिक मतभेद वाली बात या अपनी इच्छानुसार नहीं होने वाली बात को दिमाग में नहीं बैठानी चाहिए। वरना वह बीज वृक्ष बन जाता है। उदाहरण के लिए अगर किसी पति-पत्नी में किसी बात को लेकर कोई कहासुनी हो गई, फिर झगड़ा हो गया तो झगड़े की वजह को पति-पत्नी दोनों में से कोई भी उस बार-बार दोहराता है। चाहे वह बात सामान्य ही क्यों न हो। यही दोहराव आपस में जहर बन जाता है। जैसे कोई कहीं बीज गिर जाए और उसे खाद-पानी नियमित लगने लगे तो वह बीज से पौधा और पौधे से पेड़ बन जाता है। वही पेड़ धीरे-धीरे बरगद की तरह खड़ा हो जाता है। इसी प्रकार वह छोटी सी बात आए दिन कलह होने की वजह बन जाती है। वही छोटा सा विवाद जीवन में जहर घोल कर हमेशा के लिए कभी सामान्य नहीं होने वाला माहौल बना देता है। ये स्थिति परिवार में भाई-भाई, भाई-बहन, पति-पत्नी, रिश्तेदार, पड़ौसी हो या कोई भी हो सकता है। उन सभी पर लागू होती है। इसलिए नफरत के बीज को पनपने ही नहीं दो। उसे दुबारा नहीं दोहराया जाएगा तो कभी भी संबंधों में कड़वाहट नहीं आएगी। मगर आजकल किसी भी कड़वाहट भरी बातों को सब बड़ी रुचि के साथ सुनते हैं। इसलिए मत सींचों नफरत के बीज को, ताकि वह वृक्ष नहीं बनने पाए।



शिव दयाल मिश्रा

सटीक

shivdayalmishra@gmail.com

### गहलोत कैबिनेट के फैसले

## नई किराया नीति और आयुष नीति को कैबिनेट ने दी मंजूरी

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में सीएम निवास पर हुई कैबिनेट की बैठक में प्रदेश की नई किराया नीति और आयुष नीति को मंजूरी देने सहित कई फैसले किए गए। वन निगम के गठन को भी कैबिनेट ने हरी झंडी दे दी है। इसके लिए वन विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। कैबिनेट में ग्राम सेवक का पदनाम ग्राम विकास अधिकारी करने के ग्रामीण विकास विभाग के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। अम्बेडकर पीठ को उच्च शिक्षा विभाग से लेकर फिर से सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग को सौंपने को भी कैबनेट मंजूरी दी है। चिकित्सा सेवा नियम सहित कई सेवा नियमों में संशोधन को भी मंजूरी दी है। शिक्षा विभाग के भी दो एजेंडे भी कैबिनेट में रखे गए। कैबिनेट की बैठक में मंजूरी के लिए करीब 16 मामले रखे गए थे। ये मामले पिछले दो बार से टलते आ रहे हैं, क्योंकि दो बार कैबिनेट की बैठक स्थगित हो गई थी।

**राज्यपाल के अभिभाषण को मंजूरी :** कैबिनेट की बैठक में विधानसभा के बजट सत्र के कामकाज पर चर्चा की गई। कल विधानसभा में होने वाले राज्यपाल के अभिभाषण को भी कैबिनेट ने मंजूरी दी है।

### देश में ऐसा पहली बार

### जैसलमेर के कारोबारियों का स्पाइसजेट से करार

# फ्लाइट शुरू करो, घाटा हुआ तो हम भरेंगे

### 12 फरवरी से फिर शुरू होगी सर्विस

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**जैसलमेर।** जैसलमेर में पर्यटन को बचाए रखने के लिए एक ऐसी मुहिम को अंजाम तक पहुंचाया गया है जो देश और शायद दुनिया में भी पहली बार है। यहां आने वाले टूरिस्ट के लिए फ्लाइट की कनेक्टिविटी बनी रहे, इसके लिए शहर के कारोबारी और होटल व्यवसायी जेब से पैसा लगाने को भी तैयार हैं। ऐसे में जैसलमेर की दिल्ली और अहमदाबाद की स्पाइसजेट की बंद हो चुकी उड़ानें 12 फरवरी से फिर शुरू हो जाएंगी। एयरलाइन को अगर घाटा होगा तो शहर के कारोबारी इसकी भरपाई करेंगे। स्पाइसजेट ने घाटे के चलते 28 जनवरी से जैसलमेर की उड़ानें बंद कर दी थीं।

#### कलेक्ट्रेट में लिखित समझौता, हर 15 दिन में सीटों का हिसाब होगा

जैसलमेर जिला कलेक्टर आशीष मोदी की कोशिशों से कारोबारियों और स्पाइसजेट के बीच लिखित समझौता (MoU) हुआ। इसके तहत स्पाइसजेट हर 15 दिन में बुकिंग का हिसाब देगी। अगर कंपनी को घाटा उठाना पड़ा तो घाटे की राशि का पेमेंट टूरिज्म से जुड़े कारोबारी करेंगे। यह एमओयू फिलहाल 13 मार्च तक के लिए किया गया है।

#### 3 दिन दिल्ली, 3 दिन अहमदाबाद के लिए फ्लाइट

हफ्ते में 3 दिन दिल्ली और 3 दिन अहमदाबाद के लिए फ्लाइट रहेंगी। सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को दिल्ली, जबकि मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को अहमदाबाद के लिए फ्लाइट रहेगी। स्पाइसजेट ने दिल्ली तक उड़ान के लिए हर फेरे के 6 लाख और अहमदाबाद की उड़ान के लिए 1 लाख रुपए का खर्च बताया है।

#### महारावल बोले- यह जैसलमेर के प्रति लोगों का प्यार

जैसलमेर के महारावल चैतन्यराज सिंह ने कारोबारियों की इस कोशिश की तारीफ की है। उन्होंने कहा, 'इससे जैसलमेर के लिए यहां के लोगों के प्यार का पता चलता है। मुझे पूरी उम्मीद है यह मुहिम सफल रहेगी।'

**कारोबारी बोले-** फायदा एयरलाइन का, घाटे की भरपाई हम करेंगे होटल व्यवसायी मयंक भाटिया का कहना है कि ऐसा पहली बार हो रहा है कि हवाई कंपनी और जैसलमेर को लोग मिलकर हवाई सेवा चलाएंगे। सभी ने हिम्मत दिखाई और पर्यटन को बचाने की पहल की। वहीं रिसॉर्ट वेलफेयर डेवलपमेंट कमेटी के अध्यक्ष केके व्यास का कहना है कि अगर स्पाइसजेट ज्यादा कमाएगी तो वह कमाई उनकी होगी, लेकिन घाटा होता है तो उसकी भरपाई की हम गारंटी देते हैं। गौरतलब है कि जैसलमेर के पर्यटन को लेकर दुनिया में एक अलग ही पहचान बनी हुई है। बीते दिनों गहलोत सरकार में चले सियासी घटनाक्रम के दौरान भी बाड़ेबंदी में विधायकों को जैसलमेर का दौरा करवाया गया था। यहां विधायकों को सुरक्षित स्थान के लिहाज से ठहराया गया था।

## ये रिश्ता क्या कहलाता है... राज्यसभा में भावुक हुए मोदी-आजाद






**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को 4 सांसदों की विदाई पर राज्य सभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी भावुक हो गए और सांसदों की तारीफ की। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस सांसद गुलाम नबी आजाद का किस्सा सुनाया, जब उन्होंने रोते हुए पीएम मोदी को फोन किया था। बता दें कि गुलाम नबी आजाद, शमशेर सिंह, मीर मोहम्मद फैयाज और नादिर अहमद का राज्य सभा में कार्यकाल पूरा हो रहा है।

#### मोदी बोले... गुलाम नबी जी अपने दल की चिंता करते थे...

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने राज्य सभा में कहा, मुझे चिंता इस बात की है कि गुलाम नबी जी के बाद जो भी इस पद को संभालेंगे, उनको गुलाम नबी जी से मैच करने में बहुत दिक्कत पड़ेगी। क्योंकि गुलाम नबी जी अपने दल की चिंता करते थे, लेकिन देश और सदन की भी उतनी ही चिंता करते थे।

#### नबी बोले... हिंदुस्तानी मुसलमान होने पर गर्व

**गुलाम** नबी आजाद ने कहा, मैं उन खुशकिस्मत लोगों में से हूं जो पाकिस्तान कभी नहीं गया, लेकिन जब मैं पढ़ता हूं कि पाकिस्तान के अंदर कैसे हालात हैं तो मुझे हिंदुस्तानी मुस्लमान होने पर गर्व है। इस देश के मुस्लमान सबसे ज्यादा खुशनसीब हैं।

### काला हिरण शिकार मामला

### सलमान ने 18 साल पहले कोर्ट में झूठा एफिडेविट दिया...

## अब कहा- माफ करें, फैसला कल

**जोधपुर @ जागरूक जनता।** काले हिरण शिकार मामले में फंसे सलमान खान के एक और मामले की सुनवाई मंगलवार को जोधपुर सेशन कोर्ट में हुई। सलमान इसमें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े। मामला झूठा एफिडेविट देने का है। इसकी सुनवाई के दौरान सलमान के वकील हस्तीमल सारस्वत ने कोर्ट में कहा, 8 अगस्त 2003 को गलती से एफिडेविट दे दिया गया था, इसलिए सलमान को माफ कर दिया जाए। कोर्ट इस मामले में 11 फरवरी को फैसला सुनाएगा।

#### सलमान ने आर्म लाइसेंस रिन्यू होने दिया, कोर्ट में कहा-गुम हो गया

**सलमान** को 1998 में जोधपुर के पास कांकाणी गांव की सीमा में 2 काले हिरणों के शिकार के मामले में गिरफ्तार किया गया था। तब कोर्ट ने उनसे हथियारों का लाइसेंस मांगा था। इस पर सलमान ने 2003 में कोर्ट में एफिडेविट देकर बताया था कि लाइसेंस कहीं खो गया है। इस बारे में उन्होंने मुंबई के बांद्रा पुलिस थाने में दर्ज FIR की कॉपी भी लगाई थी।

### तस्वीरें दिखा शाह ने कांग्रेस को घेरा, बोले...

## मैं नहीं, टैगोर की कुर्सी पर नेहरू बैठे, राजीव गांधी ने तो आराम से चाय पी



**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** लोकसभा में लगातार दूसरे दिन रबींद्रनाथ टैगोर की कुर्सी पर बैठने लेकर वार-पलटवार हुआ। सोमवार को कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने आरोप लगाया था कि गृहमंत्री अमित शाह शांतिनिकेतन में टैगोर की कुर्सी पर बैठे थे तो मंगलवार शाह ने जोरदार पलटवार किया। गृहमंत्री अमित शाह ने सबूतों के साथ अधीर रंजन के आरोपों का खंडन किया तो तस्वीरें दिखाकर उल्टा कांग्रेस को घेर लिया और कहा कि टैगोर की कुर्सी पर वह तो नहीं बैठे, लेकिन जवाहर लाल नेहरू और राजीव गांधी बैठे थे। गृहमंत्री अमित शाह ने हाथ में दस्तावेजों को दिखाते हुए कहा, अधीर रंजन चौधरी ने कल अपने भाषण में कहा था कि शांतिनिकेतन के दौरे के दौरान मैं रबींद्रनाथ टैगोर की कुर्सी पर बैठा था। यह विश्वभारती के उपकुलपति का पत्र है। मैंने उसने कहा था कि सारे फोटो और वीडियो का एनालिसिस करके बताया जाए कि कहीं मैं बैठा हूं? उन्होंने स्पष्ट किया है कि ऐसी कोई घटना नहीं हुई। मैं एक खिड़की के पास बैठा था जहां कोई भी बैठ सकता है। गृहमंत्री ने कहा कि जहां वह बैठे थे उस जगह पर भारत की पूर्व राष्ट्रपति बैठी हैं, प्रणब दा भी बैठे हैं, राजीव गांधी बैठे हैं और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने भी स्मारिका में वहीं बैठकर अपनी टिप्पणी लिखी थी।




ANCHOR | बजट सत्र

# राजस्थान विस का बजट सत्र आज से

### फेस रीडिंग के बाद होगा सदन में प्रवेश

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र 10 फरवरी से शुरू होगा। इस बार सत्र को लेकर विशेष एहतियात बरती जा रही है। इसके लिए सदन में जाने वाले सदस्यों का पहले से रजिस्ट्रेशन किया गया। सदन में बैठक के दौरान गलियारों की सुरक्षा की दृष्टि से सदन के समीप बने सभी प्रेस प्रवेश द्वारों पर फ्लैप बैरियर लगाए गए हैं। हाई सिक्योरिटी फ्लैप बैरियर के जरिए विधायकों और विधानसभा के चुनिंदा कर्मचारियों को अंदर जाने के लिए उनके चेहरे की पहचान यानी फेस रीडर और हाथ के वेव करने पर ही फ्लैप बैरियर खुलेगा। इसके साथ ही सदन के अंदर कोरोना की गाइडलाइन का पूरी तरह से पालन किया जाएगा। इसके लिए लगभग 30 विधायकों को कुर्सियों के बजाए सोफे पर बिठाया जाएगा।



#### नई विधानसभा के साथ यह दुखद संयोग

लालकोठी में बनी नई विधानसभा के साथ यह दुखद संयोग ही है कि जब से यहां सदन शुरू हुआ है, हर विधानसभा के पांच साल के कार्यकाल में तीन-चार विधायकों का निधन हुआ है। पिछली भाजपा सरकार में भी विधायकों का निधन होने के बाद वास्तुदोष को लेकर सवाल उठे हुए थे। भाजपा सरकार ने वास्तुदोष को खत्म करने के लिए यहां एक कलश भी रखवाया था, जिसे सरकार बदलने के साथ ही हटवा दिया गया था। अब मात्र सवा दो साल में ही चार विधायकों का निधन होने से यह चर्चा चल पड़ी है कि क्या विधानसभा के वास्तु में कोई दोष है?

#### श्मशान पर बना है भवन

विधानसभा में भूत-प्रेत का साया है। भाजपा सरकार के समय इन बातों का काफी जोर रहा था। उस समय भाजपा विधायकों ने विधानसभा में यज्ञ करवाने की वसुंधरा राजे से मांग भी की थी। वहीं कालूलाल गुर्जर ने तो यहां तक कहा था कि शुरु से ही इस विधानसभा में दिक्कतें रही हैं। विधानसभा की बिल्डिंग किसी श्मशान या कब्रिस्तान के ऊपर बना है इस वजह से ऐसा हो रहा है।

#### सत्र के दौरान कोरोना गाइडलाइन का होगा पालन

**विधानसभा** के अंदर इस बार भी कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए सदस्यों को हाउस में बिठाया जाएगा। पिछले सत्र की तरह लगभग 30 सदस्यों को तय सीट के स्थान से अलग सीटों पर बैठाया जाएगा। जिनके लिए इस बार कुर्सियों के स्थान पर सोफे लगाए गए हैं। इन सोफों के सामने किसी भी तरह की टेबल नहीं होगी। जिन विधायकों को सोफे पर बिठाया जाएगा उनके लिए माइक के स्थान पर लैपल माइक की सुविधा भी दी जाएगी, ताकि वह अपनी बात सदन में उसी तरह से रख सकें जिस तरह से वह तय सीट पर बैठकर रखते थे।

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित | जागरूक जनता www.jagrukjanta.in/.com | बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 फोन : 0141-2338070 | सम्पर्क करें | विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए 9928022718 jagrukjantanews@gmail.com | समाचार प्रकाशित करवाने के लिए 9829329070 jagrukjantanews@rediffmail.com

## समाचार वितरक महासंघ का पौष बड़ा कार्यक्रम



**जयपुर @ जागरूक जनता।** समाचार पत्र वितरक महासंघ जयपुर द्वारा नर्वदेश्वर महादेव मंदिर रामनिवास बाग अल्बर्ट हॉल के पीछे सुंदरकांड पाठ एवं पौष बडो का आयोजन किया गया। भगवान शिव की सुंदर झांकी सजाई गई। इस कार्यक्रम में जयपुर शहर के समस्त वितरक बंधु उपस्थित हुए और प्रसादी का आनंद लिया। इस अवसर पर हाथोज धाम महंत बालमुकुंद आचार्य अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश भाड़े वाले सर्राफा कमेटी अध्यक्ष कैलाश मित्तल महामंत्री मातादीन सोनी पार्षद कुसुम यादव का माला एवं दुपट्टा पहनाया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व पार्षद चेयरमैन व संघ के संगठन मंत्री अजय यादव कोषाध्यक्ष हनुमान सैनी सावत सिंह राठौड़ संजय यादव घनश्याम यादव टीकम यादव बी एल मीणा अनिल यादव राजेश यादव अनिल यादव झोटवाड़ा कैलाश मीणा गोविंद गुर्जर महेश यादव गजेंद्र सिंह सत्यनारायण शर्मा सहित वितरक बंधु उपस्थित रहे।

## महिला विकास एवं बाल संरक्षण पर कार्यशाला आयोजित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** जवाहर नगर कच्ची बस्ती स्थित सरकारी विद्यालय में स्थानीय पुलिस प्रशासन के सहयोग से महिला विकास एवं बाल संरक्षण जैसे विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत कच्ची बस्ती में महिलाओं, बालिकाओं एवं बच्चों ने अपने अधिकार, उनके साथ होने वाले अत्याचार, शोषण आदि पर खुलकर चर्चा की। चर्चा के दौरान उन्होंने अपने अधिकारों के बारे में जाना। इसके अलावा बाल श्रम, बाल शोषण एवं उनके संरक्षण जैसे मुद्दों के बारे में भी उपस्थित अभिभावकों को जागरूक किया गया।

## महिला सशक्तिकरण के लिए 'उड़ान' एक्जीबिसन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** टेलेंट क्लब की ओर से आगामी 27 एवं 28 फरवरी को दो दिवसीय 'उड़ान' एक्जीबिशन लगाई जा रही है। विद्याधर नगर सेक्टर 3 स्थित बियानी कॉलेज में लगने वाली इस एक्जीबिशन के बारे में जानकारी देते हुए टेलेंट क्लब की अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल ने बताया कि यह एक्जीबिशन महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगाई जा रही है। इसमें महिलाएं अपने लघु उद्योगों में उत्पादित सामान का प्रदर्शन कर उन्हें बेच सके। इसके वे अपनी स्टाल लगा सकती हैं।

## सामाज सेविका पूनम खंगारोत को मिला राजस्थान ग्रामीण अवार्ड 2021



**जयपुर/चौमू @ जागरूक जनता।** हेल्पिंग हैंड सोसायटी के द्वारा चौमू के शाहीबाग मैरिज गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सा, सेवा, वृक्षारोपण, सांस्कृतिक एवं खेलकूद की करीब 41 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री गुलाबो सपेरा, विशिष्ठ अतिथि के रूप में महावीर चक्र विजेता दिगेन्द्र कुमार, आईपीएस संदीप सिंह चौहान, आईएएस पंकज चौधरी, भारतीय महिला रिं केट टीम की प्रिया पूनिया, समाजसेविका पूनम खंगारोत, डॉ पवन पारिक,परा देवी जी आदि उपस्तिथ रहे। पूनम खंगारोत को समाज सेवा के लिये किये गए उत्कृष्ट कार्यों के लिये सम्मानित किया गया। पद्मश्री गुलाबो सपेरा ने कहा कि स्वभाव इंसान को जन्म से मिलता हैऔर शिक्षा तथा संगति से उसे सुधारा जा सकता है। ये ही कारण है सैंकड़ो कार्यकर्ता एक महान अभियान में लगे एवं पीड़ित मानव की सेवा की। संस्थान के संयोजक सुरेश शेरावत ने संस्थान के 11 साल के कार्यो के बारे में बताया।

## हिन्दु रक्षार्थ पुस्तक का किया विमोचन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय पर पधार कर द्वारका प्रसाद व मित्तल जी की टीम द्वारा हिंदू युवा वाहिनी पदाधिकारियों के साथ हिंदुत्व रक्षार्थ पुस्तक का विमोचन कराया गया। यह पुस्तक प्रदेश अध्यक्ष केशव अरोड़ा को भेंट की गई। इस मौके पर हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह, जागरूक जनता के संपादक शिवदयाल मिश्रा, संयोजक सतीश जागा , एडवोकेट विक्रम सिंह शेखावत, राजकुमार सेन, जितेंद्र सैनी, चंदन, गजेंद्र सैनी, अजय राजोरा, चेतेंद्र मिश्रा, कमल गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## सुसाइड के खिलाफ 'फर्स्ट अटेम्प्ट' का पोस्टर और ट्रेलर लॉन्च




**जयपुर @ जागरूक जनता।** हाल ही में फ़िल्म इंडस्ट्री में सुसाइड के कई मामले सुर्खियों में रहे है। इस मुद्दे पर जागरूकता के लिए शक्ति फ़िल्म प्रोडक्शन और हेल्प इंडिया ऑनलाइन के बैनर तले शार्ट फ़िल्म फर्स्ट अटेम्प्ट का निर्माण किया गया। फ़िल्म का पोस्टर विमोचन जयपुर कर हैवा हैवन रिसोर्ट में एक कार्यक्रम के अंतर्गत किया तथा साथ ही मूवी का ट्रेलर भी रिलीज़ किया गया। पोस्टर लौन्चिंग में इस फ़िल्म के प्रोड्यूसर अंबालिका शास्त्री, रिंकु सिंह गुर्जर, डॉ पवन पारीक, डॉ जगदीश पारीक है तथा को-प्रोड्यूसर अरविन्द बत्रा और करिश्मा हाडा फ़िल्म के डायरेक्टर ममतेश कुमार और असिस्टेंट डायरेक्टर कशिश तथा इस मूवी में अपना अहम् योगदान देने बाली स्टार कास्ट फ़िल्म के मुख्य किरदार फैद खान, चारुल टिंगोरिया, आर्यन गोस्वामी, आमिर, गणेश चौधरी, पी सी शर्मा सभी ने मिलकर मूवी का पोस्टर विमोचन किया तथा ट्रेलर लौन्चिंग की मूवी के प्रोडूसर ने बताया की वो इसी तरह के सामाजिक मुद्दों पर आगे भी कई फिल्मो का निर्माण करेंगे और ये फ़िल्म जल्द ही ओटीटी प्लेटफार्म पर सबको देखने के लिए मिलेगी।

## कक्षा 6 से 8 जूनियर वर्ग का ऑनलाइन विज्ञान मेला आयोजित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) नवीन विद्याधर नगर, ब्लॉक- झोटवाड़ा सिटी, जयपुर के विद्यार्थियों ने जयपुर, जिला स्तरीय विज्ञान मेला में सभी पांच टॉपिक की मॉडल प्रतियोगिता में से 3 टॉपिक में प्रथम स्थान और 2 टॉपिक में तृतीय स्थान प्राप्त कर एक बार फिर जिला जयपुर का झोटवाड़ा सिटी का और महात्मा गांधी गर्ल्स स्कूल (इंग्लिश मीडियम) नवीन विद्याधर नगर का नाम ऊंचा किया। विद्यालय विज्ञान मेला प्रभारी सुनीता लांबा एवं जिला स्तरीय विज्ञान मेला में भाग लेने वाले स्कूल के सभी छात्रों व उनके अभिभावकों को विद्यालय परिवार की तरफ से बहुत बहुत बधाई।

## जयपुर में चलेगा जनसेवक या सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जयपुर नगर निगम हैरिटेज की पहली साधारण सभा की तैयारियों को लेकर परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के आवास पर कांग्रेस की प्री बोर्ड बैठक हुई। बोर्ड मीटिंग में सभी को एक साथ मिलकर प्रस्ताव पास कराने और शांतिपूर्वक प्रस्तावों पर चर्चा करने के निर्देश दिए गए। कमेटियों के गठन पर अभी असमंजस बना हुआ है। हालांकि परिवहन मंत्री ने कहा कि कुछ भी हो सकता है। बैठक में सफाई व्यवस्था, बंद रोड लाइट्स का मुद्दा भी पार्षदों ने उठाया। खासकर बीवीजी कंपनी के काम से पार्षद असंतुष्ट नजर आए। ऐसे में कंपनी के खिलाफ पार्षद बोर्ड बैठक में मुखर हो सकते हैं। बैठक पहले खाचरियावास ने कहा कि हमारी मंशा जनता के बीच जाने की थी, लेकिन कोरोना की वजह से हम नहीं जा पाए। अब जल्द ही जनसेवक या सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाकर लोगों के बीच जाएंगे। जहां तक कमेटियों की बात है तो इसकी जल्द घोषणा की जाएगी। सफाई व्यवस्था को लेकर हम चिंतित है। हमारा प्रयास है कि जयपुर को वापस हैरिटेज स्वरूप में लाया जाएगा। पार्षदों को भी जनता के बीच जाकर काम करने के निर्देश दिए हैं।

Jagruk City

jagrukjanta.in/.com

# जागरूक सिटी

जागरूक जनता • जयपुर, बुधवार, 10 फरवरी - 16 फरवरी, 2021 • पेज 02

| तापमान | अधि. | न्यू. |
|---|---|---|
| जयपुर | 28°C | 13°C |
| जोधपुर | 30°C | 12°C |
| अजमेर | 31°C | 13°C |
| उदयपुर | 28°C | 13°C |

सूर्योदय › प्रात: 07:10 बजे सूर्यास्त › सांय : 06:11 बजे चन्द्रोदय › 06 : 07 बजे चन्द्रास्त › 04 : 50 बजे

**माघ मास के गुप्त नवरात्र 12 फरवरी से: खरीदारी के लिए रहेंगे विशेष योग**

# नौ के बजाय दस दिन तक होगी मां शक्ति की आराधना

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** तंत्र-मंत्र और साधना के लिए खास माने जाने वाले माघ मास के गुप्त नवरात्र की शुरुआत 12 फरवरी से होगी। भक्त मां दुर्गा के साथ-साथ दस महाविद्याओं की आराधना में लीन रहेंगे। इसके साथ ही सिद्धि प्राप्ति के लिए मां दुर्गा के दिव्य मंत्रों का जप करेंगे। अलसुबह भक्त विधि-विधान से घट स्थापना करेंगे। घट स्थापना का मुहूर्त सुबह 8.34 बजे से 9.59 बजे तक रहेगा। वहीं अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12.13 बजे से 12.58 बजे तक रहेगा। दुर्गापुरा स्थित दुर्गा माता मंदिर, गलता गेट स्थित गीता गायत्री मंदिर, कमला नेहरू नगर, घाटगेट, दिल्ली रोड व बनीपार्क सहित अन्य जगहों पर प्राचीन मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान होंगे। कमला नेहरू नगर स्थित श्रीकुल बगलामुखी मंदिर में पंडित सत्यप्रकाश शर्मा के सान्निध्य में बगलामुखी परिवार और हरिद्रा गणेश की यंत्र अर्चना कर मां भगवती की पूजा-अर्चना की जाएगी।

### इस बार षष्ठी तिथि की वृद्धि

ज्योतिषाचार्य पंडित अक्षय शास्त्री ने बताया कि 16 व 20 फरवरी को अमृतसिद्धि योग के अलावा कई योग रहेंगे। 17-18 फरवरी को षष्ठी तिथि की वृद्धि होने से एक दिन नवरात्र अधिक होगा। नौ के बजाय दस दिन के नवरात्र देश के लिए सुखद परिणामदायी साबित होगा। दस महाविद्या में मां काली, तारा देवी, त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी, माता छिन्नमस्ता, त्रिपुरी भैरवी, मां धूमावती, मां बगलामुखी व मां कमला की आराधना होगी।

### साधक एकांत में रहकर करेंगे साधना

**इस** बार गुप्त नवरात्र 10 दिन के होंगे। इस दौरान कई ग्रह एक से ज्यादा राशि में रहेंगे। इस अवधि में गुरु का उदय और शुक्र तारा अस्त होगा। 16 फरवरी को देवी सरस्वती का प्राकट्योत्सव बसंत पंचमी भी मनाया जाएगा। अबूझ मुहूर्त होने से इस दिन मांगलिक कार्यों की धूम रहेगी। साधक एकांत में रहकर मां दुर्गा की आराधना में लीन रहेंगे। 13 को त्रिपुष्कर, 14 को सर्वार्थसिद्धि व राजयोग, 15 को रवियोग, 16 और 20 को अमृतसिद्धि व सर्वार्थसिद्धि, 21 को रवियोग, 22 को रवियोग, सर्वार्थसिद्धि व अमृतसिद्धि योग रहेगा, जो कि खरीदारी के लिहाज से शुभ संयोग रहेगा। गुप्त नवरात्र का समापन 21 फरवरी को होगा।

**ये कैसा व्यवहार: स्मार्ट सिटी की फंडिंग**

# 6 मंदिरों का जीर्णोद्धार, बाकी राम के भरोसे

### कई ऐतिहासिक देवालय जर्जर, विभाग के पास बजट का रोना

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** स्मार्ट सिटी की फंडिंग से राजस्थान पर्यटन विकास निगम चारदीवारी के 6 ऐतिहासिक मंदिरों का जीर्णोद्धार करवा रहा है। ब्रज निधि, कल्कीजी, राधा कृष्ण (गणगौरी बाजार), लक्ष्मी नारायण, गोपीनाथजी और ताड़केश्वरजी में 11 करोड़ के जीर्णोद्धार के काम किए जा रहे हैं। जयपुर स्थापना के समय स्थापित कराए गए चारदीवारी के कई और ऐतिहासिक मंदिर हैं जिनका भी जीर्णोद्धार होना जरूरी है।इन मंदिरों के पुजारियों का कहना है कि देवस्थान विभाग के अधीन इन मंदिरों की ओर न तो स्मार्ट सिटी के अधिकारियों की नजर पड़ रही है और न ही खुद उनके विभाग देवस्थान की। कई मंदिरों की स्थिति तो बिल्कुल जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हो गई है। जयपुर की स्थापना के समय स्थापित किए गए इन मंदिरों की दीवारों का जगह -जगह से चूना उखड़ चुका है।

बरामदों के आंगन में गड्ढे हो चुके हैं। कई मंदिरों के निज मंदिर गर्भ गृह की छत से प्लास्टर उखड़ रहे हैं। देवस्थान विभाग के अधीन जलमहल के सामने स्थित बलदेवजी परशरामपुरा, चांदनी चौक में आनंद कृष्ण बिहारी जी और प्रतापेश्वरजी मंदिर, छोटी चौपड़ पर रसिक बिहारी जी मंदिर के पुजारियों का कहना है कि इनका भी राजस्थान पर्यटन विकास निगम स्मार्ट सिटी की फंडिंग से जीर्णोद्धार कराए। पंडितों का कहना है कि यदि विकास निगम के पास इन मंदिरों के लिए फंडिंग नहीं है तो अकेले 6 मंदिरों में 11 करोड़ के काम कैसे कराए जा रहे हैं। इन मंदिरों की तरह ही ये सभी मंदिर भी जयपुर की स्थापना के समय के हैं। जिनमें समय पर जीर्णोद्धार के काम होना जरूरी है।



### बजट का अभाव है

**इस** बारे में देवस्थान विभाग का कहना है कि हमारे पास इतने बड़े मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए पर्याप्त बजट का अभाव है। इन मंदिरों को भी स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को सूची उपलब्ध कराकर इनके भी जीर्णोद्धार के लिए हम प्रयास करेंगे।

**स्मार्ट** सिटी की फंडिंग से सिर्फ 6 मंदिर ही जीर्णोद्धार के लिए चुने गए हैं। 4-5 मंदिर और चुन लिए जाते तो इनकी स्थिति भी सुधर जाती। प्रदेश में देवस्थान विभाग का एकमात्र बलदेवजी और रेवतीजी का यह मंदिर है। यहां जीर्णोद्धार जरूरी है।
**-उमाशंकर मिश्रा,** पुजारी, बलदेव जी परसरामपुरा जलमहल के सामने

**मंदिर** में चारों तरफ टूट-फूट हो रही है। बरामदे से चूना झड़ गया है। विभाग को इसकी शिकायत भी की थी, लेकिन डेढ़ साल से वैसा का वैसा ही पड़ा है।
**-कैलाश चंद्र शर्मा,** पुजारी प्रतापेश्वर, रसिक बिहारी मंदिर

**यह** मंदिर भी उतना ही ऐतिहासिक है। यहां भी जीर्णोद्धार जरूरी है।
**-मात्र प्रसाद माथुर,** पुजारी, आनंद कृष्ण बिहारी जी मंदिर, चांदनी चौक

**स्मार्ट** सिटी की फंडिंग से जिन मंदिरों का जीर्णोद्धार करवा रहा है उस चयन प्रक्रिया में देवस्थान विभाग के अधिकारियों को सम्मिलित नहीं किया गया।
**-आकाश रंजन,** सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग जयपुर

# प्री-पोस्ट वेडिंग शूट के लिए अलग से खुलेंगे किले-महल

### प्रति घंटा 15000 फीस फाइनल

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** शहर के किले-महलों में प्री और पोस्ट वेडिंग शूट के लिए स्टिल के साथ अब पूरी शूटिंग की जा सकेगी। सरकार ने इसके लिए गाइडलाइंस तय की हैं। किले-महलों में शूट के लिए आने वालों को खासी रकम भी देनी होगी। कार्यालय समय में शूटिंग के लिए प्रति 2 घंटे के 5000 रुपए देने होंगे। वहीं, किसी को लगता है कि स्मारकों की भीड़ इस काम में आड़े नहीं आए तो उनके लिए ऑफिस ऑवर्स के अलावा भी सुबह और देर रात तक स्मारकों को खोला जाएगा। बस, इसके लिए फीस कई गुना ज्यादा होगी। सरकार के गजट नोटिफिकेशन के मुताबिक, ऐसी चाह रखने वालों को 15,000 रुपए प्रति घंटे के हिसाब से रकम खर्च करनी होगी। इसमें 25 प्रतिशत राशि एडवांस देनी होगी। एवज में उनकी इच्छा मुताबिक, स्मारकों को जल्दी सुबह और देर रात तक खोलकर जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इस संबंध में पुरातत्व विभाग की ओर से भेजे गए प्रस्ताव के अतिरिक्त 'एक्सक्लूसिवली' किले-महल खोलने की बात जोड़ी गई है।

**अभी तक केवल स्टिल फोटोग्राफी की मंजूरी थी**

**और अब: ऑफिस आवर्स के साथ बंद टाइम में बुकिंग कराकर शूटिंग पूरी की जा सकेगी**

### आमेर महल- नाहरगढ़ फोर्ट का क्रेज ज्यादा, सीजन में दर्जनभर एप्लीकेशन

राज्य सरकार के मुताबिक, आमेर महल, अल्बर्ट हॉल, जंतर-मंतर, हवामहल, नाहरगढ़ फोर्ट, विद्याधर का बाग, सिसोदिया रानी बाग, ईसरलाट आदि सभी जगह पर प्री-पोस्ट वेडिंग शूट की मंजूरी रहेगी। इसके अलावा विभाग के अधीन दूसरे स्मारकों पर भी यही कंडिशन जोड़ी गई है। हालांकि डिमांड में आमेर महल, नाहरगढ़ फोर्ट और सिसोदिया रानी बाग आदि रहते आए हैं, जहां शादियों के सीजन में दर्जनभर से ज्यादा लोग शूटिंग की चाह में पहुंचते हैं। लेकिन केवल स्टिल फोटोग्राफी की मंजूरी (5 हजार) के चलते उनको लौटना पड़ता है।

लोगों की चाह और डिमांड को देखते हुए हमने प्रस्ताव भेजे थे। इस पर गजट नोटिफिकेशन जारी हुआ है। मुख्य बात एक्सक्लूसिवली किले महल खोलने की है, जिसमें विभाग तैयार रहेगा।
**- प्रकाश शर्मा,** डायरेक्टर, आर्कियोलॉजी एंड म्यूजियम

**देश में पहला प्रयोग राजस्थान में: 40 लोगों को किया जा रहा प्रशिक्षित**

# 'भोर' के जरिए भिखारियों का कौशल विकास, मुख्यधारा से जोडऩे का प्रयास

### प्रशिक्षण के साथ रहना, खाना, खेलकूद मुफ्त

### प्रशिक्षण के बाद रोजगार भी

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में फुटपाथ और चौराहों पर वर्षो से जमे भिखारियों को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार की मुख्यधारा से जोडऩे का प्रयास गहलोत सरकार ने शुरू किया है। जो यदि सफल रहा तो पूरे देश के लिए एक मिसाल होगा। भिक्षुक ऑरिएंटेशन ए रिहेबिलिटेशन 'भोर' नाम से शुरू किए गए इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत 40 भिखारियों का चयन कर उन्हें स्किल डवलपमेंट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है देश में पहली बार जयपुर में आरएसएलडीसी की ओर से यह प्रयोग किया जा रहा है। आरएसएलडीसी ने जगतपुरा स्थित राजपूत छात्रावास में इनके विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था की है।



### भत्ते के रूप में मिलेंगे 225 रुपए प्रतिदिन

तीन माह के प्रशिक्षण के दौरान इन भिक्षुकों को प्रतिदिन 225 रुपए भी आरएसएलडीसी प्रदान करेगा। जिससे वह प्रशिक्षण के दौरान भी अपना जीवन यापन कर सकें और परिवार की भी मदद कर सकें। दरअसल सरकार का मानना है कि प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लोग पहले से कुछ काम कर रहे होते तो उन्हें इसकी जरूरत नहीं होती लेकिन वर्तमान में उनके पास न कोई काम है और ना ही दक्षता। ऐसे में इन्हें प्रशिक्षण से बांधे रखने के लिए प्रतिदिन 225 रुपए भत्ता दिया जाने का निर्णय किया गया है।

### बनवाए जाएंगे आधार कार्ड

**राजस्थान** के साथ-साथ देश के विभिन्न भागों जैसे मध्यप्रदेश, बिहार, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र के इन लोगों को उनकी पहचान दिलवाने का काम भी आरएसएलडीसी कर रहा है। छात्रावास में रहने वाले सभी लोगों के आधार कार्ड, राशन कार्ड भी बनवाने का काम विभाग करेगा जिससे उनकी पहचान मिल सकें। इसके साथ ही पुलिस वैरिफिकेशन भी करवाया जाएगा जिससे यह पता चल सके कि इनमें से किसी का कोई आपराधिक रिकॉर्ड तो नहीं है।

### योगाभ्यास के साथ खेलकूद भी

पुलिस की सहायता से इन्हें जगतपुरा स्थित राजपूत छात्रावास में लाया गया। जहां शरीर से गंदगी और जख्मों को दूर किया गया और फिर अब योगा, सत्संग और खेलकूद के इंतजाम किए गए। कैटरिंग के साथ फूड एंड बेवरेजेज सर्विस के गुर सिखाए जा रहे हैं, ताकि अपना रोजगार सृजन कर सकें।

इससे न केवल भिखारियों को इज्जत से दो पैसे कमाने का मौका मिलेगा बल्कि भिखारियों के नाम पर चलने वाले रैकेट पर भी रोक लगेगी। भिखारियों के जीवन में सुधार लाने के लिए यह पहल की जा रही है। इन्हें नौकरी के काबिल बनाने के लिए चरणबद्ध तरीके से उन्हें तैयार किया जाएगा। कई बार मजबूरी तो कई बार परिवार के दबाव की वजह से लोगों को दूसरों के सामने हाथ फैलाने पड़ते हैं। इसके बाद, ये लोग इस दलदल से बाहर नहीं निकल पाते। ऐसे में हमने पहले उनकी काउंसलिंग करने का फैसला किया है।
**- नीरज के पवन,** चेयरमैन, आरएसएलडीसी

# गोविंददेवजी मंदिर में भक्तों को मिलने लगा चंदन-तुलसी प्रसाद

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** षटतिला एकादशी के मौके पर श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूजा–अर्चना की। मंदिरों में विशेष झांकियां सजाई गई, ठाकुरजी के दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। शहर के आराध्य गोविंददेवजी मंदिर में एकादशी पर बड़ी संख्या में भक्तों ने दर्शन किए। मंदिर प्रवक्ता मानस गोस्वामी ने बताया कि ठाकुरजी की विशेष झांकी सजाई गई। लंबे समय बाद श्रद्धालुओं को चंदन और तुलसी प्रसाद भी दिया गया। हालांकि लड्डू प्रसाद अभी भी नहीं मिल रहा। सुभाष चौक पानों का दरीबा स्थित सरस निकुंज में महंत अलबेली माधुरी शरण के सानिध्य में ठाकुर राधा सरस बिहारी सरकार की विशेष झांकी सजाई गई। सरस निकुंज के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि ठाकुरजी को एकादशी के पद सुनाए गए। चांदनी चैक स्थित आनंकृष्ण बिहारी मंदिर में पुजारी मातृप्रसाद शर्मा के सान्निध्य में एकादशी की विशेष झांकी सजाई गई।

ANCHOR | पहल

# आमजन की तरह जेडीए अफसर बताएंगे सड़क-लाइट की समस्या

### शहर के विकास में अलग भूमिका निभाएंगे जेडीए कार्मिक

### जयपुर को विश्व स्तरीय सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए नई पहल

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**जयपुर।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के साथ-साथ राजधानी के लोगों का अब जेडीए अफसर-कर्मचारी ध्यान भी रखेंगे। साथ ही जेडीए कार्मिक शहर के विकास में अलग तरीके से भागीदारी भी निभाएंगे। जेडीसी गौरव गोयल की ओर से शुरू किए नवाचार का उद्देश्य जयपुर का चौतरफा विकास करना है ताकि शहर के लोगों को



विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हो सके। जेडीसी ने इस आशय को लेकर मंथन सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जेडीए अधिकारियों की बैठक ली। जेडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जोन क्षेत्र एवं निवास क्षेत्र में आंतरिक एवं बाहरी क्षेत्र में क्षतिग्रस्त फुटपाथ, ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइट्स, ट्रैफिक लाइट्स, विद्युतीकरण आदि कार्यो के पेच रिपेयर, मरम्मत, सुदृढ़ीकरण, सुधार के लिए संबंधित अधिकारी को सूचित करें।

### गुणवत्ता पर जोर देने को कहा

जेडीसी ने अभियंताओं को निर्देश दिए कि सड़क नवीनीकरण एवं सुदृढीकरण के समय गुणवत्ता पर विशेष फोकस करें। साथ ही सडक की क्वालिटी कंट्रोल के अधिकारियों से परीक्षण भी करवाएं

### जनसुनवाई के निर्देश

जेडीसी ने सभी जोन उपायुक्तों एवं अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन से जुड़े प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होंने इसके लिए कार्य दिवस में जनसुनवाई के समय शाम 4 से 6 बजे तक अपने कार्यालय में उपस्थित रहने को भी कहा गया है। साथ ही कार्मिकों में अनुशासन बनाए रखने के भी निर्देश दिए।

### योजनाओं का चिन्हिकरण करने को कहा

जेडीसी का कहना था कि जेडीए की ओर से निजी खातेदारी की पुरानी योजनाओं में 12.5 फीसदी रहन रखे भूखंडों की नीलामी कर योजनाओं में विकास कार्य करवाए जाएंगे। इसके लिए संबंधित जोन उपायुक्तों को ऐसी योजनाओं का चिन्हिकरण रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### सख्त एक्शन लेने के निर्देश

जेडीसी ने प्रवर्तन शाखा के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जेडीए की ओर से पूर्व में ध्वस्त की गई अवैध कॉलोनियों की सूची तैयार करें। सूची अनुसार ऐसी कॉलोनियों का सर्वे कर पुन: अवैध निर्माण पाए जाने पर फिर से कार्रवाई की जाए। साथ ही अवैध कॉलोनी बसाने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाए।

### निविदाएं आमंत्रित करें

**उन्होंने** लालकोठी एवं जालूपुरा के विधायक आवासों की भूमि की प्लानिंग करने के संबंध में निर्देश दिए कि भूमि पर निर्मित आवासों के स्ट्रक्चर ध्वस्त करने के लिए निविदाएं आमंत्रित करें।

उत्सुकताः राहुल गांधी का 12-13 का राजस्थान दौरा

# क्या एक बार फिर राहुल गांधी के साथ गहलोत के पास बैठेंगे सचिन

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** राजस्थान में सियासी संकट के बाद पहली बार 12 और 13 फरवरी को राजस्थान दौरे पर आ रहे राहुल गांधी इस दौरान कई निशाने साधेंगे। केन्द्र के तीनों कृषि बिलों के खिलाफ उतरे किसानों को साधकर यहां पार्टी की जमीन मजबूत करेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट तथा उनके खेमों के बीच बनी दूरी को पाटकर पार्टी को एक करने की कोशिश करेंगे। मंत्रिमण्डल विस्तार और राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर नाराज पार्टी विधायकों-नेताओं को संदेश भी देंगे।

राज्य में सियासी संकट के बाद प्रदेश कांग्रेस के नेता भले ही एकजुटता की बात करें लेकिन दोनों खेमों में दूरियां रह-रहकर सामने आती रही हैं। ऐसे में राहुल पर प्रदेश कांग्रेस को एकजुट करने और विधायकों-कार्यकर्ताओं को सत्ता में भागीदारी दिलाने की बड़ी जिम्मेदारी है। राहुल के दौरे से यह भी तय होगा कि खेमेबाजी दूर करने के लिए मंच पर वह दोनों गुटों के नेताओं को किस तरह महत्व देते हैं।



ऐसे में राहुल का यह दौरा प्रदेश कांग्रेस के आने वाले समय की दिशा तय करेगा।

### सभी में उत्सुकता, मंच पर पायलट होंगे या नहीं!

कृषि बिलों को लेकर किसानों का विरोध शुरू होने के बाद से ही राहुल के राजस्थान दौरे को लेकर अटकलें लगाई जा रही थी। लेकिन अब दौरा तय हो चुका है। ऐसे में प्रदेश कांग्रेस के नेताओं में अभी सबसे बड़ी चर्चा यही है कि राहुल के पास मंच पर किन बड़े नेताओं को जगह मिलेगी। ट्रैक्टर रैली में भी पायलट के साथ ट्रैक्टर पर कौन-कौन नेता सवार होंगे। राज्य में करीब सात माह पहले सियासी संकट उत्पन्न होने से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री के रिश्ते काफी तल्ख हो गए थे। वैसे प्रदेश की जनता करीब सात साल से राहुल के अगल-बगल मंच पर अशोक गहलोत और सचिन पायलट को ही देखती हुई आई है। अभी पायलट राज्य में सिर्फ विधायक हैं। ऐसे में उन्हें कहां स्थान मिलेगा। इस पर सभी की नजरें टिकी हैं।

## कांग्रेस विधायक दल की बैठक आज

**जयपुर @ जागरूक जनता।** विधानसभा सत्र को लेकर 10 फरवरी को कांग्रेस विधायक दल की बैठक होगी। मुख्यमंत्री निवास पर होने वाली इस बैठक में सदन में कांग्रेस की ओर से अपनाई जाने वाली रणनीति पर विचार होगा। विधानसभा में मुख्य सचेतक डॉ महेश जोशी ने कहा कि विधानसभा का बजट सत्र 10 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण से शुरू होगा। उसके बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद विवाद होगा। सदन की कार्यवाही कितने दिन चलेगी, यह बीएसी की बैठक में तय होगा।




### एसजी मीडिया एजेंसी को अभिनव मीडिया पुरुस्कार

**जयपुर @ जागरूक जनता।** यहां आयोजित एक समारोह में माय एफएम द्वारा एस जी मीडिया एजेंसी को अभिनव मीडिया एजेंसी पुरस्कार से सम्मानित किया। यह पुरुस्कार सम्मान एस जी के ऋषभ माहेश्वरी और सुयश सोमानी ने प्राप्त किया।

# नौटंकी करने में माहिर हैं प्रधानमंत्री मोदी-डोटासरा

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** कांग्रेस के ज्वॉइन कांग्रेस सोशल मीडिया कैंपेन की लॉचिंग के दौरान मीडिया से बातचीत में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए उन्हें नौटंकी करने में माहिर बता दिया। साथ ही डोटासरा ने यह भी कहा कि अगर आडंम्बर करने में सर्वश्रेष्ठ खिताब किसी व्यक्ति को दिया जा सकता है तो वो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। मोदी ब्रांडिंग करने में माहिर हैं। इतना कहने के साथ ही डोटासरा ने किसानों से जुड़े मुद्दे पर भी प्रधानमंत्री को घेरा। दरअसल, गुलाम नबी आजाद के फेयरवेल के दौरान सदन में प्रधानमंत्री के भावुक होने पर पीसीसी चीफ गोविन्द सिंह डोटासरा ने तीखी टिप्पणियां की। डोटासरा ने कहा कि प्रधानमंत्री को भावुक होना ही था तो किसानों के आन्दोलन को लेकर होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की कथनी और करनी में अंतर है, यह बात अब साफ हो चुकी है। डोटासरा ने कहा है कि नौटंकी करने में भाजपा के नेता माहिर हैं और उनमें भी नम्बर वन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। उन्होंने कहा कि जब राहुल गांधी जब उनसे गले मिलने लगे थे तब भी उनका यही रुप सामने आया था और नोटबंदी और जीएसटी लागू करने के दौरान भी प्रधानमंत्री का यही चरित्र सामने आया।

### किसान आंदोलन पर भी मोदी को घेरा

उधर किसान आन्दोलन को लेकर भी डोटासरा ने प्रधानमंत्री पर कई सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जब पहली बार लोकसभा गए थे तो उन्होंने लोकसभा की दहलीज को चूमा था लेकिन अब उसी लोकसभा में वे भारत की आत्मा किसानों के बारे में दो बात करने को भी तैयार नहीं है। डोटासरा ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री अपने कार्यों से कांग्रेस में बिखराव दिखाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन वे कामयाब नहीं हो पाएंगे।

## जार जयपुर शहर इकाई की कार्यकारिणी का गठन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा, प्रदेश महासचिव संजय सैनी की अनुशंषा पर जयपुर शहर इकाई की कार्यकारिणी का गठन किया गया। विकाश शर्मा जयपुर अध्यक्ष, रविन्द्र शेखर शर्मा को महासचिव बनाया गया है। इनके अलावा सुनील शर्मा को जयपुर प्रभारी, एस.एन. सोनी कोषाध्यक्ष, सुधीर शर्मा, दीपेन्द्र आमेरा, प्रदीप सिंह शेखावत, लोकेन्द्र शर्मा, कपिल गुप्ता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दीपशिखा शर्मा, जयराम शर्मा, रामगोपाल जाट, संजीव माथुर, अजय शर्मा को उपाध्यक्ष, शहनवाज अली, प्रवीण नासा, नवल शर्मा, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, जितेन्द्र मंडावरा को सचिव नियुक्त किया गया है। इसके अलावा महेश शर्मा संगठन सचिव, पुरुषोत्तम झा, संयुक्त सचिव, शिवराज गुर्जर, सांस्कृतिक सचिव, गजेन्द्र सिंह राठौड़ को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रीतेश गौतम, ओमप्रकाश शर्मा, अरुण राज रूंथला, गिरधारी पालीवाल, मुकेश शर्मा, अमित काला, दामोदर, मनोज अग्रवाल, मीनू शर्मा, रविकांत शर्मा, चेतन गोस्वामी, प्रमोद शर्मा, सीएम मारोठिया और संकेत जैन शामिल है।









सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश से परिजन नाखुश, स्कूलों ने किया स्वागत

# परिजनों को चुकानी होगी पूरी स्कूल फीस

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** सत्र 2020-21 की स्कूलों की फीस के संबंध सोमवार को आए सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश के बाद परिजनों में मायूसी छा गई। वहीं निजी स्कूलों ने इस आदेश का स्वागत किया है। अंतरिम आदेश के बाद परिजनों को पूरी स्कूल फीस चुकानी होगी। दरअसल, वर्तमान शिक्षण सत्र की फीस के मामले पर कुछ समय हाईकोर्ट ने आदेश देते हुए शिक्षा विभाग के निर्देश को लागू किया था। जिसके तहत जितना कोर्स, उतनी फीस लेने का नियम बनाया गया था। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के स्कूल 60 फीसदी व सीबीएसइ बोर्ड के स्कूल 70 फीसदी स्कूल फीस ले सकते थे। इस आदेश के विरोध में निजी स्कूल व परिजन सुप्रीम कोर्ट गए थे।

### करीब 35 हजार निजी स्कूलों को मिली राहत

**सुप्रीम** कोर्ट के अंतरिम आदेश से प्रदेश के 35 हजार से अधिक निजी स्कूलों को राहत मिली है। सत्र 2020-21। छह किस्तों में पांच अगस्त तक दे सकते हैं। अंतरिम आदेश के बाद निजी स्कूल साल 2020-21 में पूरी फीस ले सकेंगे। लेकिन, यह फीस साल 2019-20 की फीस के बराबर ही होगी। फीस बढ़ाई नहीं जा सकेगी। सौ फीसदी फीस छह किस्तों में 10 अगस्त तक चुकाई जा सकेगी।

**आज** स्कूलों के लिए बड़ा दिन है। पहला स्कूल खुल गए। दूसरा स्कूल सौ फीसदी फीस ले सकेंगे। तीसरा सरकार को स्कूलों को आरटीई का भुगतान एक महीने के अंदर करना होगा। कोर्ट के दोनों आदेश के बाद निजी स्कूलों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकेगा।
**- अनिल शर्मा**, स्कूल शिक्षा परिवार

**उच्चतम** न्यायालय ने स्कूलों को फीस लेने का अधिकार मानते हुए राज्य सरकार के आदेश को अनाधिकृत हस्तक्षेप मानते हुए यह अंतरिम आदेश जारी किया है। जिससे निजी स्कूलों को राहत मिलेगी।
**- दामोदर गोयल**, बोर्ड मेंबर, एसएमएस स्कूल

**माननीय** उच्च न्यायालय के आदेश से प्रदेश के दो करोड़ से अधिक अभिभावकों में भारी रोष है। केवल एक मत के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम आदेश दे दिए। संयुक्त अभिभावक संघ प्रत्येक अभिभावक के लिए वचनबद्ध और प्रतिबद्ध है, जो भी कानूनी प्रक्रिया शेष है उन सभी का उपयोग किया जाएगा, अगर कोर्ट में पीआईएल भी लगानी पड़ी तो वह भी लगाई जाएगी। अभिभावकों को ऐसे आदेश की आशा ही नहीं थी। उच्च न्यायालय ने केवल स्कूलों के साथ न्याय कर प्रदेश के दो करोड़ अभिभावकों के साथ अन्याय किया है।
**- अभिषेक जैन बिट्टू**, प्रदेश प्रवक्ता, संयुक्त अभिभावक संघ

वेस्ट-वे हाईट्स योजना के काश्तकारों के प्रस्तावों को मंजूरी

# 20 साल बाद शहर के नजदीक वेस्ट-वे हाईट्स की 'राह आसान'

**800 करोड़ रुपए की जेडीए को योजना से होगी आय**

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**जयपुर।** जेडीए की कार्यकारी समिति की बैठक हुई, इसमें वेस्ट-वे हाईट्स योजना सहित कई अन्य प्रस्ताओं पर चर्चा हुई। शहर के नजदीक अजमेर रोड पर करीब 121 हेक्टेयर की वेस्ट-वे हाईट्स योजना में करीब 20 साल बाद विकास की राह आसान होती नजर आ रही है। जेडीए ने बैठक में काश्तकारों की ओर से दिए गए प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है, वहीं इस योजना में विकास कार्य करवाने के लिए एक समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया। जेडीए आयुक्त गौरव गोयल ने बताया कि वेस्ट-वे हाईट्स योजना की सभी बाधाओं को दूर करते हुए शीघ्र विकास करने के लिए कार्यकारी समिति की बैठक में काश्तकारों की ओर से दिये गये प्रस्तावों को मंजूरी दी गई हैं। योजना में पार्क, बिजली, सीवर, सड़क एवं स्ट्रीट लाईट आदि मूलभूत सुविधाएं विकसित करने के लिए जेडीए सचिव को एक समिति गठित करने के निर्देश दिए, साथ ही निदेशक अभियांत्रिकी द्वीतीय को उक्त योजना में संपूर्ण विकास कार्य करवाने के लिए कहा है।

### 2002 से विवादों में रही योजना, अब सुलह

**शहर** की प्राइम लोकेशन अजमेर रोड पर करीब 121 हेक्टेयर की वेस्ट-वे हाईट्स योजना का विकास करवाया जाएगा। इस योजना के लिए वर्ष 1988 में प्रथम चरण में भूमि अवाप्त की गई थी, इसके बाद 2002 में दूसरे चरण में भूमि अवाप्त की गई। योजना से प्रभावित किसानों ने मुआवजे को लेकर कोर्ट में 25 याचिकाएं लगाई है, जिसमें से 11 याचिकाओं में सहमति बन रही है। प्रभावित किसानों को 25 फीसदी मुआवजा देने पर सहमति बनी है। इस योजना में कॉमर्शियल सहित अन्य भूखंड सृजित किए जाएंगे, जिससे जेडीए को करीब 800 करोड़ रुपए की आय होगी। इससे शहर का विकास होगा।

ANCHOR रोडमैप

# प्रदेश में एक जैसे बनेंगे कांग्रेस के ऑफिस

**अब प्रदेश से लेकर ब्लॉक तक एक डिजाइन के दफ्तर बनेंगे**

**राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पवन बंसल ने जयपुर आकर कांग्रेस की प्रॉपर्टीज का ब्यौरा लिया**

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**जयपुर।** बीजेपी की तर्ज पर अब कांग्रेस भी जिला और ब्लॉक स्तर पर अपने दफ्तरों के भवन बनाएगी। इसके लिए कांग्रेस ने प्रदेश भर में प्रॉपर्टी ऑडिट करवाया है। प्रॉपर्टी ऑडिट में राजधानी, जिला, ब्लॉक और पंचायत लेवल तक पार्टी के दफ्तर और जमीन का ब्यौरा तैयार किया है। यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल की अध्यक्षता वाली कमेटी ने यह ब्यौरा तैयार किया है। प्रॉपर्टी ऑडिट के बाद अब कांग्रेस ने राजधानी, जिला और ब्लॉक स्तर तक खुद के भवन बनाने का रोडमैप तैयार किया है। कांग्रेस लंबे समय तक देश प्रदेश में सत्ता में रही लेकिन अब भी राजधानी जयपुर तक में जिला कांग्रेस कमेटी का दफ्तर तक किराए के भवन में ही चल रहा है। बहुत से जिला और ब्लॉक के दफ्तर भी किराए के भवनों में हैं। प्रदेश में कांग्रेस सत्ता में है इसलिए अब पार्टी दफ्तरों के लिए सभी जगह खुद के भवन बनाने का फैसला किया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पवन बंसल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से मिलकर कांग्रेस की प्रॉपर्टी और नए दफ्तर के लिए बिल्डिंग बनाने के एक्शन प्लान पर चर्चा की।




### पवन बंसल ने कहा- सब जगह एक डिजाइन के दफ्तर बनेंगे

**कांग्रेस** के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पवन बंसल ने कहा कि हमने जमीनों का ब्यौरा तैयार करवाया है। इसमें यह पता किया गया है कि कहां-कहां जमीन है। उस पर किसी का कब्जा तो नहीं है। किसी तरह का टैक्स तो बकाया नहीं है। पार्टी अपनी जमीनों पर अच्छे दफ्तर बनाएगी। प्रदेश से लेकर ब्लॉक तक एक ही डिजाइन के दफ्तर बनाए जाएंगे। जरूरत पड़ी तो कई जगह बिल्डर्स की मदद लेकर भवन बनाए जाएंगे। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस के दफ्तरों की हालत के बारे में हमने डेटा इकट्ठा किया है। कांग्रेस अध्यक्ष चाहती हैं कि जिला और ब्लॉक स्तर पर कांग्रेस के दफ्तर बनें, इसीलिए पवन बंसल आए हैं, जल्द इस पर काम शुरू होगा।






### बुधवार, फरवरी 10/02/2021

**सूर्योदय :** 07:10 **सूर्यास्त :** 18:11
**चन्द्रोदय :** 06:07 **चन्द्रास्त :** 16:50
**शक सम्वत :** 1942 सरवरी **अमान्ता महीना :** पौष **पूर्णिमांत :** माघ **सूर्य राशि :** मकर **चन्द्र राशि :** मकर **पक्ष:** कृष्ण
**तिथि :** चतुर्दशी, 25:12 तक **वार :** बुधवार
**शक सम्वत :** 1942 शर्वरी **विक्रम सम्वत :** 2077 प्रमादी **गुजराती सम्वत :** 2077 परिधावी **द्रिक ऋतु:** शिशिर **वैदिक ऋतु :** हेमन्त **द्रिक अयन :** उत्तरायण **वैदिक अयन :** उत्तरायण



**ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री**
अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

### नक्षत्र, योग तथा करण

**नक्षत्र :** उत्तराषाढ़ा, 14:06 तक
**योग :** व्यतिपाता, 29:03 तक
**प्रथम करण :** विष्टि, 13:37 तक
**द्वितिय करण :** सकुना, 25:12 तक

### अशुभ समय

**ब्रह्म मुहूर्त :** 05:24 ए एम, फरवरी 11 से
**सन्ध्या :** 05:49 ए एम, फरवरी 11 से
विजय मुहूर्त : 02:33 पी एम से
**गोधूलि मुहूर्त :** 06:04 पी एम से
**सायाह्न सन्ध्या :** 06:15 पी एम से
**अमृत काल :** 07:55 ए एम से
**निशिता मुहूर्त :** 12:15 ए एम, फरवरी 11 से

### दिन का चौघड़िया

| | |
|---|---|
| लाभ | : 07:10 - 08:32 |
| अमृत | : 08:32 - 09:55 |
| काल काल वेला | : 09:55 - 11:17 |
| शुभ | : 11:17 - 12:40 |
| रोग वार वेला | : 12:40 - 14:03 |
| उद्वेग | : 14:03 - 15:25 |
| चार | : 15:25 - 16:48 |
| लाभ | : 16:48 - 18:10 |

### रात का चौघड़िया

**उद्वेग :** 18:10 - 19:48
**शुभ :** 19:48 - 21:25
**अमृत :** 21:25 - 23:02
**चार :** 23:02 - 24:40
**रोग :** 24:40 - 26:17
**काल :** 26:17 - 27:54
**लाभ :** 27:54 - 29:32
**उद्वेग :** 29:32 - 31:09

### निवास और शूल

| | |
|---|---|
| दिशा शूल | : उत्तर में |
| राहु काल वास | : दक्षिण-पश्चिम में |
| होमाहुति | : केतु |
| चन्द्र वास | : दक्षिण |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

### आज चतुर्दशी तिथि को करें कौन सा कार्य

चतुर्दशी भी रिक्ता तिथि है इसलिए इस दिन भी कोई भी नया, मांगलिक कार्य वर्जित है।

### बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

## सम्पादकीय

# आतंकवाद के खिलाफ

यह सूचना बहुत नहीं चौंकाती कि ईरानी सेना के जवान पाकिस्तान से अपने दो साथियों को छुड़ा ले गए हैं। पाकिस्तान चूंकि आतंकवादियों की पनाहगाह बना हुआ है, इसलिए उस पर पड़ोसी देशों द्वारा सर्जिकल स्ट्राइक कतई चिंता की बात नहीं। ईरान की ओर से यह खबर चली है, लेकिन पाकिस्तान शायद इस पर चुप्पी बरतते हुए आलोचना और निंदा से बचना चाहता है। ईरान भी शायद अभियान पूरा होने के बाद हो-हल्ले से बचेगा, क्योंकि इमरान खान के समय ईरान के साथ पाकिस्तान के संबंध कुछ ठीक बताए जाते हैं। ऐसे में, इस सैन्य अभियान की पूरी सच्चाई शायद ही सामने आएगी। बहरहाल, ईरान के रेवॉल्यूशनरी गार्ड्स पाकिस्तान में आतंकियों के कब्जे से अपने दो साथियों को मुक्त करा ले गए हैं, तो उनकी इस कार्रवाई को गलत नहीं ठहराया जा सकता। ईरान के 12 सैनिकों का 2018 में अपहरण किया गया था। 12 में से कम से कम नौ सैनिकों की रिहाई हो गई थी और अपने बाकी जवानों को बचाने के लिए ईरान आतंकी संगठन जैश उल-अदल को काफी समय से चेतावनी देता आ रहा था, लेकिन जब पानी सिर के ऊपर से निकलने लगा, तब ईरान ने मंगलवार रात सैन्य कार्रवाई को अंजाम दिया। अगर ईरान के गार्ड्स ने वाकई पाकिस्तान में घुसकर इस सैन्य कार्रवाई को अंजाम दिया है, तो यह इस पूरे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण घटना है। पाकिस्तान को अपने यहां ऐसी घटनाओं या अपनी बेइज्जती पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। ओसामा बिन लादेन जैसे खूंखार आतंकी को अमेरिका ने पाकिस्तान में ही मार गिराया था, लेकिन उसके बावजूद पाकिस्तान आतंकवादियों की पनाहगाह बना हुआ है। जैश उल-अदल या जैश अल-अदल एक आतंकी संगठन है, जो मुख्यत- दक्षिणी-पूर्वी ईरान में सक्रिय है, लेकिन इसका आधार पाकिस्तान में है। आदर्श स्थिति तो यही थी कि ऐसे आतंकी शिविरों का पाकिस्तान खुद खात्मा करता, लेकिन पाकिस्तान जब आतंकियों के खिलाफ वाजिब कदम नहीं उठाता है, तब अमेरिका, भारत या ईरान जैसे देशों को आगे बढ़कर सही फैसला करना पड़ता है। पाकिस्तान अगर अपनी जमीन का दुरुपयोग नहीं रोकेगा, तो उसे आने वाले दिनों में ऐसे ही शर्मसार होने से कोई बचा नहीं पाएगा? हालांकि, सवाल यह भी है कि क्या पाकिस्तान को ऐसी घटनाओं पर शर्म आती है? अगर आतंकी गतिविधियों को बढ़ाते हुए शर्म का एहसास नहीं होता, तो जाहिर है, दूसरे देशों की सैन्य कार्रवाई पर गुस्सा जरूर आता होगा, लेकिन शायद शर्म नहीं। यही पाकिस्तान में गिरावट की मूल वजह है। आज जैसी दुनिया है, कोई भी देश अपने किसी पड़ोसी की आतंकी कार्रवाई को नहीं झेलेगा। क्या चीन अपने 'आयरन ब्रदर' पाकिस्तान की आतंकी गतिविधियों को अपने यहां बर्दाश्त करेगा? पाकिस्तान को आज नहीं कल सुधरना ही पड़ेगा। पत्रकार डेनियल पर्ल के हत्यारे को पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट ने रिहा कर दिया, इससे दुनिया में क्या संदेश गया है? जो देश घोषित आतंकवादियों और अपने असली दुश्मनों को पहचानने में नाकाम हो रहा है, उसे राह दिखाने की पहल दुनिया को करनी चाहिए। चीन आतंकवाद का दर्द नहीं जानता या अनजान बने रहने में अपना फायदा देखता है, पर अमेरिका भुक्तभोगी है, उसे आगे आकर पाकिस्तान में सुधार की चौतरफा कोशिशें करनी चाहिए।

**जैसे ही आपके मन में कोई भी हिंसक, नकारात्मक या असत्य विचार आने लगें, तो इन विचारों के मन में प्रवेश करने से पहले ही इन्हें रोकें और इनके स्थान पर अहिंसा, सच्चाई और सौहार्दपूर्ण भावनाओं को मन में आने दें।**

# विचारों को बदलें, तो अपना जीवन भी बदलेगा

**श्याम माथुर**
वरिष्ठ पत्रकार



**नकारात्मक विचारों से अपने आपको बचाएं और इनके स्थान पर सकारात्मक विचारों, छवियों और अनुभवों को अपने जीवन में लागू करें। इस तरह जीवन रूपी नौका की पतवार एक बार फिर आपके हाथों में होगी और आप पहले से बेहतर तरीके से जीवन को जी सकेंगे।**

आजकल ज्यादातर लोग यही शिकायत करते हैं कि उनके जीवन में नकारात्मकता बुरी तरह हावी है अर्थात दुनिया की हर चीज में उन्हें नकारात्मकता नजर आने लगती है। वे यह भूल जाते हैं कि हम जैसे विचार रखते हैं, हम जैसा सोचते हैं, वैसा ही हमारा व्यक्तित्व बन जाता है। हमारा व्यक्तित्व और हमारे कार्य विचार के स्तर से ही शुरू होते हैं। ज्ञानी हमेशा हमें अपने विचारों और कार्यों से अवगत होने के लिए हमें सलाह देते हैं। हर कार्य पूरी सजगता के साथ किया जाना चाहिए, और इसकी शुरुआत कहाँ से होती है? जी हाँ, विचारों के स्तर पर। वर्तमान महामारी के दौर की ही बात करें, तो ज्यादातर लोग वायरस के वास्तविक भय से अधिक मृत्यु से डरते नजर आए। क्या हमने कभी सोचा कि मृत्यु के बारे में विचार करने की बजाय हमारा दिमाग पहले ठीक होने के बारे में क्यों नहीं सोचता? ऐसा इसलिए है क्योंकि सकारात्मक विचारों की तुलना में नकारात्मक विचार आसानी से हमारे सामने आ जाते हैं।

चूंकि नकारात्मक विचार आसानी से हमारे मन-मस्तिष्क में आ जाते हैं, इसलिए हमें इन नकारात्मक विचारों से छुटकारा पाने के लिए सचेत प्रयास करने चाहिए, ताकि हमारा मन और हमारा मस्तिष्क हमेशा सकारात्मक विचारों से पल्लवित होता रहे। इसके लिए हम प्रतिपक्ष भावना का अभ्यास कर सकते हैं, जिसके तहत नकारात्मक विचारों की पहचान करने और उनके स्थान पर सकारात्मक को अपनाने की बात की जाती है। मन से जुड़ा एक व्यावहारिक व्यायाम है, जिसे आसानी से लागू किया जा सकता है और वह यह कि जैसे ही आपके मन में कोई भी हिंसक, नकारात्मक या असत्य विचार आने लगें, तो इन विचारों के मन में प्रवेश करने से पहले ही आप इन्हें रोकें और इनके स्थान पर अहिंसा, सच्चाई और सौहार्दपूर्ण भावनाओं को मन में आने दें। इस विशेष अभ्यास के लिए लगातार प्रयास और समय की आवश्यकता होती है, ताकि आप इसे अपनी एक आदत और सोचने का एक नियमित तरीका बना लें।



अनेक बार ऐसा होता है कि जब भी हमें कहीं पहुंचने में देर हो जाती है, तो वहां पहुंचने के तुरंत बाद हम जो कुछ भी हम चूक गए हैं, उसे पकड़ने और दूसरों से जुड़ने की कोशिश करते हैं, चाहे वह कोई मीटिंग हो या फिर योग कक्षा। हालाँकि यह गलत है। दरअसल हमें अनुकूलन की तकनीक का अभ्यास करना चाहिए। किसी भी काम को शुरू करने से पहले, या अगर हम किसी जगह पर पहुँचते हैं, या जब बहुत अधिक विचार हमारे मस्तिष्क में आ रहे हैं, तो हम अनुकूलन का अभ्यास कर सकते हैं।

इसके लिए आपको बस इतना करना है कि ध्यान की किसी भी स्थिति में बैठें या अगर आप अपने दफ्तर में हैं, तो एक कुर्सी पर बैठें। कुछ मिनट के लिए अपनी आँखें बंद करें और अपनी सांसों पर ध्यान लगाएं। यह प्रयास आपको अपनी सांसों को नियंत्रण में लाने में मदद करेगा, जो इसलिए अनियंत्रित हो गई हैं, क्योंकि आपको किसी विशेष स्थान पर पहुंचने में देर हो गई है और आप भागते-दौड़ते वहां पहुंचे हैं। एक बार जब श्वास नियंत्रण में आ जाती है, तो आपका दिमाग तुरंत शांत हो जाएगा और उस खास पल में मौजूद रहेगा।

मन और मस्तिष्क से जुड़ी दोनों तकनीक हालांकि चुनौतीपूर्ण हैं, लेकिन अभ्यास में बेहद सरल और आसान हैं। इन तकनीकों के सहारे हम अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल सही दिशा में कर सकते हैं और अपने मन-मस्तिष्क को इस योग्य बना सकते हैं कि हर स्थिति में उनमें केवल अच्छाई और सकारात्मकता से सराबोर विचार ही आएंगे। धीरे-धीरे, आप महसूस करेंगे कि अब नकारात्मक विचार आपको परेशान नहीं करते हैं। यहां तक कि वे जानते हैं कि आप जल्द ही उन्हें सकारात्मक विचारों के साथ बदल देंगे, इसलिए वे पूरी तरह से आपसे किनारा कर लेते हैं।

अपने क्रोध पर काबू रखने के लिहाज से भी ये दोनों सरल तकनीकें पर्याप्त हैं और इस तरह आप एक स्थिर और शांतिपूर्ण स्थिति को हासिल करने में सफल रहते हैं। नियमित अभ्यास से, आप अपने मन को पूरी तरह बदलने में सक्षम होंगे और अब समस्त परिस्थितियों में आप केवल सकारात्मक पहलू ही देख पाएंगे। अगर आप हमेशा इस स्थिति में रहना चाहें, तो प्रतिज्ञान, और सकारात्मक और उत्थान संगीत की मदद भी ले सकते हैं।

बस, अपने विचारों को नकारात्मक से सकारात्मक में बदलकर, आप अपने जीवन को पूरी तरह से रूपांतरित कर सकते हैं! इसके बाद आप पाएंगे कि आपके जीवन में तनाव और चिंता के लिए कोई जगह नहीं है। साथ ही, आपका मानसिक स्वास्थ्य भी और बेहतर होगा और आप अपने रिश्तों में भी सुधार देखेंगे। तो अगली बार जब भी आपके मन में कोई सवाल या शंकाएं हो, जैसे 'मुझे विफल होने का डर है', या 'मैं अपने बॉस से नाराज और निराश क्यों हूं?' या फिर 'मैं हर समय उलझन में क्यों रहता हूँ?' तो ऐसे नकारात्मक विचारों से अपने आपको बचाएं और इनके स्थान पर सकारात्मक विचारों, छवियों और अनुभवों को अपने जीवन में लागू करें। आप देखेंगे कि जीवन रूपी नौका की पतवार एक बार फिर आपके हाथों में है और आप पहले से बेहतर तरीके से दुनिया रूपी समंदर में अपनी नौका को आगे बढ़ाने में कामयाब हो रहे हैं।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

## साप्ताहिक राशिफल

**आचार्य राजेश शास्त्री**



माघ, कृष्ण, चतुर्दशी, 2077
बुधवार, 10 - 16 फरवरी, 2020

**मेष** – **बजट** का ध्यान रखें खर्च बढ़ सकता है। कामकाज निपटाने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है।

**वृषभ** – स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा। सफलता के योग बने हैं। नौकरी, व्यवसाय के लिए की गई कोशिश सफल रहेगी।

**मिथुन** – **आय** के नए रास्ते खुलेंगे। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। अल्प प्रयासों से यश प्राप्त करेंगे।

**कर्क** – कार्यस्थल पर परिस्थितियां सुखद रहेंगी। मानसिक उथल-पुथल से राहत पाएंगे। धन प्राप्ति से मन प्रसन्न होगा।

**सिंह** – **मुश्किल** हालातों का सामना करना पड़ सकता है। किसी प्रिय व्यक्ति द्वारा कष्ट मिल सकता है।

**कन्या** – **व्यापार** में फायदे का योग बना है। आय के नए साधन प्राप्त होंगे। अजनबी व्यक्ति द्वारा सहयोग मिलेगा।

**तुला** – **संघर्ष** के बाद सफलता कदम चूमेगी। परिवार की तरफ से आपको शुभ समाचार प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** – **किसी** बात को लेकर चिंतित रहेंगे। यात्रा करनी पड़ सकती है। प्रयास करते रहें, विलंब से सफलता मिलेगी।

**धनु** – **प्रियजनों** से मनमुटाव हो सकता है। कर्ज के लेन-देन से बचें, सोच समझकर ही मित्रता करें।

**मकर** – कारोबार में कोई शुभ समाचार प्राप्त होगा। आज शत्रु आपके सामने टिक नहीं पाएंगे।

**कुंभ** – कोई पुरानी इच्छा पूर्ण होगी। साहस मनोबल एवं प्रयास से कार्यों में सफलता का योग है।

**मीन** – **भाई-बंधुओं** से सहयोग मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में प्रगति होगी। कारोबार में लाभ बढ़ेगा।

# अब जल्द हो समाधान

भारत में पिछले वर्ष से ही चल रहा किसान आंदोलन दुनिया का ध्यान अगर अपनी ओर खींचने लगा है, तो यह न केवल विचारणीय, बल्कि चिंताजनक भी है। दुनिया की तमाम सरकारें जानती हैं कि भारत में कृषि कानून संसद में बहस के बाद बहुमत से पारित हुए हैं। इसलिए कुछेक देशों की सरकारों या जिम्मेदार नेताओं के अलावा किसी की टिप्पणी देखने में नहीं आई थी, पर जब चर्चित गायिका रिहाना, पर्यावरणविद् ग्रेटा थनबर्ग और अमेरिकी उपराष्ट्रपति की एक रिश्तेदार की टिप्पणी किसान आंदोलन के समर्थन में आई, तब भारतीय विदेश मंत्रालय का चौंकना वाजिब था। ये ऐसी हस्तियां हैं, जिनकी टिप्पणी करोड़ों लोगों के बीच चर्चा की वजह बनती हैं। ऐसे में, आंदोलन के समर्थकों को जरूर अच्छा लगा होगा, लेकिन विदेश मंत्रालय की तीखी प्रतिक्रिया स्वाभाविक है। विदेश मंत्रालय ने साफ कहा है कि सोशल मीडिया पर सनसनीखेज टिप्पणी से लुभाने का तरीका, खासकर जब टिप्पणी मशहूर हस्तियों और अन्य लोगों द्वारा की गई हो, न तो सटीक है और न ही जिम्मेदाराना। विदेश मंत्रालय ने ऐसी टिप्पणी करने वालों को सावधान करते हुए कहा है कि इस तरह के मामलों में टिप्पणी करने से पहले हम आग्रह करते हैं, तथ्यों का ढंग से पता लगाया जाए और मुद्दों को सही ढंग से समझा जाए। चिंता की बात यह है कि किसान आंदोलन के जरिए केंद्र सरकार की आलोचना कहीं पूरे भारत की आलोचना में न बदल जाए। ऐसा अक्सर देखने में आता है कि किसी देश में घटने वाली एक घटना का खामियाजा उस पूरे देश को भुगतना पड़ता है। भारत सरकार इसी वजह से ज्यादा गंभीर दिख रही है, तो आश्चर्य नहीं। पिछले दिनों कुछ देशों से ऐसी सूचनाएं आई हैं कि महात्मा गांधी की मूर्तियों को भी नुकसान पहुंचाया गया है। अगर भारत सरकार का विरोध दुनिया के सोशल मंचों पर तेज होता है, तो यह एक तरह से भारत का भी विरोध होगा। हमें समझना-समझाना होगा, भारत के किसानों के साथ दुनिया के अनेक देशों के किसानों की तुलना वाजिब नहीं है। बहुत सारी सुविधाएं और सम्मान हैं, जो भारत में किसानों को नसीब हैं। जो कृषि सुधार भारत अब कर रहा है, वैसे सुधार दुनिया के कई देश पहले ही कर चुके हैं। ऐसे देशों में अमेरिका भी शामिल है। अत- कृषि कानूनों, वार्ता की कोशिशों और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को समझने के बाद ही किसी को टिप्पणी करनी चाहिए। हालांकि, सोशल मीडिया की भेड़चाल में हर किसी के पढ़े-लिखे होने की उम्मीद कैसे की जाए? भारतीय कर्णधारों को तैयार रहना चाहिए, आने वाले दिनों में सोशल मीडिया तकलीफ दे सकता है। कुल मिलाकर, किसान आंदोलन को मिल रहा अंतरराष्ट्रीय वांछित-अवांछित समर्थन और उस पर विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया कोई ऐसी बात नहीं, जिससे हमारा गौरव बढ़े। समस्या का समाधान मिल बैठकर जल्द से जल्द करना होगा। लंबे समय तक लड़ने की तैयारी दर्शाना न किसानों के लिए ठीक है, न सरकार के लिए। दोनों की लड़ाई में देश के सम्मान की फिक्र सबसे ऊपर रहनी चाहिए। विदेश से आने वाली प्रतिक्रियाओं की परंपरा मजबूत हुई, तो विपक्षी दलों पर भी भारी पड़ेगी। सोशल मीडिया में जो पूंजी निवेश दुनिया की तमाम कंपनियों, पार्टियों ने किया है, उसका खामियाजा कमोबेश सबको भुगतना पड़ेगा। परिवेश के और प्रदूषित होने से पहले ही समाधान निकाल लेना चाहिए।

**सोशल मीडिया की भेड़चाल में हर किसी के पढ़े-लिखे होने की उम्मीद कैसे की जाए? भारतीय कर्णधारों को तैयार रहना चाहिए, आने वाले दिनों में सोशल मीडिया तकलीफ दे सकता है। कुल मिलाकर, किसान आंदोलन को मिल रहा अंतरराष्ट्रीय वांछित-अवांछित समर्थन और उस पर विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया कोई ऐसी बात नहीं, जिससे हमारा गौरव बढ़े। समस्या का समाधान मिल बैठकर जल्द से जल्द करना होगा। लंबे समय तक लड़ने की तैयारी दर्शाना न किसानों के लिए ठीक है, न सरकार के लिए। दोनों की लड़ाई में देश के सम्मान की फिक्र सबसे ऊपर रहनी चाहिए। विदेश से आने वाली प्रतिक्रियाओं की परंपरा मजबूत हुई, तो विपक्षी दलों पर भी भारी पड़ेगी।**

**- चेतेन्द्र मिश्रा**

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज ।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



यह सम्पूर्ण जगत परब्रह्म परमेश्वर से परिपूर्ण है। वह सर्वव्यापी इसमें सर्वत्र प्रविष्ठ है। वह सबके हृदय में स्थित है। वह अपनी योगमाया के पर्दे में छिपा हुआ है। शुद्ध बुद्धि सम्पन्न साधक नित्य निरंतर उसके चिंतन में संलग्न रहकर उस सनातन देव को प्राप्त करते हैं। परब्रह्म परमेश्वर अणु से भी अणु और महान से भी महान होते हुए सर्वव्यापी है, अचिन्तय शक्ति हैं। वह अपने नित्य परमधाम में रहते हुए भी जगत में साकार रूप में प्रकट होते हैं। वह सदा सर्वदा सर्वत्र स्थित है। प्राणियों के अनित्य और विनाशशील परीरों में समभाव में स्थित रहते हुए इन शरीरों से सर्वथा रहित भी हैं। जीवात्मा नित्य चेतन ज्ञान स्वरूप है, अनित्य नाशवान जड़ शरीरों और भोगों से वास्तव में इसका कोई सम्बन्ध नहीं है। यह अनादि और अनन्त है। न तो इसका कोई कारण है और न कार्य ही। अतः यह जन्म-मरण से सर्वथा रहित सदा एक रस, सर्वथा निराकार है। शरीर के नाश से इसका नाश नहीं होता। जो लोग इसको मारने वाला या मरने वाला मानते हैं, वे वस्तुतः आत्म स्वरूप को नहीं जानते। परब्रह्म पुरुषोत्तम उस जीवात्मा के अत्यंत समीप जहां वह स्वयं रहता है, वहीं हृदय में छिपे हुए रहते हैं, तो भी यह जीवात्मा उनकी ओर नहीं देखता। मोहवश शरीर को अपना मानकर इसी में आसक्त और भोगों में भूला रहता है और परिणाम स्वरूप सुख दुःख भोगता है। अन्तर्यामी परमात्मा जीवात्मा के साथ ही रहता है, किन्तु असंग और अभोक्ता है। कर्मफल जीवात्मा भोगता है। **क्रमशः**

# आखिर कैसे तय और दर्ज हो गृह कार्यों का मोल

**सौम्या कपूर मेहता, वरिष्ठ अर्थशास्त्री**

जनवरी में सुप्रीम कोर्ट ने एक बीमा कंपनी को निर्देश दिया कि वह बीमा राशि का निर्धारण करते हुए उस गृहिणी के उन तमाम अवैतनिक कार्यों को ध्यान में रखे, जो वह जीवित रहते करती थी। यह एक स्वागतयोग्य कदम था, लेकिन सवाल है कि हम महिलाओं के अवैतनिक कार्यों को कैसे मापेंगे? निश्चित रूप से महिलाओं द्वारा निभाई जाने वाली घरेलू और देखभाल संबंधी भूमिकाओं से मौद्रिक मूल्य को जोड़ा जा सकता है। जब महिलाएं देखभाल या घरेलू कार्य के लिए समय निकालती हैं, तब किसी तरह के भुगतान से वंचित हो जाती हैं। साथ ही, घर के काम में लगने से सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी भी बाधित होती है। उनके अवकाश का समय भी कम हो जाता है। इसके अलावा ऐसे प्रमाण हैं कि घरेलू जिम्मेदारियों के चलते महिलाओं को असंगठित क्षेत्र में कम-गुणवत्ता वाली नौकरियां मिलती हैं। अनेक अनुमान बताते हैं कि लगभग 94 प्रतिशत महिलाएं असंगठित क्षेत्र में काम करती हैं। महिलाओं और लड़कियों द्वारा किए गए अवैतनिक कार्य मौलिक रूप से उनके जीवन में आए मौकों को जाया कर देते हैं। हालांकि, महिलाओं को अवैतनिक कार्य के लिए क्षतिपूर्ति करने की दिशा में कम से कम पांच चुनौतियां हैं। पहली, घरेलू काम के लिए समझौते का क्या मूल्य है? एक विकल्प यह है कि ऐसे काम के लिए बाजार दर के हिसाब से मूल्य तय किया जाए। यहां चुनौती बड़ी है, उदाहरण के लिए, क्या हम एक मां को बच्चे की देखभाल के लिए बाजार दर से मजदूरी दे सकते हैं? देखभाल के अनेक पहलू हैं, जो मूल्यांकन के दौरान छूट सकते हैं। दूसरी, जब समय-समय पर सर्वेक्षण किए जाते हैं, तब महिलाओं की अनेक घरेलू गतिविधियां दर्ज नहीं हो पाती हैं। खुद महिलाएं गृह कार्य को काम के रूप में नहीं लेती हैं (क्योंकि उन्हें इसके लिए भुगतान नहीं किया जाता)। तीसरी, महिलाएं अवैतनिक और भुगतान वाले कार्य साथ-साथ करती रहती हैं। एक महिला अपने बच्चे की देखभाल भी कर रही होती है और लगे हाथ मछली भी तैयार कर रही होती है, ताकि उसका पति हाट में बेच सके। सर्वेक्षण में जब पूछा जाता है, तब महिलाएं अपने दो तरह के कार्यों के बीच अंतर नहीं कर पाती हैं।

चौथी, गृह कार्य को एक महिला के लिए नौकरी घोषित करने में भी समस्या है। इससे गृहिणी की पहचान घरेलू कामगार के रूप में और पुरुषों की पहचान रोटी कमाने वाले के रूप में बनने का जोखिम है। आज यह महत्वपूर्ण नीतिगत चिंता है कि बहुत महिलाएं श्रम बल से बाहर हैं, ऐसे में, स्थिति सुधारने के लिए किसी भी पितृसत्तात्मक ढांचे से मदद नहीं मिल सकती। पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे के आंकड़े बताते हैं कि भारत में एक चौथाई से भी कम महिलाएं काम के लिए उपलब्ध हैं या काम कर रही हैं। महामारी के बाद इसमें और गिरावट आई है। सवाल है कि अवैतनिक गृह कार्य की भरपाई कौन करे? एक दशक पहले यह मांग थी कि पति अपनी पत्नी को घर काम के लिए भुगतान करे। इस मांग को महिला और बाल विकास मंत्रालय ने अस्थिरता की वजह से नामंजूर कर दिया था। घर में पति से पत्नी को पैसे का हस्तांतरण आसान नहीं हो सकता। इसके लिए अधिक सावधानी से बनाई गई राज्य समर्थित नीति के बारे में सोचना पड़ सकता है। तो क्या कर सकते हैं? पहला कदम यह हो कि घरेलू और देखभाल कार्य के लिए उचित मूल्य निर्धारण के तरीके सोचे जाएं। गृह कार्य में लगी महिलाओं के आंकड़े उपलब्ध हों। इससे विशेष रूप से महिलाओं के हित में श्रम बाजार की नीतियां बनाने में मदद मिलेगी। सरकार को भी गैर-बाजार हाउसहोल्ड अर्थव्यवस्था की गणना में मदद मिलेगी। ऐसे सर्वेक्षण और डाटा में निवेश की जरूरत पड़ेगी, ताकि श्रम बल को मजबूती मिले और महिलाओं के कार्य सबको दिखें। भारतीय महिलाओं पर देखभाल कार्य का भारी बोझ है और वे तब तक इससे मुक्त नहीं हो सकतीं, जब तक मातृत्व अधिकारों को सार्वजनिक रूप से सार्वभौमिक नहीं बनाया जाता। घरेलू कार्य के मुद्रीकरण से ज्यादा जरूरी है महिलाओं के घरेलू दायित्वों को साझा करना। उनके अधिकार व सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए यह महत्वपूर्ण है। (ये लेखिका के अपने विचार हैं)

## जागरूक Selfie विद डॉटर



लक्षिता डॉटर सपना-सुरेन्द्र, झुंझुनूं

## हमे लिखे

**आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।**

**daughterwithselfy@gmail.com**

सम्पर्क करें : **9829329070, 9928022718**

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-2338070

जागरूक न्यूज

झूलेलाल मंदिर में सम्मान समारोह

# आज की महिला किसी से कम नहीं-राजबाला



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

**जयपुर।** पूज्य सिंधी पंचायत संस्थान श्रीसंत बाबा मेहरदास ट्रस्ट ने महिला थाना पश्चिम की एसएचओ राजबाला का सम्मान किया। मुरलीपुरा स्कीम स्थिति झूलेलाल मंदिर में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान गरीब महिलाओं को सहायता सामग्री का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि झूलेलाल मंदिर में प्रत्येक माह की 5 तारीख को परित्यक्ता, विधवा, गरीब एवं बेसहारा महिलाओं आटा, चीनी, दाल एवं जरूरत का घरेलू सामान सहायता स्वरूप उपलब्ध करवाया जाता है। आमजनता में अपने कार्यों से लोकप्रिय महिला थाना एसएचओ राजबाला ने अपने संबोधन में कहा कि आज महिलाएं चौके चूल्हे तक ही सीमित नहीं है। अब महिलाएं पुरुष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। मां-बाप को बच्चियों की बात और शिकायतों को घर में ध्यान से सुनना चाहिए। उन्हें बेड टच और गुड टच के बारे में बताना चाहिए, ताकि वे अपनी शिकायत को घर में बता सकें। इन्होंने महिलाओं के विभिन्न अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर संस्था पदाधिकारियों ने राजबाला का दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर चन्द्र प्रकाश खेतानी एवं पूज्य सिंधी पंचायत मुरलीपुरा के अध्यक्ष लोकचंद हरीरामानी ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सभी आगंतुक अतिथियों का दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कैलाश, नारायण, दौलतराम, बाबूलाल, छबलदास एवं भूमि कृपलानी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# राधागोविंद पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट ने निर्धन लोगों को बांटी राशन सामग्री



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** सुश्री श्रीधरी दीदी की अध्यक्षता में संचालित राधागोविंद पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट,जयपुर द्वारा दिनाँक 8 फरवरी 2021 को लगभग 200 अति निर्धन लोगों को राशन किट के रूप में जरूरत का सामान 5द्मद्द आटा, 2द्मद्द चावल, दाल, तेल,चाय पत्ती, चीनी, सभी तरह के जरूरत के मसाले,नहाने एवं कपड़े धोने का साबुन,टूथपेस्ट एवं टूथब्रुश आदि निःशुल्क वितरित किया गया। इसी निःशुल्क वितरण कार्यक्रम में करीब 200 गरीब बच्चों को चोकलेट,बिस्कुट भी वितरित किये गए।

## सभी 400 लोगों को फलों में संतरों एवं केलों का भी वितरण किया गया

**ट्रस्ट** के मुख्य सचिव शरद गुप्ता ने बताया कि हमारे द्वारा समय-समय पर सामाजिक कल्याण के ऐसे आयोजन किये जाते हैं। इसी वित्तवर्ष में कोरोना पीड़ितों की सहायता हेतु ट्रस्ट द्वारा अप्रैल माह में 5 लाख की सहयोग राशि मुख्यमंत्री राहत कोष में प्रदान की गयी थी। साथ ही 100 अत्यंत गरीब परिवारों को महीने भर के राशन हेतु 1लाख की सहायता राशि भी प्रदान की गयी थी। आज के इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में किशनपोल बाजार के विधायक अमीन कागज़ी ने शामिल होकर प्रोग्राम की गरिमा को बढ़ाया। साथ ही अन्य गणमान्य लोगों ने जिनमें पूर्व महापौर विष्णु लाटा, संजय गुर्जर, धर्मसिंह सिंघानिया, शंकर आकड़, ट्रस्ट के मुख्य कार्यकर्ता आनंद ठकरानी, सुनील शर्मा, मनिंदर सिंह ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सचिव शरद गुप्ता ने बताया कि ट्रस्ट की स्थापना सन 2008 में कई गयी थी। और 13 वर्ष के कार्यकाल में ट्रस्ट द्वारा अब तक लोगों के सामाजिक एवं आध्यात्मिक कल्याण के बहुत ही महत्त्वपूर्ण कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न किये गए हैं। उन्होनें विश्वास दिलाया कि समाज की भलाई के ऐसे ही कार्य आगे भी जारी रहेंगे। ट्रस्ट की अध्यक्षा सुश्री श्रीधरी दीदी जी की देखरेख में ये सब आयोजन किये जाते हैं, वो इस युग के पंचम मूल जगदगुरु श्री कृपालु जी महाराज की कृपापात्र प्रचारिका हैं, वो लोगों के आध्यात्मिक एवं बौद्धिक उत्थान हेतु श्री महाराजजी के ही दिव्य वैदिक सिद्धांतों का प्रचार-प्रसार करती हैं और साथ ही सामाजिक कल्याण के कार्यों में भी पूरी तन्मयता से संलग्न रहती हैं। दीदी ने आज के कार्यक्रम में शामिल सभी गणमान्य लोगों को जयपुर के आराध्यदेव श्री गोविंददेव जी का फेम युक्त आकर्षक चित्र उपहार स्वरूप भेंट किया एवं कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने हेतु सभी का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया।

श्याम धणी इंडस्ट्रीज: डिस्ट्रीब्यूटर मीटिंग में सिल्वर जुबली ऑफर लकी ड्रा में निकले ढेरों ईनाम

# आज व्यापारिक चुनौतियों का मुकाबला भी जरूरी-रामावतार

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com











**जयपुर।** स्वाद, सुगंध और श्रेष्ठ गुणवत्ता के दम पर आज श्याम मसाले ने घर-घर में अपनी अनूठी पहचान कायम की है। पिछले इक्कीस सालों से श्याम मसाला गृहणियों की पहली पसंद बना हुआ है। इस मसाला कंपनी की खास बात यह है कि गुणवत्ता के मामले में यहां कोई समझौता नहीं किया जाता। यही कारण है कि आज घर-घर में श्याम मसाले की सुगंध पहुंच गई है। इसकी शुद्धता और विश्वसनीयता के चलते लोगों के दिलों में श्याम मसाले के लिए खास जगह बनी है।

श्याम धणी इंडस्ट्रीज प्रा. लि. की ओर से आज एक होटल में सिल्वर जुबली ऑफर लकी ड्रॉ 2019-20 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्याम धणी इंडस्ट्रीज के निदेशक राम अवतार अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान समय में कंपनी 350 प्रोडक्ट का उत्पादन कर रही है। देश के 11 राज्यों में श्याम मसाला का नेटवर्क फैल रहा है एवं 25 अन्य देशों में भी श्याम मसाले का निर्यात किया जा रहा है। हाल ही में कंपनी ने नूडल्स, पास्ता, मैक्रोनी आदि भिन्न उत्पाद भी लॉन्च किए हैं। लगातार 25 वर्षों से ग्राहक का विश्वास श्याम ब्रांड पर बना हुआ है। भविष्य में भी आपका विश्वास टूटने नहीं दूंगा। इसका पूर्ण विश्वास दिलाता हूं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाबूलाल गुप्ता अध्यक्ष खाद्य व्यापार संघ राजस्थान ने इस अवसर पर कहा कि आज के समय में व्यापारिक चुनौतियों का भी मुकाबला करना जरूरी है। इसी प्रकार कंपनी के डायरेक्टर विट्ठल अग्रवाल ने बताया कि कंपनी के व्यापार को बढ़ाने के लिए आपसे सहयोग की आशा हमेशा रहेगी एवं क्वालिटी में जो ग्राहक का विश्वास बना हुआ उसे सदैव बनाए रखेंगे। आने वाले समय में कंपनी कई नए उत्पाद मार्केट में लेकर आ रही है जिससे डिस्ट्रीब्यूटर को व्यापार में और ग्रोथ मिलेगी। इस मौके पर राजस्थान के डीलर्स एवं रिटेलर्स के लिए लकी ड्रा का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्थान को चार जोन में विभाजित करके प्रथम इनाम के रूप में 10 ग्राम के 4 गोल्ड कॉइन, द्वितीय इनाम में पांच ग्राम के 4 गोल्ड कॉइन, तृतीय इनाम के रूप में ढाई ग्राम के 8 कॉइन एवं चतुर्थ इनाम के रूप में 2 ग्राम के 12 कॉइन सहित ढेरों इनाम लकी ड्रॉ में निकाले गए।

### ये रहे विजेता

**ड्रा** के प्रथम विजेता, स्वास्तिक ट्रेडर्स पावटा, चिराग एजेंसीज पोकरण, गजानन्द ट्रेडिंग कंपनी कुचामन एवं भगवती प्रसाद विजय कुमार सुजानगढ़ रहे। द्वितीय विजेता श्याम ट्रेडर्स सीकर, सालगराम हरदेव प्रसाद बोरावर, दुर्गा जनरल बरुंदा एवं राज कुमार हीरालाल कोटपूतली रहे। तृतीय विजेता मांगीलाल कमल किशोर सालासर, संदीप किराना गुढ़ागौढ़जी, प्रकाश जनरल स्टोर केशोरायपाटन, रामस्वरूप जी कुचामन सिटी, दिनेश कुमार सोखलचंद सांडेराव, अमर ट्रेडिंग जैसलमेर, अनिल स्टोर कुचामन सिटी एवं सुरेश जनरल स्टोर चतरपुरा रहे। कार्यक्रम के अंत में कंपनी के संस्थापक गिरधारीलाल अग्रवाल ने सभी आगंतुक अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में दीप प्रज्ज्वल कर विधिवत शुरुआत की। इसके बाद अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया।

## वर्ष 1995 में हुई थी श्याम मसाला कंपनी की स्थापना

आज हर गृहणी की पहली पसंद बने श्याम मसाले बनाने वाली श्याम धणी इंडस्ट्रीज की स्थापना 1995 में गिरधारीलाल अग्रवाल ने की थी। विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया में स्थापना के साथ ही श्याम मसालों की बिक्री प्रदेश के विभिन्न शहरों और गांवों में होने लगी। श्रेष्ठ गुणवत्ता और स्वाद के चलते दिनोंदिन श्याम मसाले की मांग बढने लगी। जिसके बाद से ही श्याम मसाले प्रदेश के बाजार में अपनी अलग पहचान बनाने में सफल होने लगे। इसमें और तेजी तब आई, जब गिरधारी लाल अग्रवाल के बेटे रामावतार अग्रवाल ने कंपनी का कार्यभार संभाला। रामावतार अग्रवाल की दूरदर्षिता का ही परिणाम है कि उन्होंने सबसे पहले किचन मसालों के तत्कालीन बाजार का अध्ययन किया और बाजार की जरूरतें जानीं। उन्होंने जाना कि आज के युग में उपभोक्ता पारंपरिक तरीके के साथ शुद्धता और बहुत कुछ चाहता है।

### अल्प समय में कंपनी ने जमाई धाक

श्याम मसाले की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसने महज 25 सालों में कई कंपनियों को पीछे छोड़ दिया और हर किचन में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। इसका श्रेय जाता है श्याम धणी इंडस्ट्रीज के संस्थापक गिरधारीलाल अग्रवाल के बेटे रामावतार अग्रवाल को। जिन्होंने कंपनी को टॉप लिस्ट कंपनियों में शुमार किया है।

### वक्त के साथ समझी लोगों की जरूरत

रामावतार अग्रवाल ने बदलने वक्त में लोगों की जरूरतों को समझा और उपभोक्ता की मांग के अनुसार अपनी कंपनी के कार्य का विस्तार किया। रामावतार अग्रवाल की दूरदर्शी सोच का ही परिणाम रहा कि श्याम मसाले ने ना केवल स्थानीय मसाला बाजार में अपनी एक खास पहचान कायम की बल्कि देश विदेश में भी लोगों के दिलों में जगह बनाई।

### प्रथम एकमार्ग मसाला कंपनी का गौरव प्राप्त किया

श्याम किचन मसालों की शुद्धता और उच्च गुणवत्ता के कारण ही इन्हें राजस्थान के प्रथम एगमार्क मसाला कंपनी होने का गौरव प्राप्त हुआ। देखते ही देखते रामावतार अग्रवाल की मेहनत रंग भी लाने लगी और आज श्याम किचन मसाले उत्तर प्रदेश, हिमाचल, पंजाब और गुजरात सहित देश के विभिन्न राज्यों में अपने धाक जमा चुका है। देश ही नहीं विदेशों में भी श्याम किचन मसालों की काफी मांग है। आज ओमान, केन्या, नेपाल, नाइजीरिया और अन्य कई देशों में श्याम किचन मसालों के भारी मांग है। श्याम मसालों की बढ़ती मांग का ही नतीजा है कि आज देश के बड़े होलसेल और रिटेल मार्केट मेट्रो, रिलायंस मार्केट, रिलायन्स फ्रेश और बिग बास्केट सहित अन्य बाजारों में भी श्याम किचन मसालों के सभी उत्पाद मौजूद हैं।

# सीबीएसई में 9वीं और 11वीं के साथ 10वीं-12वीं के छूटे विद्यार्थी भी करा सकेंगे रजिस्ट्रेशन, 13 फरवरी लास्ट डेट

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**अजमेर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कोविड-19 को देखते हुए 9वीं और 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों और 10वीं -12वीं में रजिस्ट्रेशन नहीं करा सके विद्यार्थियों के लिए भी एक और मौका दिया है। रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख 13 फरवरी 2021 है। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संयम भारद्वाज की ओर से जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि देश भर के स्कूलों की ओर से आग्रह के बाद सीबीएसई ने रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई है। कोविड-19 के चलते छात्रों और स्कूलों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। इसे ध्यान में रखते हुए ही अब सीबीएसई की वेबसाइट रजिस्ट्रेशन के लिए प्रक्रिया बढ़ाई गई है। स्कूल सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट cbse.gov.in पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। वेबसाइट पर ही विस्तृत दिशा-निर्देश् भी उपलब्ध हैं।

**कोविड-19 को देखते हुए विद्यार्थियों के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया दोबारा शुरू**

### ...ताकि न हो साल खराब

**पूर्व** में सीबीएसई द्वारा कक्षा 9वीं व 11वीं के विद्यार्थियों की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी कराई जा चुकी है। 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के भी परीक्षा फार्म भरे जा चुके हैं। लेकिन, कोविड-19 के चलते बहुत से विद्यार्थी वंचित रह गए थे। इसे देखते हुए ही सीबीएसई ने यह कवायद की है। सीबीएसई के सूत्रों के मुताबिक इस सुविधा से विद्यार्थियों का साल खराब होने से बच जाएगा।

### सीबीएसई ने ये सुविधाएं दी हैं

» नए संबद्ध स्कूलों को अपने छात्रों को कक्षा 9 और 11वीं में पंजीकृत करने की अनुमति है।
» पुराने संबद्ध स्कूलों को कक्षा 9 वीं और 11वीं में अपने बाएं छात्रों को पंजीकृत करने की अनुमति है।
» पुराने संबद्ध स्कूलों को 10वीं व 12वीं के अपने छूटे हुए छात्रों के लिए एलओसी भरने की अनुमति दी है।
» स्कूलों द्वारा पूर्व में भरे गए पंजीकरण डेटा/एलओसी में सुधार की सुविधा भी रहेगी।

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने विषयवार जारी किए 8वीं के मॉडल प्रश्न-पत्र

# 8वीं के छात्रों को 2.30 घंटे में देना होगा 50 नंबर का पेपर

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** कोरोनाकाल में इस बार 8वीं कक्षा के विद्यार्थियों को 2.30 घंटे में 50 नंबर का पेपर हल करना होगा। राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने विषयवार 8वीं के मॉडल प्रश्न पत्र जारी कर दिए हैं। विद्यार्थियों को प्रश्न-पत्र में करीब 25 से 31 प्रश्न हल करने होंगे। इनमें एक-एक नंबर के 11 प्रश्न ऑब्जेक्टिव भी होंगे। दो-दो नंबर के सात प्रश्न, तीन-तीन नंबर के 5 प्रश्न सहित पांच-पांच नंबर के दो प्रश्न हल करने को मिलेंगे।

### 52 % सिलेबस में से ही विद्यार्थियों को प्रश्न पूछे जाएंगे

**कोरोना** के चलते इस बार परीक्षा पैटर्न में बदलाव किया गया है। आठवीं कक्षा में 52 प्रतिशत सिलेबस में से ही विद्यार्थियों को प्रश्न पूछे जाएंगे। इनमें ऑब्जेक्टिव, अति लघुत्तरात्मक, लघुत्तरात्मक और निबंधात्मक प्रश्न शामिल हैं। बड़े प्रश्नों में अथवा के विकल्प अधिक होंगे। 10वीं और 8वीं बोर्ड की परीक्षा हमेशा एक साथ होती है। दसवीं बोर्ड परीक्षा के लिए आवेदन की प्रRि या पूरी हो चुकी है। शिक्षा विभाग ने 10वी बोर्ड की परीक्षा इस बार मार्च की बजाय मई में कराने की निर्णय लिया है। मगर आठवीं बोर्ड परीक्षा की डेट अभी तक फाइनल नहीं हुई है।

### पाठ्य सामग्री पर दिया जा रहा है अधिक ध्यान

अधिकारियों ने बताया कि विभाग की ओर से जल्द ही परीक्षा का कार्यक्रम जारी किया जा सकता है। इसके अलावा अभी विद्यार्थियों की ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाई करवाई जा रही है। इन विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए इनका होमवर्क सहित अन्य पाठ्य सामग्री पर खूब ध्यान दिया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि विभाग का एक ही मकसद है कोई भी विद्यार्थी इस साल पढ़ाई में पिछड़े नहीं। पिछले साल 8वीं बोर्ड परीक्षा में 13 लाख अभ्यर्थी बैठे थे। 8वीं की बोर्ड परीक्षा 14 मार्च से शुरू हुई थी लेकिन कोरोना के चलते चार पेपर ही हो पाए थे। कोविड-19 के चलते इस बार आठवीं बोर्ड परीक्षा के पैटर्न में बदलाव किया गया है। लिखित परीक्षा जहां 50 नंबर की होगी। वहीं, 40 प्रतिशत अंक आंतरिक मूल्यांकन के होंगे। शेष 10 प्रतिशत अंकों के आधार पर मौखिक परीक्षा ली जाएगी। क्रमोन्नति का आधार वार्षिक परीक्षा रहेगा। विभाग ने पहले ही घोषणा कर दी है कि इस बार किसी भी विद्यार्थी को बगैर परीक्षा के क्रमोन्नत नहीं किया जाएगा।

एनसीटीई ने सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश को जारी किए आदेश

# अब शिक्षक बनने के लिए पास करनी होगी टेट परीक्षा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की बहाली से पहले उनकी अर्हता तय करने के लिए ली जाने वाली टेट परीक्षा में सरकार बदलाव करने जा रही है। अब शिक्षक बनने के लिए टेट परीक्षा पास करना अनिवार्य होगा। एनसीटीई ने देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं और कक्षा एक से 12वीं तक शिक्षक बनने के लिए अब टेट अनिवार्य कर दिया गया है। ये बदलाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों के तहत किए जा रहे हैं और इसके साथ ही विभिन्न राज्यों में आयोजित होनेवाली इस परीक्षा में एकरूपता लाने का प्रयास किया जा रहा है। शिक्षक पात्रता परीक्षा में बदलाव को लेकर रूपरेखा तैयार करने की जिम्मेदारी संभाल रहे राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद ने इसे लेकर विभिन्न राज्यों से पूर्व में आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा का पूरा ब्यौरा 15 फरवरी तक मांगा है। इसके तहत इस परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों के पैटर्न के अलावा परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों, सफल अभ्यर्थियों आदि की जानकारी निर्धारित प्रारूप के साथ ही परीक्षा को लेकर समय.समय पर राज्यों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों के संबंध में भी जानकारी मांगी गई है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिक्षक प्रशिक्षण को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया है।

## सच बसंत को लौट रहा है..



जागरूक जनता
jagrukjanta.in
कविता
रेनू शब्द मुखर

सुनो जरा गौर से
बसंत फिर हमारी ओर
लौट रहा है
पर क्या सच में
बसंत ही लौट रहा है
या खोखली परंपरा की लीक
पीटी जा रही है
तो चल मैं और तू मिल के
प्रकृति के स्वर में अपना राग
उमंग,उत्साह से मिला कर
बसंत के रूप को सही अर्थों में
जीवन में ढाल कर
संकुचित सोच से मुक्ति पा
व्यापक उदार सोच को अपना
चल बसंत के बासंती में रंग जाते है
सच कहूं तो बसंत
प्रकृति के उल्लास
नवजीवन का दूसरा रूप है
खत्म होते प्रकृति के साहचर्य को
चल बसंत के बासंती में समीपता
से ले आते है।
महानगरों में भी आम्र मंजरियां,
तितलियां, फूल और सरसों
उपजाते है
चल घर-घर को बासंती रंग से
रंगीन बनाते है।
चल इस बसंत में पहले से पाक
बसंत का त्योहार मनाते है
साम्प्रदायिकता, जातिवाद,
घृणा का फन कुचलकर
प्रेम और भाईचारे को
फिर से लाते है
धूमिल होने वाले भारत के नाम
सोने की चिड़िया को फिर से
स्वर्णाक्षरों में चमकाते है।
चल मैं और तुम मिलकर
सच्चे अर्थों में खोई भारत की
संपन्नता को लौटा लाते है
बसंत के बासंती में चल रंग जाते है।
बसंत फिर लौट रहा है,
सच में अपने प्रयासों से इसे सार्थक
बनाते है।

**आदर्श को-ऑपरेटिव बैंक लि.**
शाखा पिण्डवाडा : (02971) 282715 मो. 9414153279, 9414153794

**नीलामी सूचना (नियम 8(6))**
[प्रतिभूति वित्तीय आस्तियों के पूर्ननिर्माण व प्रतिभूतिहीत का प्रवर्तन अधिनियम 2002 (SARFAESI Act 2002) की धारा 54 के अन्तर्गत ]

यतः सिक्युरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेंट ऑफ सिक्युरिटी इन्ट्रस्ट, 2002 (सिक्युरिटाइजेशन एक्ट) के अधीन आदर्श को-ऑपरेटिव बैंक, तीन बत्ती, सिरोही का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा सिक्युरिटी इन्ट्रस्ट (इन्फोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मुझ अधोहस्ताक्षरी ने धारा 13(2) एवं 13(4) के अधीन हमारी पिण्डवाडा शाखा के चुककर्ता ऋणी सदस्य एवं रहनकर्ता श्री सरूपाराम पुत्र श्री बाबराजी रेबारी की रहनशुदा भारमुक्त सम्पति जो उपरोक्त बैंक के सांकेतिक कब्जे में है की प्रस्तावित नीलामी जहां है, जैसी है व जिस हालात मे है के आधार पर दिनांक 09.03.2021 मंगलवार को प्रातः 11 बजे से सांय 4 बजे तक शाखा परिसर पर रखी गयी है। अतः ऋणी, जमानतियों व जनसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि इच्छुक खरीददार शाखा परिसर पर उपस्थित होकर बोली में भाग लेवे।
नोट :– नीलामी की शर्ते व अन्य जानकारी नीलामी स्थल पर बताई जायेगी।

**अचल सम्पति का वर्णन**

सम्पति के सभी अंश व अंग गठित होते है जिसमें भूमि व उस पर निर्मित भवन जो रेबारी वास, झाडोली, पिण्डवाडा जिला सिरोही स्थित है, जिसका पट्टा ग्राम पंचायत झाडोली, पट्टा नं. 04, मिसल नं. 73/83–84, पट्टा दिनांक 07.07.1986 श्री बाबरा पुत्र श्री गेमाजी रेबारी के पक्ष में रिलीज डीड श्रीमती धर्मी देवी पत्नी श्री बाबरा जी व अन्य (वैधिक उतराधिकारी) जारी, एवं श्री सरूपाराम पुत्र श्री बाबराजी रेबारी के पक्ष में दिनांक 05.09.2013, रिलीज डीड रजिस्टर्ड दिनांक 05.09.2013 को सब रजिस्ट्रार पिण्डवाडा के समक्ष बुक नं. 1, जिल्द नं. 163, पेज नं. 136, क्र.सं. 2013001847, अतिरिक्त बुक नं. 1, जिल्द नं. 365, पेज नं. 295 से 304, जिसका क्षेत्रफल 1560 वर्गफीट है। सम्पति का आरक्षित मूल्य रू. 6,66,000/– है। जिसकी चारो ओर की सीमाएं निम्न है :– उत्तर : मकान व रास्ता, दरवाजा एक श्री भीकाराम पुत्र श्री खीमाजी, 40 फीट, दक्षिण : धनामाली पुत्र श्री सदाजी का मकान, 40 फीट, पूर्व : श्री गमना पुत्र श्री राजाजी रेबारी का मकान, 39 फीट, एवं पश्चिम : भीका पुत्र श्री खीमाजी का मकान, 39 फीट

स्थान : सिरोही, राजस्थान
दिनांक : 08.02.2021

प्राधिकृत अधिकारी
आदर्श को-ऑपरेटिव बैंक लि.

ANCHOR | बदलाव

# पांच घंटे से ज्यादा लगातार काम नहीं करेंगे कर्मचारी!

## 1 अप्रैल से मोदी सरकार बदल सकती है काम के घंटे और रिटायरमेंट के नियम

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

**नई दिल्ली।** 1 अप्रैल 2021 से आपकी ग्रेच्युटी, पीएफ और काम के घंटों में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। कर्मचारियों की ग्रेच्युटी और भविष्य निधि (पीएफ) मद में बढ़ोतरी होगी। वहीं, हाथ में आने वाला पैसा (टेक होम सैलरी) घटेगा। यहां तक कि कंपनियों की बैलेंस शीट भी प्रभावित होगी। इसकी वजह है पिछले साल संसद में पास किए गए तीन मजदूरी संहिता विधेयक (कोड ऑन वेजेज बिल)। इन विधेयकों के इस साल 1 अप्रैल से लागू होने की संभावना है। वेज (मजदूरी) की नई परिभाषा के तहत भत्ते कुल सैलेरी के अधिकतम 50 फीसदी होंगे। इसका मतलब है कि मूल वेतन (सरकारी नौकरियों में मूल वेतन और महंगाई भत्ता) अप्रैल से कुल वेतन का 50 फीसदी या अधिक होना चाहिए। गौरतलब है कि देश के 73 साल के इतिहास में पहली बार इस प्रकार से श्रम कानून में बदलाव किए जा रहे हैं। सरकार का दावा है कि नियोक्ता और श्रमिक दोनों के लिए फायदेमंद साबित होंगे।

### कार्य घंटे 12 में बदलने का प्रस्ताव

नए ड्राफ्ट कानून में कामकाज के अधिकतम घंटों को बढ़ाकर 12 करने का प्रस्ताव पेश किया है। ओएसच कोड के ड्राफ्ट नियमों में 15 से 30 मिनट के बीच के अतिरिक्त कामकाज को भी 30 मिनट गिनकर ओवरटाइम में शामिल करने का प्रावधान है। मौजूदा नियम में 30 मिनट से कम समय को ओवरटाइम योग्य नहीं माना जाता है। ड्राफ्ट नियमों में किसी भी कर्मचारी से 5 घंटे से ज्यादा लगातार काम कराने को प्रतिबंधित किया गया है। कर्मचारियों को हर पांच घंटे के बाद आधा घंटे का विश्राम देने के निर्देश भी ड्राफ्ट नियमों में शामिल हैं।

### वेतन घटेगा और पीएफ बढ़ेगा

नए ड्राफ्ट रूल के अनुसार, मूल वेतन कुल वेतन का 50% या अधिक होना चाहिए। इससे ज्यादातर कर्मचारियों की वेतन संरचना बदलेगी, क्योंकि वेतन का गैर-भत्ते वाला हिस्सा आमतौर पर कुल सैलेरी के 50 फीसदी से कम होता है। वहीं कुल वेतन में भत्तों का हिस्सा और भी अधिक हो जाता है। मूल वेतन बढ़ने से आपका पीएफ भी बढ़ेगा। पीएफ मूल वेतन पर आधारित होता है। मूल वेतन बढ़ने से पीएफ बढ़ेगा, जिसका मतलब है कि टेक-होम या हाथ में आने वाला वेतन में कटौती होगी।

### रिटायरमेंट की राशि में होगा इजाफा

ग्रेच्युटी और पीएफ में योगदान बढ़ने से रिटायरमेंट के बाद मिलने वाली राशि में इजाफा होगा। इससे लोगों को रिटायरमेंट के बाद सुखद जीवन जीने में आसानी होगी। उच्च-भुगतान वाले अधिकारियों के वेतन संरचना में सबसे अधिक बदलाव आएगा और इसके चलते वो ही सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। पीएफ और ग्रेच्युटी बढ़ने से कंपनियों की लागत में भी वृद्धि होगी। क्योंकि उन्हें भी कर्मचारियों के लिए पीएफ में ज्यादा योगदान देना पड़ेगा। इन चीजों से कंपनियों की बैलेंस शीट भी प्रभावित होगी।

जागरूक न्यूज

## राजस्थान विधार्थी मित्र पंचायत सहायक संघ ने नियमित करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन



**पीपाड़शहर@ जागरूक जनता।** राजस्थान के समस्त जिला मुख्यालयों पर विधार्थी मित्र पंचायत सहायक संघ ने प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, शिक्षा मंत्री एवम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, सविंदाकर्मियों के लिए गठित कमेटी के अध्यक्ष बी डी कल्ला को ज्ञापन सोंपकर कर बजट सत्र मे नियमितकरण की माँग की गई। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जोधपुर जिला मुख्यालय पर विधार्थी मित्र पंचायत सहायक संघ जोधपुर के जिला अध्यक्ष तरुण चितारा के नेतृत्व में जिला कलेक्टर मुख्यालय स्थित महावीर उद्यान मे जोधपुर के समस्त तहसीलो के ब्लाक अध्यक्ष सहित तमाम पंचायत सहायक एकत्रित हुए। सभी ने एक राय होकर तहसील मुख्यालयो से जयपुर के लिए होना वाली विधार्थी मित्र पंचायत सहायक संघ पीपाड़ ब्लाक अध्यक्ष रामदेव सारण,सुमन देवड़ा ने यात्रा में भाग लेने का संकल्प लिया। ज़िला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोंपा कर नियमितकरण की माँग की गई।

## किसान संगठन ने किया चक्का जाम



**अशोक नगर (मध्यप्रदेश) @जागरूक जनता।** संयुक्त किसान मोर्चा की अपील पर आज मध्यप्रदेश के अशोकनगर में विदिशा रोड टोल प्लाजा पर AIKKMS व अन्य किसान संगठन के संयुक्त तत्वाधान में चक्काजाम किया। धरने को AIKKMS के सचिन जैन ने संबोधित किया। जैन ने कहा कि सरकार का रवैया अच्छा नही है, किसानों की जायज मांगो का जिस प्रकार से दमन किया जा रहा है वह अलोकतांत्रिक है, सरकार पूंजीपतियों की झोली भरने में लगी है, इस बार किसानों ने खुल कर पूंजीपतियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है जिस प्रकार इस आंदोलन में नारा अडानी अम्बानी जमाखोरी नही चलेगी का नारा बुलंद हुआ है, इससे पता चलता है अब जनता समझ चुकी है कि यह सिस्टम सिर्फ पूंजीपतियों के हक के कानूनन बनाने की मशीन है,जैन ने कहा जब तक किसानो पर थोपे गए तीन काले कानून वापस नही लिए जायँगे तब तक आंदोलन चलता रहेगा।

## एसबीआई ने भेंट की नारायण सेवा को स्कूली बस



**उदयपुर @ जागरूक जनता।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक(दक्षिण) शिवओम दीक्षित ने बैंक के सामाजिक उत्तरदायित्व प्रकल्प के तहत नारायण सेवा संस्थान द्वारा संचालित नारायण चिल्ड्रन एकेडमी को गरीब बच्चों की सेवार्थ 32 सीटर बस भेंट की। उन्होंने संस्थान द्वारा दिव्यांगों, निर्धनों, मूक बधिर, प्रज्ञा चक्षु व निःशक्त बालकों की अधुनातन शिक्षा व्यवस्था की सराहना करते हुए इन कार्यों में बैंक की सहभागिता निरन्तर रखने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने स्वागत करते हुए संस्थान की 35 वर्षीय सेवा यात्रा का ज़िक्र किया और दिव्यांगों के लिए निर्माणाधीन 450 बेड के हॉस्पिटल की जानकारी दी। समूह प्रभारी पलक अग्रवाल ने लॉकडाउन के दौरान बेरोजगार और गरीबों को निःशुल्क राशन पहुंचाने की जानकारी दी। इस दौरान उपमहाप्रबंधक कुँवर दिनेश प्रताप सिंह तोमर, क्षेत्रीय महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार सुमन सहित उदयपुर आर एन्ड डीबी के पदाधिकारी भी मौजूद थे।अतिथियों ने झारखंड, मध्यप्रदेश, बिहार आदि राज्यों से आये दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल व व्हीलचेयर भी प्रदान की। ट्रस्टी देवेन्द्र चौबीसा ने आभार प्रदर्शन एवं संयोजन महिम जैन किया।

## माता के दरबार में राजा और रंक सभी एक हैं



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**भरतपुर।** माता के दरबार में कोई भेदभाव नहीं होता यहां राजा और रंक सभी को एक जैसा व्यवहार किया जाता है माता सभी पर समान रूप से अपना आशीष देती है। यह कहना है माता धोलागढ़ विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत पंडित तोताराम का। पं. तोताराम शहीद सुशील कुमार शर्मा फाउंडेशन के राजस्थान इकाई सदस्यों के समान अवसर पर उद्बोधन दे रहे थे। महन्त तोताराम ने कहा कि गरीब असहाय एवं आवश्यकता वाले लोगों के लिए मानव को बिना किसी स्वार्थ के सेवा करनी चाहिए अपना जीवन सफल करने के लिए माता के सानिध्य में अपने कुविचारों को त्याग कर निर्मल भाव से सेवा करने पर माता धोलागढ़ अवश्य मनोकामना पूर्ण करती है। फाउंडेशन के द्वारा समय-समय पर माता के भक्तों हेतु उपलब्ध कराई जाने वाली व्यवस्था पर महंत तोता राम जी द्वारा संतोष व्यक्त किया गया कॉविड-19 के समय भक्तों द्वारा आमजन की की गई सेवा के लिए सराहना की। इस अवसर पर फाउंडेशन के प्रदेश संयोजक यतेन्द्र पाण्डेय, भरतपुर इकाई सचिव मनीष शर्मा, शैलेश शर्मा, राजस्थान मूकजीव इकाई संयोजक शीला पाण्डेय् उपस्थित रहे।

प्रसिद्ध आर्किटेक्ट अनूप बरतरिया ने दिया प्रजेटेंशन

# लंदन-दुबई की तर्ज पर लूपिंग सिस्टम से चलेगा यातायात

### जनप्रतिनिधि, व्यापारिगण और अधिकारियों ने बारीकी से देखा प्रोजेक्ट

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**जोधपुर।** शहर का सबसे व्यस्त और जाम रहने वाले क्षेत्र जालोरी गेट, सोजती गेट, रेलवे स्टेशन व नई सडक़ पर यातायात सिस्टम बिना रुके चलेगा। इस बात पर शायद एकाएक यकीन नहीं होगा लेकिन शहरी विकास एवं आवासन विभाग व जेडीए मिलकर कुछ ऐसी ही प्लानिंग कर रहे हैं। ट्रैफिक लाइट फ्री लूपिंग सिस्टम के जरिये शहर के बढ़ते यातायात को नियंत्रित करने की कवायद की जा रही है। इसी को लेकर प्रसिद्ध आर्किटेक्ट अनूप बरतरिया व उनकी टीम ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व व्यापारियों के साथ अन्य लोगों के समक्ष प्रजेंटेशन दिया।

प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास व आवासन विभाग भास्कर आत्माराम सावंत ने कहा कि लूप ट्रेफिक सिस्टम व हेरिटेज सौन्दर्यकरण गुड गर्वेस प्रोजेक्ट है। उन्होंने कहा कि इसे केवल छोटा इंजिनियरिंग प्रोजेक्ट ना माने। संवाद व समन्वय से महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी। यह प्रोजेक्ट सभी शहरवासियों का है व सभी मिलकर इसे सफल बनाएंगे। उन्होंने डिजाइन की सराहना की। इस प्रजेंटेशन में संभागीय आयुक्म डॉ राजेश शर्मा, शहर विधायक मनीषा पंवार, महापौर श्रीमती कुंती देवड़ा ने अपनी बात रखी। जिला कलक्टर इन्द्रजीत सिंह की ने कहा कि तीन माह में कई अधिकारियों ने इस पूरे लूप पर पैदल चलते हुए बारीकी से निरीक्षण किया है। जेडीए आयुक्त कमर चौधरी ने एलिवेटेड रोड के साथ ही इस लूप सिस्टम को विकसित करने की बात कही। नगर निगम आयुक्त रोहिताश्व सिंह तोमर, डॉ अमित यादव, डीसीपी राजेश मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर मुकेश कुमार कलाल, जेडीए सचिव हरभान मीणा, आरटीओ रामनारायण बडगूजर, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नाथूसिंह भाटी व अन्य मौजूद थे।

25 साल बाद पूरी होगी आस

## सीकर, चूरू और झुंझुनूं की प्यास बुझाएगा यमुना जल

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** यमुना से राज्य के सीकर,चूरू और झुंझुनूं के लिए पेयजल और सिचाई के लिए पानी लाने की 25 वर्ष पुरानी आस अब पूरी होगी। इसके लिए मंगलवार को राज्य के जल संसाधन विभाग के अफसरों ने मजबूती से दिल्ली में केन्द्रीय जल आयोग के समक्ष यमुना का पानी राजस्थान लाने के लिए पक्ष रखा। अधिकारियों ने यमुना का पानी हरियाणा से पाइप लाइन के जरिए चूरू, झुंझुनुं और सीकर लाने के लिए 31 हजार करोड़ की संशोधित डीपीआर का दो घंटे तक केन्द्रीय जल आयोग के मुख्य अभियंता के समक्ष प्रजेन्टेशन दिया।

प्रजेन्टेशन में केन्द्रीय जल आयोग के समक्ष राज्य के इन तीन जिलों की पेयजल और सिचाई के पानी की जरूरतों के जो तथ्य रखे उनसे आयोग के अफसर संतुष्ठ दिखे और जल्द ही राज्य की इस परियोजना की मंजूरी का आश्वासन दिया। जल संसाधन विभाग के अफसरों के अनुसार यमुना से पानी लाने का काम दो चरणों में पूरा होगा। पहले चरण में 14 हजार करोड़ और दूसरे चरण में 17 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। यमुना का पानी मिलने के बाद सीकर और झुंझुनूं को पेयजल और झुंझुनूं और चूरू को सिचाई का पानी मिलेगा।

यमुना से जल लेने के लिए 1994 में 5 राज्यों में एमओयू हुआ था। इस समझौते के बाद भी हरियाणा सरकार ने हरियाणा की नहरों के जरिए यमुना का पानी लाने के लिए अपनी सहमति नहीं दी। जिसके कारण चूरू, झुंझुनूं और सीकर जिलों के लिए पेयजल और सिचाई के लिए पानी नहीं मिल सका। इसके बाद यमुना से पाइप लाइन के जरिए पानी लाने की योजना बनी और उसकी 31 हजार करोड़ रुपए की संशोधित डीपीआर बनाई गई। अब माना जा रहा है कि जल्द ही यमुना का पानी इन तीन जिलों को मिल सकेगा।

समीक्षा बैठक

## कृषि विवि में खुलेगा केन्द्रीय विक्रय केन्द्र, एक जगह पर मिलेंगे सभी उत्पाद

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**बीकानेर।** स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विवि के कुलपति प्रो.आर.पी.सिंह ने कहा कि अधिकारी कृषक कल्याण के साथ शैक्षणिक व्यवस्थाओं को और मजबूत करें। वे बुधवार को विवि के अधिकारियों की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जितनी मजबूत शिक्षण व्यवस्थाएं होंगी उतना ही उसका फायदा किसानों को होगा क्योंकि स्टूडेंट का आज ज्ञान ही कल किसान के काम आएगा।

उन्होंने लक्ष्य दिया कि देश की टॉप-10 विवि में कृषि विवि का नाम शामिल हो इसके लिए जिसके पास जो क्षमता है उस हिसाब से काम करें। विवि की ओर से गोद लिए गए गांव की नियमित गतिविधियों से भी अवगत हुए। उन्होंने एलान किया कि विवि में शीघ्र ही केन्द्रीय विक्रय केन्द्र खोला जाएगा जिसके मध्यम से पौधे, बीज, मूल्य संवर्धित उत्पाद आदि एक ही स्थान पर मिल सकेगा।

अभी तक ये व्यवस्था अलग-अलग केन्द्रों पर हो रही है। प्रो.सिंह ने कहा कि प्रत्येक कृषि विज्ञान केन्द्र पर मछली पालन इकाई स्थापित की जाए। संविधान पार्क और राजभवन में बनने वाले विवि पार्क के प्रगति की समीक्षा भी की। बैठक में कुल सचिव कपूर शंकर मान, वित्त नियंत्रक बी.एल.सर्वा, सभी डीन-डायरेक्टर समेत तमाम अधिकारी मौजूद थे।

अब स्कूलों में देगा मानवीय मूल्यों की शिक्षा

## विवि के हर कॉलेज को गोद लेना होगा एक, बीटीयू

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** बीकानेर की महाराजा गंगासिंह यूनिवर्सिटी के बाद इसी शहर की बीकानेर टेक्निकल यूनिवर्सिटी ने भी एक अच्छी पहल की है। बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय का प्रत्येक कॉलेज एक स्कूल को गोद लेकर वहां मानवीय मूल्यों की शिक्षा देगा। वर्तमान में बीटीयू से 42 कॉलेज संबद्ध हैं। मतलब, पहले चरण में 42 स्कूलों को गोद लिया जाएगा। स्कूलों के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। स्कूल के शिक्षकों के प्रशिक्षित होने के बाद संबंधित दूसरे स्कूल में जाकर वह काम करेगा। बीटीयू अभी तक अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले संस्थानों से 700 शिक्षक मानवीय मूल्यों के पाठ्यक्रम में प्रशिक्षित कर चुका है। यूनिवर्सिटी का लक्ष्य है कि कुछ सालों में मानवीय मूल्यों से जुड़ा प्रशिक्षण का काम पूरा किया जाए। इससे लगातार स्कूलों में इसे पढ़ाया जा सकेगा।

### अब तक गांव गोद ले रही हैं यूनिवर्सिटीज

प्रदेश के सभी विवि ने अभी तक गांव गोद ले रखे हैं। यह काम भी राजभवन के आदेश के बाद शुरू किया गया है। राज्यपाल द्वारा उस गांव की विजिट करके वहां हुए कामों की समीक्षा भी की जाती है।

### यह मिलेगा फायदा

स्कूल के छात्र पढ़ाई के साथ नैतिक जीवन में बेहतर कार्य कर पाएंगे। संस्कारों, सम्मान, परंपराएं, इतिहास सहित अन्य बातों का समावेश इसमें किया जाएगा।

## पत्रकारों को टोल मुक्त सुविधा के साथ ट्रेन टिकिट में रियायत मिले-सांसद दीयाकुमारी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**राजसमन्द।** रेलवे की स्थायी समिति की सदस्य सांसद दीयाकुमारी ने रेल मंत्री पीयूष गोयल और सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भेजकर अधिस्वीकृत और गैर अधिस्वीकृत पत्रकारों को रेल टिकिट में रियायत और टोल मुक्त यात्रा की मांग की है। सांसद दीयाकुमारी ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकारें अधिस्वीकृत पत्रकारों को विभिन्न प्रकार की सुविधा एवं रियायतें प्रदान करती है लेकिन सड़क परिवहन मंत्रालय भारत सरकार ने राज्यों के अधिस्वीकृत पत्रकारों को टोल मुक्त यात्रा सुविधा से वंचित कर रखा है। इस बारे में पूर्व में भी विभिन्न माध्यमों से ज्ञापन देकर अधिस्वीकृत पत्रकारों को राष्ट्रीय राजमार्गो पर संचालित टोल नाकों पर निःशुल्क आवागमन की मांग की गयी थी और सरकार ने ये सुविधा देने का भरोसा भी दिलवाया परन्तु अब तक उस पर अमल नहीं हुआ है। राज्य सरकारों से मान्यता प्राप्त अधिस्वीकृत पत्रकारों को राष्ट्रीय राजमार्गों पर संचालित टोल नाकों पर निःशुल्क आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश प्रदान करने चाहिए। मीडिया संयोजक मधुप्रकाश लड्डा ने बताया कि रेल मंत्री को लिखे पत्र में सांसद दीयाकुमारी ने कहा कि भारतीय रेल मंत्रालय द्वारा राज्य सरकारों से अधिस्वीकृत और गैर अधिस्वीकृत पत्रकारों को रियायती दर पर यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही थी लेकिन कोरोना के दौरान रेल यातायात बंद कर दिये जाने के बाद पुनः चालू तो कर दिया, लेकिन अधिस्वीकृत पत्रकारों को पूर्व में मिल रही रियायती यात्रा सुविधा को बिना सूचना के रोक दिया गया है।

## हिन्दू युवा वाहिनी का हुआ कार्यकारिणी विस्तार







**जयपुर @ जागरूक जनता।** हिन्दू युवा वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष केशव अरोड़ा के निर्देशानुसार प्रदेश प्रभारी जितेन्द्र सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री विर्‍म सिंह शेखावत और विधाधर नगर संयोजक सतीश जागा की अनुशंषा पर हिन्दू युवा वाहिनी विद्याधर नगर विधानसभा में अजय राजौरा को अध्यक्ष पद पर, राजकुमार सैन को संगठन मंत्री एवं नितीन सोनी को मंत्री पद पर मनोनीत किया गया है।

## लीवर ट्रांसप्लांट के दौरान हुई मृत्यु पर सीएम ने दिखाई संवेदनशीलता

### मृतक की पत्नी के बैंक खाते में सीएम कोष से दी 10 लाख की आर्थिक सहायता राशि



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**भोपालगढ़ (जोधपुर)।** राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए भोपालगढ क्षेत्र के रतकुड़िया निवासी स्वर्गीय पारसराम सेंवर की अहमदाबाद के निजी अस्पताल में लीवर ट्रांसप्लांट के दौरान गत 18 जनवरी को हुई असामयिक मृत्यु के मामले में प्रसंज्ञान लेते हुए मृतक की पत्नी सन्तोष के बैंक खाते में सीधे सीएम कोष से10 लाख रुपये आरटीजीएस करवाकर पीड़ित परिवार को आर्थिक संबल प्रदान किया। पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़ एवं समाजसेवी व पूर्व सरपंच जमना देवड़ा प्रतिनिधि भोपालगढ जयप्रकाश देवड़ा ने बताया कि मृतक पारसराम की गत 18 जनवरी को दौराने इलाज मृत्यु हो गई थी।मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति की जानकारी से मुख्यमंत्री महोदय को अवगत कराया गया जिस पर सीएम ने जिला कलेक्टर को निर्देशित किया व भोपालगढ तहसीलदार ने तत्काल मौका रिपोर्ट तैयार कर सीएमओ को भेजी। मौका रिपोर्ट के आधार पर सीएम गहलोत ने संवेदनशीलता दिखाते हुए मृतक की पत्नी को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता सीधे बैंक खाते में भेजी।सहायता राशि की जानकारी मिलने पर मृतक परसराम सेंवर के परिजनों ने सीएम गहलोत व जयप्रकाश देवड़ा का आभार जताया।

## 13 निकायों में महिलाएं, एक में ट्रांसजेंडर बना डिप्टी चेयरमेन

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** नगरीय निकायों में डिप्टी चेयरमेन के नतीजे घोषित कर दिए गए। इन नतीजों में 13 निकायों में महिला डिप्टी चेयरमेन बनी हैं जबकि एक निकाय में ट्रांसजेंडर डिप्टी चेयरमेन चुनी गई हैं। बाकी जगह पर पुरूष प्रत्याशी डिप्टी चेयरमेन चुने गए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक हनुमानगढ़ के संगरिया में ट्रांसजेंडर रीना ने राजेश डोडा को 17 वोटों से हराकर डिप्टी चेयरमेन का चुनाव जीता। कुल 35 वोटों में से रीना के पक्ष में 18 वोट डले जबकि राजेश डोडा के पक्ष में सिर्फ 9 वोट पड़े।

इन निकायों में से आठ निकाय ऐसे हैं जहां सिर्फ एक वोट अधिक मिलने से डिप्टी चेयरमेन चुने गए। इनमें गंगापुर, मांडलगढ़, इंद्रगढ़, बीदासर, रींगस, श्रीमाधोपुर, फालना, रावतसर, कुचामनसिटी शामिल हैं। जबकि सरदारशहर, पोकरण, नवलगढ़, कुचेरा और मुंडवा में डिप्टी चेयरमेन निर्विरोध चुने गए। पिडावा, प्रतापगढ़ में बराबर वोट मिलने से चुनाव लॉटरी से हुआ। पिडावा में राजू माली और प्रतापगढ़ में सेवंतीलाल डिप्टी चेयरमेन चुने गए।

### आमेर में हाथी सवारी पर मंडराए काले बादल, सुप्रीम कोर्ट ने हाथियों को घोषित किया अनफिट

## 20 हाथी नहीं करा सकेंगे पर्यटकों को आमेर महल में सवारी

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देश में हुए हैल्थ चैकअप में सामने आई सेहत की दिक्कतें, तीन को टीबी, 11 की एक आंख में पूर्णता अंधता तो तीन हाथियों को आराम दिया, अन्य हाथियों की आंख में भी कुछ न कुछ समस्या



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** आमेर में कोरोना काल से ही गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहे हाथी मालिकों पर एक और पहाड़ टूटा है। क्योंकि उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद वन व पर्यावरण मंत्रालय की ओर से गठित समिति ने आमेर महल में देशी विदेशी पर्यटकों को हाथी सवारी कराने वाले 90 हाथियों में से 20 हाथियों को स्वास्थ्य परीक्षण के नतीजों के बाद सवारी कराने के लायक नहीं माना है। मंत्रालय की रिपोर्ट के आधार पर उप वनसंरक्षक वन्यजीव जयपुर, उपकार बोराना ने इन हाथियों को हाथी सवारी से बाहर रखने संबधी आदेश हाथी मालिक विकास समिति को दे दिए हैं। जानकारी के अनुसार हाथी सवारी से बाहर किए गए 20 हाथियों का बीते जुलाई माह में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया था। जिसकी रिपोर्ट में 3 हाथियों को टीबी की पुष्टि हुई है। वहीं 11 हाथियों की एक आंख में पूरी तरह से अंधता है। 3 हाथियों को शारीरिक कमजोरी के चलते पूर्णत आराम दिया गया है। इसके अलावा इनमें से अन्य हाथियों को आंखों की कोई न कोई बीमारी है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जिन हाथियों में टीबी होने की पुष्टि हुई है उनके उपचार के बाद संभवतया फिर से हाथी सवारी में लगाया जा सकता है। कोरोना काल से ही फाके करने जैसी स्थिति में आ गए हाथी मालिकों पर यह किसी दुखों के पहाड से कम नहीं है। क्योंकि हाथी सवारी से ही उनका घर चल रहा था। कोरोना के कारण विदेशी पर्यटकों के आने का रास्ता वैसे ही बंद है। वहीं देसी पर्यटक भी इतने नहीं आ रहे थे कि हाथी मालिक किसी पर्यटकों को हाथी सवारी कराने से अपने घर का खर्च चला सकें। वन विभाग के अधिकारियों को कहना है कि शारीरिक कारणों से हाथी सवारी से बाहर हुए हाथियों के लिए सरकार आर्थिक सहायता भी देती हैं। सवारी से बाहर होने वाले हाथी को 600 रुपए प्रति हाथी प्रतिदिन दिया जाता है। जिससे हाथी मालिक पर आर्थिक संकट नहीं आए।

ANCHOR सख्त फैसला

# नैक मान्यता नहीं तो, यूनिवर्सिटी, कॉलेजों में 2022 से बंद होगी पढ़ाई

### नई शिक्षा नीति 2020 के तहत यूजीसी ने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए सख्त नियम तय कर दिए हैं।

### नैक स्कोर उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए जरूरी, 165 विवि होंगे मेंटर

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

**बीकानेर।** अगले सत्र यानी 2022 से 2.5 या उससे अधिक नैक स्कोर वाले विवि और कॉलेज में ही पढ़ाई हो सकेगी। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत यूजीसी ने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए सख्त नियम तय कर दिए हैं। देशभर में 936 विवि और करीब 51 हजार से ज्यादा कॉलेजों को एक साल के भीतर राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) की मान्यता लेनी होगी। यदि किसी शिक्षण संस्थान के पास 2.5 या उससे अधिक नैक स्कोर नहीं है तो ऐसे संस्थान अगले साल से पढाई नहीं करा सकेंगे। इस संबंध में यूजीसी के सचिव रजनीश जैन ने सभी राज्यों और उच्च शिक्षण संस्थानों को पत्र लिखा है। यूजीसी रेगुलेशन 2012 के तहत उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए नैक मान्यता अनिवार्य की गई थी। हर छह साल के बाद उन्हें फिर मान्यता लेनी होगी। नैक मान्यता के लिए आवेदन न करने वाले संस्थानों को प्रोत्साहित करने 165 बड़े विवि को उनका मेंटर बनाया गया है।

### मान्यता के 7 आधार, 1000 अंक

अभी तक उच्च शिक्षण संस्थानों को नैक एक्रेडिएशन जरूरी नहीं था। भारत में नैक उच्च शिक्षण संस्थानों का आकलन और प्रत्यापन करके स्कोर जारी करती है। अभी यूजीसी विभिन्न विवि को मिलाकर एक कमेटी गठित कर देती थी, जो विवि और कॉलेज, शिक्षक, छात्र अनुपात, रिजल्ट, रिसर्च समेत अन्य मापदंडों के आधार पर नैक स्कोर करती थी। अब आईआईएम, आईआईटी को भी इसमें शामिल किया जा रहा है। यूजीसी की ओर से नैक मान्यता के लिए सात आधार तय किए गए हैं। इसमें करिकुलम, टीचिंग-लर्निंग, रिसर्च एक्सटेंशन, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टूडेंट सपोर्ट, गवर्नेंस लीडरशिप और इनोवेशन बेस प्रैक्टिस शामिल है। करिकुलम के लिए 150, टीचिंग-लर्निंग के 200, रिसर्च-एक्सटेंशन के 250 अंक तय किए गए हैं। शेष सभी चार बिंदुओं के लिए 100-100 तय किए गए हैं।

### स्कोर कार्ड और ग्रेड से समझें स्थिति

सात बिंदुओं के 1000 अंकों के आधार पर स्कोर कार्ड तैयार होगा। हाई स्कोर 3.51 से 4 तक होगा और ऐसे कॉलेजों को ए++ ग्रेड मिलेगा। 3.26 से 3.50 के बीच ए+, 3.01 से 3.25 के बीच ग्रेड ए, 2.76 से 3.00 के बीच बी++, 2.51 से 2.75 के बीच बी+, 2.1 से 2.50 के बीच ग्रेड बी, 1.51 से 2.00 के बीच अंक पाने वाले सी ग्रेड हासिल करेंगे और 1.50 तक स्कोर वालों को डी ग्रेड दिया जाएगा।

### टॉप 500 में भारत के सिर्फ आठ

**क्यूएस** वर्ल्ड रैकिंग 2021 में दुनिया के 500 शिक्षण संस्थानों में भारत के सिर्फ आठ इंस्टीट्यूट हैं। आईआईटी मुंबई, 2020 की तुलना में नीचे खिसक गया है। क्यूएस लिस्ट में इसे 172वां स्थान मिला है जो 2020 में 152वें पायदान पर था। आईआईएससी बेंगलुर 185,आईआईटी दिल्ली 193, आईआईटी खड़गपुर 314 वें स्थान पर है। दिल्ली यूनिवर्सिटी को 501 से 510 के बीच जगह मिल पाई।

नैक तब किसी कॉलेज या विवि को नैक तभी ग्रेड देगा जब वहां व्यवस्थाएं अच्छी होंगी। बेहतर व्यवस्थाओं को ए ++ मिलेगा। जिनके पास बेहतर व्यवस्थाएं नहीं होगी, वहां ग्रेड अच्छा नहीं मिलेगा। यूजीसी का कदम बहुत सराहनीय है। अगर कॉलेज का ग्रेड अच्छा है तो अच्छी ग्रांट मिलेगी। इससे आने वाले एक दशक में बहुत अच्छा शैक्षणिक माहौल बनेगा। जिनके पास ग्रेड नहीं होगा वे पिछड़ते जाएंगे। छात्र भी उनको तवज्जो नहीं देंगे।

**- राजीव जैन,** कुलपति, राजस्थान विवि जयपुर

## विप्र कल्याण बोर्ड के गठन को लेकर पाराशर ने मुख्यमंत्री को भेजा अनुरोध पत्र

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com



**जयपुर।** विप्र महासभा की ओर से लंबे समय से राजस्थान में विप्र कल्याण बोर्ड बनाने की मांग बार-बार उठाई जा रही है। वहीं सत्ता में आने से पहले कांग्रेस ने चुनाव जीतने पर बोर्ड के गठन का वादा किया था, लेकिन उस वादे को अभी तक भी अमलीजामा नहीं पहनाया गया है। इस संबंध में विप्र संवाद के राष्ट्रीय संयोजक एवं अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज पाराशर ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर प्रदेश मे उठाई विप्र कल्याण बोर्ड के गठन की मांग की है।

पाराशर ने कहा कि बोर्ड के गठन से धर्म, कर्म, संस्कृति, कर्मकाण्ड, यक्ष-हवन एवं अन्य हिन्दू धर्म के क्रियाकलापों में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से पूर्व कांग्रेस पार्टी ने जनघोषणा पत्र में ब्राह्मण समुदाय से विप्र कल्याण बोर्ड बनाने का वादा किया था, जिसे सरकार अब पूरा करे।

जागरूक न्यूज

## अखिल भारतीय खटीक समाज की जिला स्तरीय बैठक संपन्न



**निम्बाहेड़ा@ जागरूक जनता।** अखिल भारतीय खटीक समाज चित्तौड़गढ़ की जिला स्तरीय बैठक निम्बाहेड़ा में बस स्टेण्ड के समीप स्थित बाबाराम देव मंदिर परिसर में समाज के जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल खटीक की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें समाजिक कुरितियों का समाप्त करने की साथ ही समाज निर्णय के अनेक निर्णय लिये गये। जिसमें मृत्यु भोज को बन्द करने को लेकर विशेष रूप से जोर दिया गया। साथ समाज में शिक्षा के प्रचार प्रसार पर विशेष चर्चा की गई। बैठक में आगामी मुल उद्देश्य सामाजिक सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करना। जिला मुख्यालय पर छात्रावास निर्माण और पारिवारिक झगड़ा पर समाजिक समझौता ग्रामीण स्तर पर कार्यकारिणी का गठन, जिला स्तर सम्मान समारोह आयोजित करने का का भी सर्वसम्मति से निर्ण लिया गया। बैठक के दौरान निम्बहेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष पद पर शान्तिलाल दायमा नगर अध्यक्ष पद पर रामचन्द्र पहाड़िया, उपाध्यक्ष दौलत राम निमा, वरिष्ठ उदयराम पहाड़िया, सचिव दिनेश पहाड़िया, उपसचिव महेश दायमा, सहकोषाध्यक्ष सुनिल खींच, संगठन मंत्री भारत दायमा, प्रचार मंत्री कृष्णा बोरीवाल का सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। बैठक में जिला महामत्री कालुराम खटीक सुरेश खोईवाल, संयुक्त संचिव सोहनलाल खटिक, भदेसर ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश तुसावड़ा, डूंगला ब्लॉक अध्यक्ष नारायण नेगड़िया, जिला संरक्षक उदयराम खटिक, उदयराम खटीक, सुरेश चन्द्र दायमा भदेसर सहित समाज जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल खटीक के अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में जिले भर के समाज के प्रबुध जनों एवं पंचों ने भाग लिया।

## जिले के पटवारियों ने लिया सामूहिक अवकाश



**करौली @ जागरूक जनता।** राजस्थान पटवार संघ की प्रदेश महासमिति में लिए गए निर्णय की अनुपालना में जिले के समस्त पटवारी 1 दिन के सामूहिक अवकाश पर रहकर संभाग मुख्यालय भरतपुर में लाल बस्ता सड़क पर ललकार रैली में शामिल हुए। करौली से सभी तहसीलों के समस्त पटवारी अपने-अपने अध्यक्ष के नेतृत्व में अलग अलग गाड़ियों से भरतपुर पहुंचे। गौरतलब है कि राजस्थान पटवार संघ पिछले 13 महीने से अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत है तथा 15 जनवरी से अतिरिक्त पटवार हल्का का बहिष्कार कर रखा है। अपनी मांगों के संबंध में चल रहे आंदोलन पटवारी हक यात्रा के तहत सोमवार को सभी संभाग मुख्यालयों पर रैली लाल बस्ता सड़क पर आयोजित करके 1 दिन का धरना दिया । 20 फरवरी को एक यूनिट 3600 के नाम जिला मुख्यालय पर ब्लड डोनेट कैंप लगाए जाएंगे । राजकीय अवकाश के दिन कार्य नहीं किया जाएगा। आगामी 28 फरवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मीटिंग कर आगामी रणनीति तैयार की जाएगी । इस दौरान जो भी कार्य प्रभावित होंगे उसके लिए प्रशासन एवं सरकार जिम्मेदार रहेगी। भरतपुर संभाग मुख्यालय पर गणेशम होटल से संभागीय मुख्यालय तक सभी पटवारी कतारबद्ध हाथ में लाल बस्ता लेकर रैली में शामिल हुए। सम्भाग मुख्यालय पहुंच कर प्रतिनिधिमंडल ने संभागीय आयुक्त को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश प्रतिनिधि राहुल, जिलाध्यक्ष करौली राजाराम मीना,के नेतृत्व मे समस्त जिले के पटवारी मौजूद रहे, राजस्थान पटवार संघ पिछले 13 महीने से गांधीवादी तरीके से वेतनमान की समस्याओं को लेकर आंदोलनरत है राजस्थान पटवार संघ प्रदेश कार्यकारिणी के निर्णय के अनुसार दिनांक 15 जनवरी से अतिरिक्त सर्किलों का बहिष्कार अनवरत जारी है जिससे जनता के रोजमर्रा कार्य प्रभावित हो रहे हैं परंतु सरकार अभी तक किसी भी प्रकार की बात नहीं सुन रही है। राजस्थान के पटवारियों में भारी रोष व्याप्त है इन कार्यक्रम के बाद भी सरकार पटवारियों की बात नहीं सुनती है तो पटवारी इससे और उग्र आंदोलन करेंगे।

### लाल बस्ता सड़क पर रैली में हुए शामिल

## शाहजहांपुर बॉर्डर के लिए मेहंदीपुरबालाजी के किसानों का कूच



**मेंहदीपुर बालाजी @ जागरूक जनता।** केंद्र सरकार की ओर से बनाए गए तीन कृषि कानूनों के खिलाफ मीन भगवान मंदिर से किसानों के दिल्ली चलो मार्च शाहजहांपुर बॉर्डर के लिए वाहनों का काफिला निकला। इससे पूर्व किसान संयुक्त मोर्चा के किसानों मीन भगवान मंदिर पर राष्ट्रीय गान गाया और भारत माता के जयकारों के साथ दिल्ली शाहजहांपुर बॉर्डर के लिए रवाना हुए। किसानो ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और तीनों कानून को वापस लो वापस लो के नारे लगाए। किसान के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बड़ी तादाद में दिल्ली के लिए रवाना हुए है।राजस्थान से हज़ारों किसान सिंधु बार्डर, शाहजहाँपुर बार्डर, आन्दोलन मे हिस्सा लेने पहुँच रहे है। किसान संयुक्त मोर्चा के रमन मीना ने कहा केंद्र के कृषि बिलों को वापस लेने की मांग को लेकर बड़ी तादात में हम सभी किसान दिल्ली शाहजहांपुर बॉर्डर के लिए रवाना हुए है। राजीव गांधी बिग्रेड प्रदेश महासचिव बीडी जैमन ने कहा कि कॉन्ग्रेस इस मुश्किल घड़ी में किसानों के साथ हैं और आज किसानों के आह्वान पर ही कांग्रेस पार्टी ने राजस्थान में अपना समर्थन दिया है, यही कारण है कि कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी तादाद में दिल्ली शाहजहांपुर बॉर्डर के लिए रवाना हुए है। सरकार द्वारा बनाए गए इन काले कानूनों का कांग्रेस पूरी तरह घोर विरोध करती है। इन तिनो काले कानुनो मोदी सरकार वापस ले। बनवारी सांथा, मनीराम मीना ने बताया कि किसान रैली दर्जनों वाहनों सवार होकर महुआ, अलवर होते हुए शाहजहाँपुर बार्डर पहुँचेंगे। इस रैली मे क़रीब 100 वाहन जायेगे और पूरे राजस्थान से हज़ारों किसान सिंधु बार्डर, शाहजहाँपुर बार्डर, आन्दोलन मे हिस्सा लेने पहुँच रहे है ।

द्वादश ज्योतिर्लिंग कंचन धाम

# सबको सद्बुद्धि दे भगवान!

**शिव दयाल मिश्रा**
jagrukjanta.net/.com



**जयपुर।** ऐसा क्या हो गया जो राजस्थान के बूंदी जिले में खटकड़ के पास स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग कंचन धाम में सूना-सूना सा लगने लगा है। न कोई उत्साह और न कोई कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा। जो भक्तजन आए दिन वहां पहुंचते रहते थे, उन्होंने शायद अब वहां से दूरी बना ली है। महाराजश्री के भक्तों की संख्या दो अंकों तक ही सीमित नहीं है। हजारों की संख्या में (लाखों में भी हो तो कोई आश्चर्य नहीं) उनके भक्त रहे हैं।

महाराजश्री कृष्णदास कंचन महाराज ने शायद ही ऐसा सोचा होगा कि जो भक्त मेरे निकट होने का दंभ भरते रहे हैं वे इस कदर कंचन धाम से दूरी बना लेंगे। महाराजश्री के परम भक्त होने का दम भरने वाले अहंकार में आकर महाराजश्री के प्रति अपनी श्रद्धा को भी भूल बैठे हैं। तभी तो पिछले नवरात्रा के दौरान कंचन धाम खटकड़ में सूनापन दिखाई दिया था। सभी अपने कामों में व्यस्तता बताकर नहीं पहुंचे। तो कुछ भक्तजन गोवर्धन कंचन धाम में पहुंचे। हालांकि वहां पहुंचना कोई गलत नहीं था वह भी महाराज श्री कृष्णदास कंचन महाराज का ही आश्रम है। मगर जिस प्रकार जिम्मेदार भक्तों ने खटकड़ से कन्नी काटी, उसके पीछे कुछ तो कारण अवश्य रहा होगा। अब आश्रम के भक्तजनों में दो गुट साफ दिखाई देने लगे हैं। एक गुट दूरी बनाए हुए है जो दूसरे गुट का मान मर्दन करने के लिए लालायित है। तो दूसरा गुट येन-केन प्रकारेण व्यवस्था को चलाने की कोशिश कर रहा है। मगर वह सफल नहीं हो पा रहा है। तभी तो वहां के पंडितों एवं अन्य कर्मचारियों का कई महीनों से वेतन भुगतान नहीं हुआ है। विडंबना तो यह है कि व्यवस्था को सुधार कर आय के स्रोत बनाने की बजाए पंडितों और अन्य कर्मचारियों को संदेह की दृष्टि से देखा जाने लगा है। उनकी निगरानी की जाती है। ऐसा तो महाराजश्री ने कभी नहीं सोचा होगा। सूत्रों से पता चला है कि व्यवस्था इतनी खराब हो गई है कि गोवर्धन स्थित कंचन धाम आश्रम का विद्युत कनेक्शन भी कट गया। यही हाल खटकड़ वाले आश्रम का है यहां भी कर्मचारियों का वेतन भुगतान कई महीनों का बाकी है तथा विद्युत कनेक्शन काटने के लिए कई बार बिजली विभाग के कर्मचारी आ चुके हैं। देखा जाए तो खास भक्तों का अहम टकरा रहा है। मगर ऐसा नहीं माना जाए तो भी आत्मावलोकन करने में कोई बुराई नहीं है।

सूत्रों से जानकारी के अनुसार महाराजश्री ने जिस समय ट्रस्ट का गठन किया था उसमें कुछ लोगों को आजीवन ट्रस्टी बनाया था, (कागजों को खंगालना चाहिए) मगर महाराजश्री के देवलोक गमन के कुछ दिन बाद ही जनरल मीटिंग बुलाकर सब से इस्तीफा ले लिया गया और नए ट्रस्टी बना दिए गए। इस विषय पर सोचना चाहिए कि महाराजश्री के तथाकथित भक्तजन इतने बड़े बुद्धिमान हो गए जिन्होंने महाराजश्री के निर्णय को तुरन्त पलट दिया और जो ट्रस्टी थे उन्हें कर्मचारी बना दिया। हो सकता है ! वर्तमान में जो अव्यवस्था चल रही है, वह इसी का परिणाम हो। मैं ये बातें किसी को आहत करने के लिए नहीं लिख रहा हूं। मैं सिर्फ महाराजश्री के विशाल धर्मस्थल की बिगड़ती व्यवस्थाओं से व्यथित होकर लिख रहा हूं। दूसरी तरफ कुछ महाराजश्री के खासमखास भक्त गाहेबगाहे कहते सुने गए कि महाराजश्री हमसे बात करते हैं। अगर वे बात करते हैं तो फिर उन बातों को सबको बताना चाहिए कि महाराजश्री का यह कहना है या वह कहना है। खाली डींगें मारने से कुछ नहीं होता। क्या छवि थी आश्रम की महाराजश्री के सामने और अल्प समय में क्या स्थिति बन गई है। जो भक्तजन महाराजश्री कृष्णदास कंचन महाराज को भगवान के रूप में पूजते थे। आज वे कहां हैं।

आश्रम के बाहर बैठे एवं आने-जाने वाले लोगों की बातचीत की अगर चर्चा करें तो ऐसे शब्द सुनने को मिलते हैं जिन्हें सीधे-सीधे नहीं लिखा जा सकता। लोग कहते हैं कि कुछ लोग आते हैं व्यवस्था करने, जो सीधे ऊपर जाते हैं...... खाली करते हैं और नीचे आकर भर लेते हैं फिर वापस ऊपर चले जाते हैं। इसके बाद कर्मचारियों के ऊपर रौब झाड़कर चलते बनते हैं। इसलिए सभी आग्रह और दुराग्रहों को दूर कर सभी जिम्मेदार भक्तजनों को चाहिए कि वे अपने मतभेद एवं अहंकार को तिलांजलि देकर एक-दूसरे का सम्मान करें। एकमत से आश्रम का संचालन कर इस तपोस्थली का प्रभाव दुनिया के कोने-कोने में फैलाने का प्रयास करें। अंत में यही कहना है कि महाराजश्री कृष्णदास कंचन महाराज अपनी मुस्कराती छवि से सबको सद्बुद्धि का आशीर्वाद प्रदान करें।

शहीद राम नरेश गुर्जर की मूर्ति का अनावरण

# शहीदों की भगवान समझकर करें पूजा-हुडला



**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**महुवा।** विधायक ओम प्रकाश हुड़ला ने पावटा में शहीद राम नरेश गुर्जर की मूर्ति का अनावरण किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्नल सिद्धार्थ सूबे जी कमान अधिकारी 123 पैदल पल्टन (प्रा. सेना ) ग्रेनेड ने की। उन्होंने मौजूद आम जन को सम्बोधित करते हुए कहा कि ये इस धरा के लिए सम्मान की बात हैं कि यहां पर शहीद रामनरेश जैसे वीर पुरुष ने जन्म लिया हैं। उन्होंने कहा कि हमारें सैनिक देश की एकता, अखण्डता एवं सुरक्षा के लिए प्राण न्यौछावर करते है साथ ही जो शहीद होते है उनकी न तो कोई जात होती और न ही कोई पात। उन्होंने कहा कि कारगिल की विजय हम सभी ने प्राप्त की है जिसमें हमारे फौजी भाईयों व भारतीय सेनाओं का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि आने वाली पीढ़ी को शहीदों की मूर्तियों एवं स्मारकों पर मेले आयोजित करके उन्हें शहीदों की गाथाएं सुनाएं ताकि उनमें देशभक्ति की भावना उत्पन्न हो। राजस्थान की भूमि के कण-कण में वीरत्व का भाव है। उन्होंने वीरांगनाओं को प्रणाम और शहीदों को नमन करते हुए कहा कि शहीदों की शहादत निरर्थक नहीं जायेगी। उन्होंने कहा कि केवल राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरा देश शहीदों के परिवारजन के साथ हर परिस्थिति में साथ खड़ा हुआ है। इस दौरान उन्होंने पावटा के लोगो कि जन भावनाओ का सम्मान करते हुए तीन जो नई सड़के बनाई जाएगी उनका नाम शहीद राम नरेश गुर्जर, शहीद फ़तेह सिंह, शहीद दिनेश भंडारी के नाम पर किए जाने कि घोषणा भी की। उन्होंने घोषणा की राजकीय प्राथमिक विधालय संस्कृत को राजकीय माध्यमिक संस्कृत विधालय में क्रमोन्नत जल्द किया जाएगा। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि रेणु जैकी रही। इस दौरान रत्तीराम पहलवान, अजित सिंह महवा, मुकेश गुरुजी, कैप्टेन भरत सिंह, भगवान सिंह सरपंच बड़ागांव, नाहरसिंह पूर्व सरपंच अमरपुर, बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

जागरूक जनता jagrukjanta.com फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
अपडेट
हर खबर से आपको रखें
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

13वां पंचकुंडीय रुद्र महायज्ञ

## नर्बदे हर! बीजलगांव में तैयारियां जोरों पर



**खातेगांव (मप्र)।** मध्य प्रदेश की तहसील खातेगांव के अन्तर्गत आने वाले बीजल गांव (कोलारी) में मां नर्बदा जयंती के अवसर पर मां नर्बदा मंदिर प्रांगण में पंचकुंडीय रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं।

यज्ञ का आयोजन शिवानंद महाराज (लोदडी वाले बाबा) के सान्निध्य में होगा। ब्रह्मलीन 1008 श्री स्वामी विशुद्धानंद परमहंस एवं ब्रह्मलीन 1008 श्री स्वामी भास्करानंद परमहंस सवाई माधोपुर (राजस्थान) के शिष्य ब्रह्मचारी शिवानंद महाराज ने बताया कि माघ शुक्ला सप्तमी 19 फरवरी शुक्रवार को प्रातः 8 बजे से गणेश पूजन, हेमाद्री स्नान, शोभायात्रा, मां नर्बदा का पूजन, सहस्र धारा 251 लीटर दूध से अभिषेक एवं चुनरी पहनावा कार्यक्रम होंगे। अगले दिन 20 फरवरी शनिवार को अग्नि स्थापना एवं हवन प्रारंभ होगा। सात दिवसीय कार्यक्रम का 25 फरवरी को पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ यज्ञ सम्पन्न हो जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन श्रीमद्भागवत कथा द्वारा भक्तिरस की वर्षा होगी। कथा दोपहर 12 बजे से 3.30 बजे तक होगी, जिसे विद्वान पं. विनोद शर्मा (कौशल) अपनी मधुर वाणी से संजोएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीश्री 108 रामेश्वरदास महाराज गुजराती बाबा होंगे। भगवानदास बाबा, रामकिशनबाबा रामदासजी त्यागी भी यज्ञ में भाग लेंगे। यज्ञ के यजमान बालाराम मीणा, सुखराम मीणा, सत्यनारायण मीणा, शिवनारायण मीणा एवं कचरूलाल यादव होंगे। उल्लेखनीय है कि मां नर्बदा मंदिर बीजलगांव में 2004 गंगादशमी से अखंड ज्योति जल रही है तथा मां नर्बदा की पैदल परिक्रमा करने वाले यात्रियों के लिए आजीवन अन्न क्षेत्र चलाया जा रहा है।

# निगम उत्तर ने 506 करोड़ 42 लाख का बजट पेश किया

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**जोधपुर।** नगर निगम उत्तर का पहला बजट ध्वनिमत से पारित कर दिया गया । महापौर कुंती परिहार ने 506 करोड़ 42 लाख का बजट पेश किया। बजट बैठक में समितियों का गठन नहीं किया गया। बजट प्रस्ताव में प्रत्येक वार्ड में 25 लाख रूपए तक के कार्य पार्षद निधि से करवाए जाने का प्रस्ताव लाया गया। यह नगर निगम उत्तर का पहला बजट था जिसे ध्वनिमत से पारित किया गया। इसके बाद जो बजट चर्चा हुई वह काफी हंगामेदार रही।

महापौर कुंती परिहार ने 506 करोड़ 42 लाख का बजट रखा जिसे सदन में बहुमत के साथ पारित किया गया। निगम सभागार में महापौर ने कहा कि निगम पार्षद अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से निगम के आय के स्त्रोतों में वृद्धि की जाएगी तथा निगम को सशक्त बनाने का प्रयास किया जाएगा। महापौर ने सभी पार्षदों को विश्वास दिलाया कि नगर निगम उत्तर क्षेत्र में सफाई, सिवरेज व विकास कार्यो के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे। साथ ही शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिए आधुनिकतम मशीनों की भी खरीद की जाएगी।

उन्होंने कहा कि वार्षिक बजट किसी भी संस्था के आने वाले वर्ष में आय व्यय का अनुमान होता है। वार्षिक बजट केवल आंकड़ों की पुस्तक नहीं है बल्कि अगले वर्ष में कार्य की प्राथमिकता एवं नीति का दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि विश्व में इस शहर की जो ख्याति है उसका कारण मेहरानगढ़ किला, माचिया पार्क, शहर की भीतर की पुरानी हवेलियां, संकरी गलियों में अपनायत के साथ रहते लोग साथ ही ऐतिहासिक स्थल मण्डोर एवं उसका उद्यान, तालाब, बावड़ियां आदि है। जो अपनी ऐतिहासिक विरासत के साथ शहर को गौरवांन्वित करते है। इनका पूरा ख्याल रखा जाएगा। महापौर ने कहा कि उत्तर के नवगठित बोर्ड का मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आशा अनुरूप नजरिया रहेगा। ऐतिहासिक व सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के साथ साथ शहर में पर्यटन को बढ़ावा देने और स्वच्छ शहर एवं हरित शहर के रूप में शहर को विकसित करने के लिए सफाई व्यवस्था, सिवरेज व्यवस्था एवं ड्रेनेज व्यवस्था को सुचारू किया जाएगा। साथ ही शहर में आवश्यक विकास कार्य कर नई आधुनिक सुविधाओं को विकसित किया जाएगा।

नवगठित निगम होने के कारण निगम की स्वयं की आय के साधनों से आय बहुत कम है। नगरीय विकास कर से प्राप्त होने वाले कर का अधिकांश भाग नगर निगम दक्षिण को प्राप्त होता है। नगर निगम दक्षिण को नगरीय विकास कर से प्राप्त होने वाली आय का 20 प्रतिशत राशि निगम उत्तर को कहा। महापौर ने नगर निगम दक्षिण को वित्तीय वर्ष 2020-21 में प्राप्त नगरीय विकास कर की राशि का 20 प्रतिशत हिस्सा उत्तर को देने का अनुरोध किया।

### बजट में प्रमुख रूप से की गई घोषणा

- नगर निगम द्वारा एयरपोर्ट विस्तार के लिए हंस्तातरित भूमि से प्राप्त होनी वाली राशि का भाग नगर निगम उत्तर को दिए जाने का राज्य सरकार से अनुरोध।
- विक्रय योग्य भूमि की निलामी द्वारा विक्र य कर आय प्राप्त करने के प्रयास के साथ निगम की गांधी नगर आवासीय योजना में रिक्त भूखण्डों की नीलामी की प्रक्रिया और उससे प्राप्त आय प्रक्रियाधीन।
- निगम को 20 करोड़ अग्रिम राशि के रूप में राज्य सरकार को देने की मांग।
- सीवरेज टेक्स की वसूली का कार्य जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा किया जाता है इसका पूर्नभरण राज्य सरकार के माध्यम से तिमाही आधार पर नगर निगम उत्तर को प्राप्त होता है। गत लम्बे समय से यह राशि निगम को प्राप्त नहीं हो रही है। इस राशि की प्राप्ति के प्रयास।

### आय बढ़ाने के प्रयास

- नगर निगम उत्तर के क्षेत्र में आने वाले वार्डों का वार्ड वाईज सर्वे करवाना। स्टेऊ प्लॉट का पता लगाना उसकी आपत्ति जारी कर उसका वारिसान मालूम करना ताकि निगम सम्पत्ति का पता चल सके और उसकी निलामी की जा सके।
- भवन निर्माण एवं खांचा भूमि नाम हस्तांतरण, भू उपयोग परिवर्तन, स्टेट ग्रांट की पत्रावलियों को समय पर निष्पादन करना ताकि समय पर आय प्राप्त हो सके।
- उत्तर क्षेत्र के सभी मैरिज गार्डन का सर्वे करवाकर उनका पंजीयन करना।
- बकाया लीज राशि, लीज डीड राशि का डोर टू डोर सर्वे करवाकर बकाया राशि जमा करवाने की कार्यवाही।
- बहुमंजिला ईमारतें जिनमें फायर संबंधी कार्य है उनसे फायर से सुरक्षा संबंधी राशि वसूल करना।

### राज्य सरकार से प्रस्तावित योजनाएं

- घण्टाघर गिरदीकोट क्षेत्र का व्यवसायिक केन्द्र के रूप में विकास किया जाना। प्रवेश द्वारों एवं घण्टाघर के सौन्दर्यकरण के कारण विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए हैरिटेज स्वरूप को बरकरार रखते हुए राज्य सरकार के सहयोग से 600 करोड़ का कार्य प्रस्तावित।
- उम्मेद उद्यान में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इन्दिरा गांधी की प्रतिमा के साथ उस स्थल को विकसित करने के लिए 1 करोड़ का कार्य प्रस्तावित।
- कायलाना झील के पास पहाड़ी पर स्थित माचिया किला एवं शहीद स्मारक संरक्षण के लिए 10 लाख का कार्य प्रस्तावित।
- बाल समंद झील एवं नागादड़ी के ऑवरफ्लो पानी के बहाव नाले में प्रथम चरण में मण्डोर से फुलबाग होते हुए चतुरावता तक नाले की मरम्मत पर 10 करोड़ के कार्य प्रस्तावित।
- सारण नगर फ्लाई ओवर से नान्दड़ी सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लांट को जाने वाली 900 मिमी व्यास की पुरानी सीवर लाईन जो अब अवधिपार हो गई है उसके लिए 6 करोड़ का कार्य प्रस्तावित।
- इसके अलावा सिवांची गेट से बालवाड़ी स्कूल तक सीवर लाईन के लिए 1.5 करोड़ प्रस्तावित।
- आर.पी.टी.सी. कॉलोनी से बी एस एफ क्षेत्र होते हुए बालसमंद नाले तक सीवरेज लाईन के लिए 1 करोड़ प्रस्तावित।
- 80 वार्डों के मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए 5 करोड़ के अतिरिक्त कार्य प्रस्तावित।

## मांगीलाल बोस का नेहरू कॉलोनी में किया स्वागत

**बालोतरा @ जागरूक जनता।** मेडिकल रिलीफ सोसायटी नाहटा हॉस्पिटल बालोतरा के सदस्य मांगीलाल बोस का नेहरू कॉलोनी में किया स्वागत। आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत शिक्षक फोरम बाड़मेर के जिलाध्यक्ष सालगराम परिहार ने साफा पहनाकर स्वागत किया। ललित परिहार ने माला पहनाकर मेडिकल रिलीफ सोसायटी के सदस्य मांगीलाल बोस का अभिनंदन किया। इस अवसर पर बोस ने कहा कि नाहटा अस्पताल की व्यवस्थाओं में और अधिक क्या सुधार हो सकता है इस पर चर्चा की गई। नाहटा अस्पताल की परिसर में सफाई की ओर विशेष ध्यान दिलाने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में भटराज बारूपाल, चेलाराम, जगदीश परिहार सहित गणमान्य उपस्थित रहे।



## राज्य मानवाधिकार आयोग ने किये बालाजी दर्शन



**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**मेहंदीपुर बालाजी।** राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गोपाल कृष्ण व्यास मेहंदीपुर बालाजी पहुँचे जहॉ न्यायमूर्ति ने स्वमंभू श्री बालाजी महाराज के दर्शन कर भगवान की विशेष पूजा की। उन्होंने भैरव बाबा, प्रेतराज सरकार के दर्शन कर देश प्रदेश सहित परिवार खुशहाली की कामना की। अध्यक्ष का मंदिर पंडितो ने सोने के चोले का तिलक लगाकर मनौती पूरी होने का आशीष दिया। मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष ने मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस मौके पर मंदिर ट्रस्ट के विशालपुरी गोस्वामी से मंदिर जीर्णोद्धार की जानकारी लेकर मंदिर नवनिर्माण पर खुशी व्यक्त की मंदिर ट्रस्ट प्रतिनिधि अजय प्रकाश और लक्ष्मीकान्त गुप्ता ने छप्पन भोग प्रसादी भेंट की। इस दौरान बालाजी थाना प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा, चौकी प्रभारी अनूपसिह, सिकराय कोर्ट रीडर महेश मीना, तामील रवि पाठक मौजूद रहे ।

ANCHOR | कार्यक्रम

# रसीदपुर की जनता को 3 करोड़ के विकास समर्पित-हुडला

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**महवा।** अब हर घर पहुचेगा जल ये कहना हैं महुआ विधानसभा सीट से सर्व समाजी विधायक ओम प्रकाश हुडला का। उनके प्रयासों से महुआ विधानसभा के हड़िया, रसीदपुर, उकरून्द, गाजीपुर, खावदा व हुड़ला गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीणों को उनके घर पर ही पेयजल का शुद्ध पानी उपलब्ध करवाने के लिए पाइपलाइन बिछाई जाने के पिछले दिनों किये गए प्रयास अब रंग लाने लगे हैं।

जिसके ही फलस्वरूप आज रसीदपुर में जनता जल योजना के अंतर्गत कार्य शुरू हो चुका हैं । जिसमें से ग्रामीणों को पेयजल हेतु नल कनेक्शन भी उपलब्ध करवाए जाएंगे। विधायक हुडला ने बताया कि विधानसभा के ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उनके



घर पर उपलब्ध करवाने की मेरी पहली प्राथमिकता है। इसी के तहत रसीदपुर में 2 करोड़ 53 लाख की लागत से पेयजल योजना तथा तीन सोलर पंप और 5 लाख की लागत से सामुदायिक भवन बनाये जाने की भी घोषणा की तथा हर किलोमीटर पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे जिनकी लागत लगभग 3 करोड़ रुपये होगी। साथ ही विधायक हुडला ने बताया कि लगभग 1 करोड की लागत से मण्डावर, गगवाना, हुडला, सीत, रा उ मा वि सीत, अकबरपुर, राजगढ़, कोट, बलाई मोहल्ला में गगवाना जाटव बस्ती में सोलर सिंगल फेज स्वीकृत कराए जा चुके है जिनका भी कार्य प्रगति पर है। नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं पानी बिजली सड़क और हमारे नौनिहालों को नजदीक से नजदीक अच्छी शिक्षा व शिक्षक उपलब्ध करवाना मेरी प्राथमिकता है। इस दौरान हरिकिशन ड्डस्त्रश्च, मोतीलाल सरपंच, किशन गहलोत लाल सिंह थानाधिकारी मण्डावर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे ।

## सीए फाउंडेशन में भरतपुर के पुनीत देशभर में अव्वल

**भरतपुर @ जागरूक जनता।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने सीए फाउंडेशन व इंटरमीडिएट परीक्षा का रिजल्ट सोमवार को जारी कर दिया। इसमें भरतपुर के पुनीत अग्रवाल ने सीए फाउंडेशन में देश में टॉपर किया है। किला निवासी पुनीत ने 400 में से 361 अंक हासिल किए। पुनीत के अलावा महाराष्ट्र के इचलकरंजी निवासी निधि गंगवानी की भी पहली रैंक आई है। दोनों के समान अंक हैं।

डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2021-23 | R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758

# ओसवाल ग्रुप के सौजन्य से सरकारी स्कूल में बांटे सेनेट्री नेपकिन





**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**जयपुर।** विद्याधर नगर सेक्टर 2 स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय इंग्लिश मीडियम में ओसवाल ग्रुप ने अपना प्रॉडक्ट सेनेट्री नेपकिन हैप्पी टच का वितरण किया। नेपकिन वितरण जयपुर नगर निगम ग्रेटर के वार्ड 21 की पार्षद प्रियंका अग्रवाल के हाथों किया गया। विद्यालय प्रांगण में पहुंचते ही अगंतुकों का विद्यालय प्रशासन ने सरकारी गाइड लाइन के अनुसार सेनेटराइज कर टेंपरेचर नापा। इसके बाद प्रधानाध्यापक बच्चू सिंह धाकड़ ने पार्षद प्रियंका अग्रवाल का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। पार्षद अग्रवाल के अलावा जागरूक जनता के प्रधान सम्पादक शिवदयाल मिश्रा भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस अवसर पर संस्था प्रधान ने स्कूल में चल रहे नवीन निर्माण एवं अन्य व्यवस्थाओं के बारे में विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम के दौरान ओसवाल ग्रुप ने आवश्यकता होने पर इस प्रकार के किट उपलब्ध कराने की बात भी कही। पार्षद की टीम में अनिता अग्रवाल, साक्षी अग्रवाल एवं सुनीता जैन भी शामिल रहीं। उल्लेखनीय है कि ओसवाल ग्रुप द्वारा असहाय और गरीब बच्चों को सहायता पहुंचाई जाती रही है।

### ओसवाल ग्रुप का प्रॉडक्ट हैप्पी टच

**सैनेट्री** नेपकिन हैप्पी टच ओसवाल ग्रुप का बेहतरीन प्रॉडक्ट है। ओसवाल ग्रुप समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन करता रहता है। ग्रुप की ओर से स्कूल की छात्राओं, ग्रामीण निर्धन महिलाओं के अलावा अन्य लोगों को भी निःशुल्क सहायता उपलब्ध करवाई जाती है।

## क्या आप पुरानी बीमारियों से परेशान है?...

**बाव के दर्द:** रींगणबाय (साइटिका), कमरदर्द व कमर से नीचे पंजे तक भयंकर रील, दर्द चलना। जोड़ों का दर्द, गठिया, सांधियाबाय (आर्थाइटिस), गर्दन की जकड़न (स्पोंडीलाइटिस), पुरानी मोच (टेंडन स्प्रेंस), कंधे का दर्द जिसमें हाथ का ऊपर नहीं उठना (फ्रोजन सोल्डर), घुटनों का दर्द, सिरदर्द, एक हाथ में दर्द व रील चलना (ब्रेकियल न्यूराइटिस), मांसपेशियों का दर्द, मोटापा, एड़ी में दर्द व सृजन, लकवा।

निम्नलिखित रोगों को भी ठीक करने में अच्छी सफलता मिली है:-

बवासीर • पथरी • थायराइड • डायबिटिज (शुगर)
श्वांस दमा • हृदय रोग • गुप्त व चर्म रोग

यदि आप इन उपरोक्त बीमारियों का इलाज करवाकर निराश हो चुके हैं और समझ बैठे है कि आपका रोग जाने का नहीं तो आप हमारी समन्वित चिकित्सा विधि से अवश्य लाभ उठायें। इस विधि में हम मुख्यत: जड़ी-बूटियों से बनी खाने की दवाई, लेप व औषधसिद्ध धूत तेल काम में लेते हैं। सुप्रसिद्ध जर्मन डॉ. एंड्रिऊ टेलर की स्पाइन मनीप्यूलेशन, विधि, खान-पान, रहन-सहन, व्यवसाय एवं आधुनिक मशीनों आदि को सहायक के रूप में चिकित्सा में जरूरत के अनुसार शामिल कर लेते है-

**निदान :** साधारणतया नाड़ी देखने, पीछे की हिस्ट्री से एवं हाथ से स्पर्श से बीमारी का पता चल जाता है। कई केसेज में खून, पेशाब की जाँच व एक्सरे करवानी पड़ती है। अगर आपके पास किसी भी प्रकार के जाँच के कागज, एक्सरे, दवाई के कागज पड़े हो तो जरूर साथ लावें।

**आरोग्यदीप**
(प्राकृतिक हर्बल उपचार एवं आहार चिकित्सा संस्थान)
बी-1, पिंकसिटी टॉवर, पीतल फैक्ट्री के पास, झोटवाड़ा रोड, जयपुर (राज.)
समय-प्रात: 8 से दोपहर 2 बजे तक
Mo.: 9829015224
*नोट: शराब व गुटखे की लत भी छुड़वाई जाती है (रोगी को साथ लाना आवश्यक है)*



डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा
(आयुर्वेद रत्न)NDDY
मो.:9829015224

## राजस्थान सरकार का नया प्रयोग

# पहली बार संभागीय आयुक्त हर महीने मंत्री के साथ दौरा करेंगे

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** प्रदेश सरकार की योजनाओं की धरातल पर मॉनिटरिंग के लिए अब संभागीय आयुक्त को मंत्री के साथ महीने में एक दौरा करना होगा। प्रशासनिक सुधार विभाग के प्रमुख सचिव अश्विनी ने इस संबंध में आदेश जारी किए। अब संभागीय आयुक्त की जिम्मेदारी होगी कि वह प्रभारी मंत्री से समन्वय करके महीने में एक दौरा करे। संभागीय आयुक्त को हर महीने दो दौरे करने होते हैं। अब इनमें एक दौरा प्रभारी मंत्री के साथ करना होगा। भाजपा सरकार के समय भी प्रभारी मंत्री और प्रभारी सचिव अलग-अलग दौरा करते थे। इसके आधार पर जिले, मंत्री और सचिव की रेटिंग तय होती थी। वहीं कांग्रेस सरकार में अब प्रभारी मंत्री और प्रभारी सचिव साथ-साथ दौरा करते हैं। अब इस दौरे में संभागीय आयुक्तों को भी शामिल किया गया है। प्रदेश में सात संभागीय आयुक्त हैं। ये आयुक्त अब संभाग में एक दौरा प्रभारी मंत्री के साथ करेंगे।

# 15 मार्च से भस्मारती में शामिल हो सकेंगे श्रद्धालु, गर्भगृह में भी जा सकेंगे

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**उज्जैन।** बाबा महाकाल के भक्तों के लिए अच्छी खबर है। 8 महीने बाद महाकाल के द्वार आम भक्तों के लिए फिर से खुलने जा रहे हैं। महाकालेश्वर मंदिर में 15 मार्च से आम श्रद्धालु भी पहले की तरह भस्मारती में शामिल हो सकेंगे। भक्तों को गर्भगृह में भी जाने की अनुमति होगी। शयन आरती में आज यानी मंगलवार से ही प्रवेश मिलेगा। शयन आरती का भी समय बढ़ाकर रात 10:15 बजे तक कर दिया गया है। शिवलिंग पर हरिओम जल चढ़ाने का फैसला महाशिवरात्रि के बाद होगा। महाकाल मंदिर प्रबंध समिति की मंगलवार को हुई बैठक में ये सभी फैसले लिए गए। कलेक्टर आशीष सिंह के मुताबिक, मंदिर प्रबंध समिति में आम राय बनी है कि भस्मारती में पूरी क्षमता के साथ आम श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया जाए। कोरोना गाइडलाइन का पालन कराया जाएगा। साथ ही, भस्मारती के साथ ही गर्भगृह में भी भक्तों को प्रवेश दिया जाएगा, ताकि वे महाकाल का अभिषेक कर सकें। उन्होंने कहा कि भस्मारती और गर्भगृह में आम श्रद्धालुओं के प्रवेश को महाशिवरात्रि के बाद पहले सोमवार से या सात-आठ

since 2005

**विनायक ज्वैलर्स**

| | |
|---|---|
| 22 K 916 | हॉलमार्क ज्वैलरी |
| 18 K 750 | हॉलमार्क डायमंड ज्वैलरी |
| 970 | Silver Utensiles |
| Certified | राशि रत्न |

Retailer of Gold, Diamond & Silver Jewellery
G-46, Unnati Tower, Central Spine, Vidhyadhar Nagar, Jaipur
0141-2337548, 0141-2337458, 9414156451

QSI
Reliable, Professional & Genuine ISO Certification
Serving Govt, PSU, MSME, Health & Education etc

*Services since 2001*
ISO Awareness, Auditors/ L.A. Training On site - PUBLIC
CE, NABL, NABH, SEDEX, Disaster M.PLAN Product & Process standards ISO 4427 Assistance & Certifications

HBO Oxygen Treatment
Franchise Available
SNHL, Wounds, AUTISM, C.P. Side effects of Post Chemo-Radio Preventive Healthcare
-: Contact :-
R. C. Agrawal, Director
Call. 9829017133, 0141- 2236895
QSI (India) Certifications P.L.
SF 1/557 Vidyadhar Ngr, Jaipur-39
Email: qsicert@gmail.com
www.qsi-india.com

*ISO 9001, 14001 IMS ISO 45001, 22000, 27001 EA ISO 50001, MD 13485, SA 8000 , Weld Quality ISO 3834-2 , 15085, IRIS 22163 IATF-16949 ETC*

NISSAY
Nippon Life Insurance Company




○ जापान की सबसे बड़ी निजी जीवन बीमाकर्ता[1]
○ कुल 54 लाख करोड़ से अधिक की संपत्ति[2]
○ फॉर्चून ग्लोबल 500 कंपनी[3]

RELIANCE NIPPON LIFE INSURANCE
A RELIANCE CAPITAL COMPANY

आपके और आपके प्रियजनों के लिए मन की शांति!

निप्पोन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी द्वारा जारी 1. कंपनी का प्रकटीकरण; 2. निप्पोन इंश्योरेंस कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट 2020 1INR=1.46JPY; 3. https://fortune.com/global500/;

संपादक : **ज्ञानेन्द्र मिश्रा** मो.-9829329070, फोन : 0141-2338070, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। **संपादकीय कार्यालय** : 63, राजीव नगर, मदनबाड़ी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

जागरूक जनता
विश्वसनीय हिन्दी अखबार
विश्वसनीय साप्ताहिक अखबार
# जागरूक जनता
Digital Edition
एक सकारात्मक सोच
राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित
jagrukjanta.in
/jagrukjanta
/jagrukjantanews
jagruk_janta
जयपुर, बुधवार 10 फरवरी - 16 फरवरी, 2021



# मुफलिसी में दिन काटने को मजबूर 4 पुत्रियाको 1 पुत्र के साथ पत्नी और माता पिता का खर्च उठाने में असहाय बंजारा

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**भरतपुर।** भरतपुर जिले के बयाना उपकरण अंतर्गत ग्राम पंचायत गुर्दा नदी के गांव बंजारा नगला में एक परिवार के सामने रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है परिवार मुखिया पिता के क्षय रोग है वहीं मां दिव्यांग जिनके 1 पुत्र व चार पुत्रियां हैं। परिवार में कमाने वाला कोई और ना होने से भारी संकट उत्पन्न है।

बयाना उपखंड की ग्राम पंचायत गुर्धा नदी के गांव नगला बंजारा में राजू सिंह पुत्र महेंद्र बंजारा के परिवार की राजू बंजारा पिछले 7 माह से अपनी टीवी की बीमारी को लेकर बेहद परेशान है बंजारा की विकलांग पत्नी सोमवती होने के कारण चाहते हुए भी अपने परिवार को आर्थिक मदद करने में भी आशाहय साबित हो रही है। ऐसी में उसकी 4 बेटी एक बेटा उम्र में काफी छोटे हैं मजदूरी पर ना तो उसके बच्चे जा सकते और ना ही उसकी विकलांग पत्नी जा सकती ना खुद अपनी बीमारी के चलते मजदूरी कर पाता है। राजू सिंह बंजारा ने बताया कि 6 महीने से वह टीबी रोग से ग्रसित है ऐसे में वह कुछ नहीं कर पा रहा है नहीं उसे कोई दिखाने वाला परिवार में उसकी बड़ी बेटी पायल 10 साल की है जो पांचवी कक्षा में पढ़ रही है दूसरी बेटी करिश्मा 8 वर्ष की है पुत्र सुनील 6 वर्ष का है पुत्री इच्छा 4 साल की है और पुत्री परी 2 साल की है ऐसे में उसको परिवार के ओर से सपोर्ट नहीं मिल पा रहा है राजू ने बताया कि उसकी मां भी काफी बुजुर्ग है ऐसे में उसकी देख देख करने वाली उसकी विकलांग पत्नी सोमवती है मुफिलेसी मैं जी रहे राजू ने कई जगह समाज सेवी संस्थान और समाज सेवकों से भी सहायता की गुहार लगाई लेकिन उसे कहीं से कोई सहायता नहीं मिल पाई ,राजू का कहना है कि सरकार की ओर से कुछ सहायता मिल पाती तो उसके परिवार को यह दिन नहीं देखना पड़ता।

सर्दियों के समय में भी उनके पास खासतौर से ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है वह सर्दी के बचाव के लिए ना कोई पक्का मकान अपने परिवार को रजाई गद्दे और बेहतर मकान में रहने का जरिया तक उपलब्ध नहीं है। बंजारा का कहना है कि सरकार की ओर से मदद मिल जाए तो उसके अपने दो टाइम की रोजी रोटी का जरिया मिल सकता है बच्चों की पढ़ाई लिखाई खानपान जैसी अनेक समस्याओं से हो वह इस मजबूरी में किस तरह से पूरा करे इसी उधेड़बुन में दिन रात सोच में लगा रहता हैं।

## अल्पसंख्यक विभाग ने कोरोना जागरूकता रैली निकाली




**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** कोरोना जनजागृति अभियान के तहत मंगलवार को अल्पसंख्यक मामलात विभाग, चित्तौड़गढ़ एवं नगर परिषद, चित्तौड़गढ़ के संयुक्त तत्वाधान में मुख्य सब्जी मण्डी पावटा चौक क्षेत्र में निःशुल्क मास्क वितरित किये गए। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मंजूर खाँ पठान ने बताया कि अल्पसंख्यक मामलात विभाग के अधीन पंजीकृत मदरसों में कार्यरत चित्तौड़गढ़ नगरीय क्षेत्र के मदरसा पैराटीचरर्स द्वारा रैली निकाली गई। "दो गज की दूरी मास्क है जरूरी" नारो के साथ अल्पसंख्यक विभाग स्टॉफ एवं मदरसा पैराटीचरर्स द्वारा आस पास के क्षेत्र में वाहनों पर जागरूकता पोस्टर चिपकाए गए। इसी के साथ स्थानीय लोगों को निःषुल्क मास्क वितरित किये गए। इस अवसर पर अल्पसंख्यक विभाग से जिला अल्पसंख्यक अधिकारी मंजूर खाँ पठान, मोहम्मद आबिद खान, कैलाष तिलक, भेरूसिंह चुण्डावत, मदरसा नोडल पैराटीचर शाहिद हुसैन अंसारी, मोहम्मद जावेद शैख, जमीला बेबी शैख, नसीम बानो, राबिया बानो, अहमद अली कुरेषी, सैय्यद रूकैया बेगम, हलीमा बानो, निलोफर अंजुम, रूमाना सुल्ताना, अफसाना गौरी व कौसर परवीन सहित चित्तौड़गढ़ नगर क्षेत्र के स्थानीय मदरसा पैराटीचर्स उपस्थित थे।

## 26 करोड़ 15 लाख 21 हजार की 15 पेयजल योजनाएं स्वीकृत

**भरतपुर @ जागरूक जनता।** जल जीवन मिशन योजना के तहत भुसावर उपखंड की 15 ग्राम पंचायतों मैं पेयजल योजना हेतु 26 करोड़ 15 लाख 21 हजार की राशि स्वीकृत होने पर क्षेत्र की जनता ने आभार व्यक्त किया है। वैर भुसावर विधानसभा विधायक एवं गृह सुरक्षा राज्यमंत्री भजन लाल जाटव की अनुशंसा पर जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्राम पंचायत बबेखर के लिए 116.96, मैनापुरा के लिए 186.02, इटावा के लिए 213.07 एवं घाटरी पंचायत के लिए 155.70 लाख, जगजीवनपुर 146. 90, खोहरी 92.76, समराया हेतु 196.28, हाथौडी 184.62,न्यामदपुर 173.11, खेड़ली गाना सिया, जसपुरा मोरोली 197.66, फरसों 172.00, बरखेड़ा 201.20, खूटखेड़ा 65.4, एवं खरेरी 254.93 लाख रुपए की स्वीकृत होने पर भुसावर नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता प्रकाश जाटव संजीत जैमन बबेखर से एडवोकेट तारेश उपमन, पूर्व उपसरपंच रमेश सिंह राजपूत, मैनापुरा से उपसरपंच प्रकाश व्यास, बृजेंद्र व्यास, अनार सिंह राजपूत, घाटरी से कप्तान सिंह मुरारी लाल लोकेश कुमार सहित ऋषि बदनपुरा, सहित अनेक क्षेत्र के नागरिक कौन है मंत्री भजनलाल जाटव सहित प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत , जल संसाधन मंत्री का आभार व्यक्त किया है इससे एक बहुत बड़ी गांव की गर्मियों में होने वाली पेयजल समस्या का समाधान हो सकेगा।

## सांवरिया गोशाला में समाजसेवी सीके ग्रुप द्वारा 40 क्विंटल सुकला (पशु आहार) किया भेंट

**निम्बाहेड़ा @ जागरूक जनता।** नगर के प्रमुख समाजसेवी सी.के. ग्रुप द्वारा रेलवे फाटक के पास स्थित सांवरिया गोशाला में मंगलवार को गायों के लिए 40 क्विंटल सुकला (पशु आहार) भेंट किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सुभाषचंद्र शारदा, पालिका उपाध्यक्ष परवेज अहमद (शिब्बी) सी.के.ग्रुप के डायरेक्टर वसीम खान, वरिष्ठ पार्षद व गोभक्त बंशीलाल राईवाल, शाजेब खान, अशरफ मेव आदि मौजूद थे।

## द्रव्यगुण विभाग के प्रो.ए.रामा मूर्ति को रजिस्ट्रार बनने पर पी.जी छात्रसंघ ने दी बधाई



**जयपुर @ जागरूक जनता।** एनआईए डिम्ड यूनिवर्सिटी द्रव्यगुण विभाग के प्रो.डॉ ए.रामामूर्ति को राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के रजिस्ट्रार पद पर नियुक्ति के लिए संस्थान पी.जी छात्रसंघ कार्यकारणी ने बधाई दी। छात्रसंघ महासचिव डॉ भूपेंद्र शर्मा चांदवास ने बताया कि प्रो.ए.रामामूर्ति एक अच्छे आयुर्वेद चिकित्सक तथा गुरु हैं। विद्यार्थीयो के हितो की रक्षा मे सक्रिय भूमिका निभाते है। छात्रों को हमेशा ही आगे बढने के लिए प्रेरित करते है। इस अवसर पर प्रो.ए.रामामूर्ति ने नव नियुक्त पी.जी छात्रसंघ कार्यकारणी को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि विद्यार्थी को पढाई के साथ साथ सामाजिक गतिविधियों मे भी बढ़ चढकर भाग लेना चाहिए। गुरुजनो का आदर- सत्कार करे तथा मन लगाकर पढाई करे। संस्थान के हर विद्यार्थी को अच्छे कार्य कर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विवि का नाम रोशन करना चाहिए। उक्त समय पर डॉ दीपक शर्मा, छात्रसंघ अध्यक्ष डॉ अशोक चौधरी,कोषाध्यक्ष डॉ अशोक रेगर ,उपाध्यक्ष डॉ अर्जुन ,डॉ विनय वर्मा,डॉ पंकज छिम्पा,डॉ राजकुमार जागिड़ ने भी प्रो.ए.रामामूर्ति को शुभकामनाएं प्रेषित की ।

**एसएमएस ट्रोमा सेंटर** में बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

# 108, एनएचएआई और निजी एंबुलेंस का होगा एकीकरण

### घायलों की जिंदगी बचाने के लिए विश्वस्तरीय उपकरणों से मिलेगा प्रशिक्षण

### तमिलनाडु मॉडल अपनाकर 108, एनएचएआई और निजी एंबुलेंस का होगा एकीकरण

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com



**जयपुर।** परिवहन विभाग के राज्य सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ की ओर से सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में स्थापित विश्वस्तरीय अत्याधुनिक तकनीक वाली स्किल लैब में बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हुई। परिवहन आयुक्त रवि जैन ने कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर कहा कि शुरूआत में पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके बाद चिकित्सकों, प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यकर्ताओं, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट-गाइड सहित सभी क्षेत्रों के लोगों को सड़क सुरक्षा का प्रशिक्षण मिलेगा। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग सड़क सुरक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है और इस सेंटर में सड़क दुर्घटना में घायलों के साथ ही हार्ट अटैक, लकवाग्रस्त, करंट लगने से पीड़ित सहित अन्य मरीजों के प्राथमिक उपचार के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### हर जीवन बचाना ही लक्ष्य

**परिवहन** आयुक्त ने कहा कि इस अत्याधुनिक सेंटर से प्रशिक्षण लेने के बाद यदि प्रशिक्षण लेने वाला प्रतिभागी एक व्यक्ति की भी जिंदगी बचा सके तो सेंटर की सार्थकता साबित हो जाएगी। सबसे पहले पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण मिलेगा। उन्होंने कहा कि यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अपने साथी कर्मचारियों को भी जानकारी दें।

### लैब में प्रतिभागियों को होगा वास्तविक आभास

इस अवसर पर सवाई मानसिंह अस्पताल के प्राचार्य डॉ. सुधीर भंडारी ने कहा कि अत्याधुनिक स्वचालित मॉडल के जरिए प्रशिक्षण में प्रतिभागी को घायल मरीज जैसा आभास होगा। इससे प्राथमिक उपचार प्रक्रिया सीखने में आसानी होगी। इस सेंटर में घायल को तुरंत उपचार देने और सही तरीके से एंबुलेंस में लेटाकर अस्पताल पहुंचाने के बारे में भी सिखाएंगे। सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ प्रभारी निधि सिंह ने बताया कि प्रकोष्ठ की ओर से लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत से आईसीयू में 16 बैड लगाए गए है।

### सभी संभागों में स्थापित करेंगे बीएलएस सेंटर

**जैन** ने बताया कि सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ फंड से अभी जयपुर में बेसिक लाइफ सपोर्ट कार्यक्रम की शुरूआत हुई है। आगे शेष 6 संभागों में भी ऐसे सेंटर स्थापित कर कार्यक्रम संचालित करेंगे। इससे प्रदेशभर के आमजन को भी प्रशिक्षण मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार तमिलनाडु राज्य के सड़क सुरक्षा मॉडल को अपनाने जा रही है। इसमें राज्य की 108 एंबुलेंस सेवा, नेशनल हाईवे की एंबुलेंस और निजी एंबुलेंस का एकीकरण किया जा रहा है। इससे आमजन जब 108 टोल फ्री नंबर पर कॉल करने पर जीपीएस सिस्टम के जरिए सबसे नजदीक खड़ी एंबुलेंस को मरीज की सहायता के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए सॉफ्टवेयर विकसित किया जा रहा है। इस सेवा को जल्द ही शुरू कर देंगे, जिससे कि एंबुलेंस समय पर पहुंचेगी और पीड़ित को तुरंत प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध होगी।

### यह है स्किल लैब व लाइफ सपोर्ट सिस्टम सेंटर

**इस** स्किल लैब के उपकरण जय प्रकाश नारायण अपेक्स ट्रोमा सेंटर एम्स नई दिल्ली से लाए गए हैं। इस लैब को लगभग 4 करोड़ रुपये से बनाया गया था। वहीं, समर्पित राज्य सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ से 25 लाख रुपए की लागत से बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

## अरबन बैंक की बड़ीसादड़ी शाखा ने मनाया स्थापना दिवस

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com



**चितौड़गढ।** ग्राहक संतुष्टि ही हमारा परम् ध्येय है। टेक्नॉलोजी के इस बढ़ते परिपेक्ष्य में फिजीकल से डिजिटल बैंकिंग की ओर ले जाने के लिए हम संकल्पबद्ध है। आम-जन को समस्त प्रकार की बैंकिंग सुविधाएँ सरल, त्वरित पहुँचाना ही हमारा मुख्य लक्ष्य है। ये विचार चित्तौड़गढ़ अरबन को-ऑपरेटिव बैंक की प्रबन्ध निदेषक वन्दना वजीरानी ने बडीसादडी शाखा के स्थापना दिवस पर ग्राहकों को शुभकामनाए देते हुए बैंक के संकल्प 2025 के लक्ष्य को बताते हुए व्यक्त किये एवं ग्राहकों को इसमें बढ-चढ कर सहभागिता निभाने की अपील की। साथ ही अल्प बचत ही सहकारिता का मुख्य आधार है एवं अरबन बैंक आमजन को छोटी छोटी बचत के लिए प्रेरित करेगा जिस पर सामान्य से अधिक ब्याज दर के माध्यम से आय में वृद्धि भी हो सकेगी। श्रीराम निधि में भी बढ़चढ कर समर्पण करने के लिए आह्वान किया गया। प्रबन्धक (प्रशासन) जे.पी. जोषी ने भी शुभकामनाएं प्रेषित कर व्यवसाय को बढाने एवं लॉकर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ग्राहकों से अपील की। शाखा प्रबन्धक अंकित श्रीवास्तव द्वारा बैंक की प्रबन्ध निदेषक श्रीमती वन्दना वजीरानी, पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत अभिनन्दन किया गया। शाखा प्रबन्धक अंकित श्रीवास्तव, वैभव पोरवाल, राजेष कुमार साहू, राजू प्रजापत द्वारा ग्राहकों को मास्क वितरण कर एवं उनका मुँह मीठा करवाया। गोष्ठी के प्रारम्भ मे शाखा प्रबन्धक ने शाखा की प्रगति की जानकारी देते हुए समस्त ग्राहको का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। स्थापना दिवस के अवसर पर बडीसादडी शाखा की सजावट की गई एंव कोरोना गाईड लाईन की पालना कर स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर स्टॉफगण सहित पंकज मेहता, कमलेश नाहर, करणसिंह गदिया, मुकेश आमेटा, महेन्द्र सामोता, प्रकाश धाकड, जीवन मोगरा, धनराजशर्मा, लक्ष्मीचन्द स्वर्णकार, राकेष सेठिया, अरविन्द बक्षी, गोपाल सेठिया, नरेश नागौरी, विमल मोगरा, दषरथ पितलिया, राकेष मेहता, लोकेष घींग, प्रियंका जैन सहित कई ग्राहकगण उपस्थित थे जिन्होनें इस अवसर पर बैंक के कार्यो एवं ग्राहक संतुष्टि पर संतोष व्यक्त किया।

## सरकारी कार्यालयों में सरपंचों का सम्मान जरूरी -हुडला

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com



**महवा।** विधायक ओमप्रकाश हुडला ने सरपंचों की पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के कार्यो का पूरा लेखा-जोखा आपको प्रशिक्षण अभियान के दौरान इन 5 दिनों के अंदर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि संपूर्ण मानव कोई भी नहीं है। आदमी जन्म लेता है जन्म लेने के बाद ही संस्कार सीखता है। जहां तक मैं समझता हूं अब जो वर्तमान में सरपंच जीत कर आए हैं उनमें पुराने सरपंचों की संख्या बहुत कम है तथा जो नए सरपंच है उनकी संख्या बहुत ज्यादा है। विधायक हुडला ने बताया कि हम बिना टेक्नोलॉजी के कुछ भी काम नहीं कर सकते। विधायक हुडला ने कहा कि टेक्नोलॉजी का उदाहरण जैसे एक व्हाट्सएप ग्रुप है उस ग्रुप के माध्यम से सभी सरपंच ग्राम विकास अधिकारी को जोड़ा जाता है और एक मैसेज से ही सबको सूचना पहुंचा दी जाती है। सूचना पहुंचाने पर कम ऊर्जा खर्च होती है और अपना काम जल्द ही हो जाता है। विधायक हुडला ने कहा कि प्रशिक्षण बहुत जरूरी है। विधायक ने अपने भाषण के दौरान कहा कि ग्राम विकास अधिकारी और सरपंच ग्राम पंचायत में विकास करने के दो पहिए होते हैं। दोनों पहिये अगर समानता चलते रहते हैं तो विकास में कभी कोई कमी नहीं रहती।

## प्रो. चारण बने यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यू की राष्ट्रीय समिति के चेयरमैन

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com



**बीकानेर।** देश में तकनीकी शिक्षा का नियमन करने वाली अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद,नई दिल्ली द्वारा यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यू की राष्ट्रीय स्तरीय समिति का हाल ही में पुनर्गठन किया गया है। इस पुनर्गठित राष्ट्रीय समिति का बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.एच.डी. चारण को चैयरमेन नियुक्त किया गया है। एआईसीटीई की उपनिदेशक डॉ. नीतू भगत ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं।

जानकारी प्रदान करते हुए विश्वविद्यालय के सहायक जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया की अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा संचालित माननीय मूल्यों के कार्यक्रम का प्रदेश की तकनीकी शिक्षा एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के विधार्थियो हेतु सफल क्रियान्वयन, प्रभावी संचालन एवं वृहत स्तर पर बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के नेतृत्व में किए गए उल्लेखनीय कार्यो एवं सतत श्रेष्ठ मानवीय मूल्यों के प्रयासों को रेखांकित करते हुए एवं कुलपति प्रो.चारण की उपलब्धियों को देखते हुए उन्हें 13 सदस्यीय राष्ट्रीय स्तरीय समिति का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। वर्तमान श्री चारण इस राष्ट्रीय समिति के सदस्य भी है। प्रोसेसर चारण के सफल निर्देशन में प्रदेश के सभी संबद्ध महाविद्यालयों में माननीय मूल्य कार्यक्रम एवं पाठ्यक्रम को आशाजनक परिणामों के साथ नवाचार के रूप में लागू किया गया है।पिछले 2 वर्षो में बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय ने प्रदेश की तकनीकी शिक्षा में मूल्यों के समन्वय के साथ उच्च शिक्षा के विद्यार्थियों को मानव जीवन के विभिन्न दायित्वों से परिचित कराया है।

इस अवसर पर प्रोफेसर चारण ने कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर मानव मूल्यों के अभियान को जारी रखते हुए भविष्य में विस्तृत कार्य योजना के साथ में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के मानवीय स्वरूप से जोड़ेंने का प्रयास करेगा। राष्ट्रीय समिति के चेयरमैन होने के नाते उनकी प्राथमिकता रहेगी कि देश की तकनीकी शिक्षा को मानवीय मूल्यों के साथ एक नई दशा और दिशा प्रदान की जा सके। राष्ट्रीय समिति इसे अपने एजेंडे में शामिल कर संपूर्ण देश में व्यापक स्तर पर कार्य करेगी।

# नया बिजली कनेक्शन लेना हुआ सस्ता

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** राजस्थान में अब अविकसित कॉलोनियों (गैर विद्युतीकृत कॉलोनी) में बिजली कनेक्शन लेना सस्ता हो गया है। कनेक्शन शुल्क 50 फीसदी घटाया गया है। इसमें मल्टीस्टोरी बिल्डिंग के लिए बिल्टअप या प्लॉट क्षेत्रफल के अनुरूप गणना होगी। अफोर्डेबल आवास और औद्योगिक इकाइयों के लिए के लिए कनेक्शन लोड वोल्टेज की सीमा बढ़ाई गई है। राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग ने 16 साल बाद बुधवार को नया विद्युत सप्लाई कोड विनियम 2021 जारी कर दिया। इसमें डिस्कॉम्स के लिए नया विद्युत कनेक्शन देने की समय सीमा 30 से घटाकर 7 दिन कर दी। वरिष्ठ नागरिकों और विशेष योग्यजन को घर बैठे सेवा उपलब्ध कराने की अनिवार्यता की गई है।

### कहां कितना हुआ शुल्क

| निकाय | पहले | अब |
|---|---|---|
| नगर निगम | 200 | 100 |
| नगर परिषद | 170 | 85 |
| नगर पालिका | 150 | 75 |
| ग्रामीण | 130 | 65 |

*(अविकसित कॉलोनियों के लिए कनेक्शन दर रुपए प्रति वर्गगज)*

### वोल्टेज डिमांड सीमा बढ़ाई, खर्चा होगा कम

ग्यारह केवी के लिए वोल्टेज डिमांड सीमा 1500 केवीए से बढ़ाकर 2500 केवीए होगी। 33 केवी के लिए अभी वोल्टेज डिमांड सीमा 5000 केवीए है, जिसे बढ़ाकर 8000 केवीए कर दिया गया है।

### घरेलू श्रेणी के कनेक्शन 7 दिन में देने होंगे

आयोग ने नए इलेक्ट्रिसिटी एक्ट के तहत ही नए विद्युत कनेक्शन जारी करने की समय सीमा घटा दी है। अब मेट्रो शहरों में 7 दिन में, अन्य नगर पालिका क्षेत्रों में 15 दिन, ग्रामीण क्षेत्रों में 30 दिन में कनेक्शन जारी करना होगा। सभी जगह घरेलू श्रेणी के लिए यह समय सीमा 7 दिन ही रहेगी।

### इनके लिए प्रावधान का सरलीकरण

कॉलोनियां, टाउनशिप, ग्रुप हाउसिंग, कॉम्प्लेक्स, बहुमंजिला इमारत, बड़े भवन, औद्योगिक क्षेत्रों और फार्म हाउस योजना को सप्लाई के लिए प्रावधान का सरलीकरण किया गया है। डवलपर्स आवेदकों को कनेक्शन जारी करने की सुविधा के लिए विभिन्न चरण में काम पूरा करने की अनुमति दी गई है।

### दो में शुल्क बढ़ोत्तरी, बाकी यथावत

**लाइन** एक्सटेंशन का शुल्क और प्रति कनेक्शन शुल्क बढ़ाया गया है। जबकि प्रीपेड मीटर के लिए सुरक्षा शुल्क 50 प्रतिशत घटाया है। अन्य मामलों में शुल्क नहीं बदला गया है।

### ये भी प्रावधान

- » सेल्फ मीटर रीडिंग।
- » शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे और ग्रामीण इलाकों में 72 घंटे में खराब मीटर बदलेंगे।
- » वितरण निगम दो से अधिक प्रोविजनल बिल जारी नहीं कर सकेगा। ऐसी स्थिति में उपभोक्ता तब तक बकाया भुगतान करने से इनकार कर सकता है जब तक उसे वास्तविक रीडिंग अनुसार बिल जारी नहीं किया जाता।

## बलात्कार के प्रयास के आरोपी को पांच वर्ष का कारावास

**झुंझुनूं @ जागरूक जनता।** जिला एवं सैसशन न्यायाधीश चंचल मिश्रा द्वारा सोमवार को दिए एक निर्णय में एक युवती से बलात्कार के प्रयास करने के आरोपी प्रवीणकुमार पुत्र रामसिंह निवासी खतेहपुरा पुलिस थाना सदर जिला झुंझुनूं को पांच वर्ष के साधारण कारावास एवं पांच हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। इस मामले का सबसे बड़ा पहलू यह भी है कि सैशन न्यायालय में मामला दर्ज होने के 20 रोज में ही मामले का निर्णय कर दिया गया। मामले के अनुसार 26 नवंबर 2020 को पीड़िता के पिता द्वारा एक रिपोर्ट पुलिस थाना सदर झुंझुनूं पर दी गई कि 25 नवंबर 2020 को दिन में एक बजे के आस-पास प्रवीण पुत्र रामसिंह निवासी खतेहपुरा ने उसके घर कमरे में घुसकर उसकी लड़की से बलात्कार करने के लिए अपने सारे कपड़े निकालकर नग्न होकर व उसकी पुत्री के कपड़े फाड़कर बलात्कार करने की कोशिश की। पीड़िता के चिल्लाने पर पड़ौस का युवक आया व उस युवक ने धक्का-मुक्की करकर उसकी लड़की को छुड़वाया तो मौका पाकर प्रवीण भाग गया आदि। पुलिस ने इस रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर बांद जांच प्रवीण के विरूद्ध बलात्कार का प्रयास आदि का चालान संबंधित न्यायालय में पेश कर दिया। राज्य सरकार की तरफ से पैरवी कर रहे लोक अभियोजक भारत भूषण शर्मा ने इस्तगासा पक्ष की और से सात गवाहान के बयान करवाए तथा 16 दस्तावेज प्रदर्शित करवाए गए। लोक अभियोजक शर्मा ने न्यायालय में दलील दी कि मामला अत्यन्त गंभीर प्रवृति का है। इसलिए आरोपी को सख्त से सख्त सजा दी जाए। न्यायाधीश ने पत्रावली पर आई साक्ष्य का बारिकी से विश्लेषण करते हुए अभियुक्त प्रवीण को उक्त अनुसार सजा देते हुए धारा 450 में भी तीन वर्ष का और साधारण कारावास एवं तीन हजार रुपए अर्थदंड से दंडित करते हुए दोनों ही मूल सजाएं साथ-साथ भुगतने का आदेश दिया तथा यह भी आदेश दिया कि अभियुक्त प्रवीण द्वारा पुलिस एवं न्यायिक अभिरक्षा में व्यतीत की गई अवधि को दिए गए दंड में समायोजित किया जाए।

ANCHOR | जयपुर रत्न सम्मान

# सीजन 3 के ब्रांड अम्बेसेडर बने डॉ जगदीश पारीक

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com




**जयपुर।** हेल्प इंडिया ऑनलाइन और शक्ति हेल्पिंग हेंड तथा शक्ति फ़िल्म प्रोडक्शन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जयपुर रत्न सम्मान समारोह सीजन 3 के ब्रांड अम्बेसेडर के रूप में डॉ जगदीश पारीक को मनोनीत किया गया, कार्यक्रम के आयोजककर्ता अम्बालिका शास्त्री पवन पारीक और रिंकू सिंह गुर्जर ने बताया की डॉ जगदीश पारीक आज के युथ के लिए एक प्रेरणा के स्त्रोत है। आपने राष्ट्र को एक करोड़ प्रीवेंटिव हेल्थ कंसल्टेंट देने का संकल्प लिया है। राष्ट्रीय शिक्षा रत्न अवार्ड से सम्मानित डॉ॰जगदीश पारीक जो भारत को विश्व गुरु बनाने को लेकर पिछले कई वर्षो से सरकार के साथ मिलकर शिक्षा में नवाचार को लेकर रिसर्च कार्य कर रहे हैं, आप विभिन्न सरकारी व गेर सरकारी संस्थओं के साथ मिलकर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और अपनो की मदद के लिए कार्य कर रहे हैं। हेल्प इंडिया फाउंडेशन के मार्फत शेक्षणिक गतिविधियो , स्वास्थ्य योजनाओं और रोजगार युक्त स्किल के प्रेणता डॉ जगदीश जी मात्र 36 वर्ष की आयु में आपने 500 से ज्यादा टॉप स्कूल्स में 2 लाख के लगभग शिक्षकों ऑफ लाइन व ऑनलाइन ट्रेनिंग दी है।

डॉ पारीक विश्व की नम्बर वन प्ले स्कूल मायस्कूल में निदेशक है। इसके अलावा आप डायरेक्टर आई मेमोरी स्कूल फाउंडेशन, डायरेक्टर एशिया फर्स्ट गवर्नमेंट मेटा स्किल न्यूरोसाइंस रिसर्च सेंटर,पायोनीर ह्यूमन क्रिएटिव व स्किल एट स्कूल लेवल प्रोग्राम इन इंडिया ,इंडियन बिज़नेस स्कूल से मैनेजमेंट गोल्ड मैडलिस्ट, मलेशिया फोरम से चाइल्ड साइकोलोजिस्ट,द्धष्टस्न सर्टिफाइड मास्टर न्यूरोसाइंस व वैलनेस कोच,500 से ज्यादा प्रेस्टीजियस स्कूल के टीचर्स को ट्रेनिंग व लाखों अभिभावकों कि परेंटिंग कार्यशाला सफलता पूर्वक कर चुके हैं

NLP अमेरिकन बोर्ड व LDA अमेरिका के साउथ एशिया कोच, गवर्नमेंट स्किल ट्रेनिंग मैं विश्व रिकॉर्डधारी, 10000 से ज्यादा डिजिटल व प्रोफेसनल कोर्सेज तथा भारत के प्रथम 50 न्यूरोसाइंस कोच भारत की प्रथम सरकारी स्किल यूनिवर्सिटी में आपने ही तेयार किए हैं।

डॉ जगदीश पारीक हेल्प इंडिया ऑनलाइन के संस्थापक सदस्य है, तथा डॉ जगदीश पारीक समाज को सबल और सक्षम बनाने की अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहे है, और समाज के लिए सराहनीय कार्य कर रहे है। अम्बालिका शास्त्री ने बताया की वो डॉ जगदीश पारीक को जयपुर रत्न सम्मान समारोह के ब्रांड अम्बेसेडर के रूप में नियुक्त करके बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहे है, शक्ति हेल्पिंग हैंड और शक्ति फ़िल्म प्रोडक्शन के पुरे परिवार ने जगदीश पारीक को शुभकामनायें दी।

**जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड यूनिवर्सिटी का दीक्षांत समारोह आयोजित**

# आत्मनिर्भर भारत की सोच को आगे बढ़ाने वाले पाठ्यक्रमों का हो विकास-राज्यपाल

## विश्वविद्यालयों को शोध की मौलिक दृष्टि विकसित करने का किया आह्वान

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि स्थानीय ज्ञान विज्ञान को सहेजने वाले ऐसे पाठ्यक्रम विकसित किए जाने चाहिए जो आत्मनिर्भर भारत को आगे बढ़ाने के लिए विद्यार्थियों को तैयार कर सकें। उन्होंने कहा कि देश के संसाधनों का समुचित सदुपयोग देश में ही हो, इसके लिए नई शिक्षा नीति में पाठ्यक्रम के अध्ययन के साथ कौशल विकास के माध्यम से विद्यार्थियों को हुनर से जोडने पर विशेष ध्यान दिया गया है। राज्यपाल मंगलवार को राजभवन से जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड यूनिवर्सिटी के 13वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शिक्षण संस्थानों से शोध की ऐसी मौलिक दृष्टि विकसित करने का आह्वान किया जिससे विलुप्त हो रहे ज्ञान को आधुनिक संदर्भों में फिर से जीवंत किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी को शिक्षित बनाने के लिए बापू ने मातृभाषा में शिक्षा तथा आत्मनिर्भरता के लिए शिक्षा पर विशेष जोर दिया था, नई शिक्षा नीति के माध्यम से देश की शिक्षा व्यवस्था में ऐसे ही बदलाव लाने की पहल की गई है। राज्यपाल ने स्थानीय संसाधनों, संस्कृति और धरोहर के संरक्षण में तकनीक के अधिकाधिक उपयोग पर भी जोर दिया। राजस्थान उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता आरएन माथुर ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर कहा कि नई शिक्षा नीति के माध्यम से उन जीवन मूल्यों को प्रतिस्थापित करने की पहल की गई है जो सदियों से राष्ट्र की धरोहर रहे हैं। कार्यक्रम में कुलाधिपति प्रो. बलवन्त शान्तिलाल जानी ने भी अपने विचार रखें और कुलपति कर्नल प्रो. एस एस सारंगदेवोत ने विद्यापीठ का वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह में विभिन्न संकायों के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और पीएचडी धारकों को उपाधियां प्रदान की गईं।

**बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय और प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का एमओयू सम्पन्न**

# आध्यात्मिक सेतु के माध्यम से होगा सांस्कृतिक आदान-प्रदान

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com



**बीकानेर।** एक बार प्रदेश के विद्यार्थी पुनः अपनी सभ्यता संस्कृति और आध्यात्मिक से रूबरू होंगे, तकनीकी शिक्षा में आध्यात्मिक का समावेश एवं साँस्कृतिक समन्वय की परिकल्पना को साकार मूर्त रूप देते हुए बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय नें प्रजापति ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के साथ हाल ही में समझौता ज्ञापन सम्पन्न किया है।

जानकारी देते हुए विश्विद्यालय के सहायक जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया की कुलपति प्रो.एच.डी.चारण ने के अध्यक्षता में हाल ही एक प्रतिनिधिमंडल ने ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय, माउंट आबू का दौरा किया और वहां के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर समझौता ज्ञापन सम्पन्न किया। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के प्रमुख डॉ मृत्युंजय और बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एच. डी. चारण के मध्य समझौता पर हस्ताक्षर किए गए एवं इस अवसर पर दोनों विश्वविद्यालयों ने अपने समझौता ज्ञापन एक दूसरे को हस्तांतरित किए।

एएमओयू के तहत दोनों विश्वविद्यालय अपने शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक आदान प्रदान करेंगे, साथ ही शिक्षा के आध्यत्म से जुड़ाव को लेकर विभिन्न नवीन पाठ्यक्रमों की कार्ययोजनाओं पर भी कार्य करेगा।

कुलपति प्रो. एच.डी. चारण ने कहा की शिक्षा और अध्यात्म विज्ञान का समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों को एक नया माहौल प्रदान किया जा सके जिससे विद्यार्थी अपनी धर्म व सभ्यता संस्कृति के प्रति जुड़ाव महसूस कर सके और शिक्षा को संस्कार के साथ ग्रहण कर सके जिससे आने वाले समय में हमारे विधार्थी देश के भावी कर्णधार बन सके। हम शैक्षणिक अनुसन्धान, अकादमिक कार्यक्रम, पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण, अकादमिक परियोजनाए, विषय विशेषज्ञ व्याख्यान, सामजिक एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान के दुवारा समझौता ज्ञापन के तहत दोनों विश्वविद्यालय मिलकर सयुक्त रुप से पर कार्य करेंगे, जिससे सभी में अपनी संस्कृति के प्रति उत्तरदाइत्व की भावना विकसित होगी। निसंदेह यह एमोयू आशाजनक परिणामों के साथ शिक्षा व्यवस्था में नवाचार लाएगा।

विश्वविद्यालयों का कार्य समाज,राज्य और व्यवस्थाओं की समस्याओं का प्रभावी और वैज्ञानिक हल खोजना और उच्च शिक्षा के वर्तमान मांगो की पूर्ति करना भी है। इसलिए बीटीयू ने प्रदेश के विद्यार्थियों को एक बार पुनः अपनी सभ्यता व संस्कृति से जोड़ने के लिए इस नवाचार के माध्यम से प्रयास किया है की विश्विद्यालय के विद्यार्थियों में ज्ञान-विज्ञान और आध्यात्म की गंगा का नियमित प्रवाह हो।

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के प्रमुख डॉ मृत्युंजय ने कहा की यह यह समझौता ज्ञापन सिर्फ दो संस्थानों के बीच साझेदारी का समझौता नहीं है, बल्कि यह ज्ञान-विज्ञान, कौशल और सास्कृतिक समन्वय की दिशा में उठाया गया एक अभूतपूर्व कदम है।

# गांवों के बाजार होंगे गुलजार, मनरेगा बढ़ाएगी डिमांड

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** कोरोना काल में चरमराई आर्थिक गतिविधियों के बावजूद सर्वाधिक रोजगार देने वाली मनरेगा अब वित्तीय वर्ष के अंत में सुस्ती से उबरते बाजार को भी सम्बल दे सकती है। केन्द्र की मंजूरी मिली तो मौजूदा वित्तीय वर्ष के अंतिम 2 महीनों में तयशुदा लक्ष्य से अधिक 720 करोड़ की बड़ी धनराशि राज्य के मजदूरों के हाथों में आएगी। जानकार मान रहे हैं कि इससे खास तौर पर ग्रामीण बाजार में अच्छी मांग पैदा होने के आसार हैं।

### अगले सप्ताह केन्द्र से बात

योजना के तहत राज्य सरकार ने मौजूदा वित्तीय वर्ष में ही 3.60 करोड़ अतिरिक्त मानव दिवस सृजित करने का प्रस्ताव तैयार कर लिया है। अगले सप्ताह में केन्द्र के साथ इस बारे में बैठक होगी, जिसमें इस अतिरिक्त बजट की मंजूरी मिलने की सम्भावना है।

### बढ़ी डिमांड से आस

राज्य में मनरेगा के तहत रोजगार की डिमांड बढने के मद्देनजर केन्द्र से अतिरिक्त श्रम बजट आवंटित होने की आस बंधी है। केन्द्र ने इस वित्तीय वर्ष के लिए 37 हजार करोड़ मानव दिवस का श्रम बजट मंजूर किया था। अब रोजगार डिमांड बढ़ने के कारण श्रम बजट के संशोधित प्रस्ताव तैयार किए गए हैं।

### यों बढ़ी रोजगार की मांग

- 13 लाख श्रमिक नियोजित थे पिछले साल फरवरी के पहले सप्ताह में
- 21 लाख से अधिक है इस साल यह संख्या
- 8 लाख अधिक मजदूर हुए हैं नियोजित

### एक लाख से अधिक मजदूरों वाले जिले

भीलवाड़ा 2.16 लाख
नागौर 1.86 लाख
अजमेर 1.66 लाख
बाड़मेर 1.44 लाख
जोधपुर 1.39 लाख
डूंगरपुर 1.09 लाख
श्रीगंगानगर 1 लाख

### यों गुलजार होंगे बाजार

- 2 माह में हाथ आएंगे मनरेगा के जरिए अतिरिक्त 720 करोड़ रुपए
- 3 करोड़ से अधिक अतिरिक्त मानव दिवस के लिए प्रस्ताव तैयार।

# जेडीए बीपीसी की बैठक में 5 प्रकरणों का अनुमोदन

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** जेडीए की 295वीं बीपीसी (एलपी) बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। जेडीए आयुक्त गौरव गोयल की अध्यक्षता में हुई बैठक में 5 प्रकरणों का अनुमोदन किया गया। बैठक में विधायक आवास जालूपुरा की भूमि का भू-उपयोग आवासीय व आंशिक पब्लिक सेमी से मिश्रित भू-उपयोग उपान्तरण किए जाने की सैंद्धातिक स्वीकृति दी गई। इसके अलावा नेमी नगर विस्तार में आवासीय से पैट्रोल पंप प्रयोजनार्थ भू-उपयोग प्रयोजनार्थ पोल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के दिशा-निर्देशों के साथ जोन की ओर से परीक्षण करवाये जाने का निर्णय लिया गया। टोडीरामजानीपुरा तहसील सांगानेर में खसरा सं. 230/299 के आवासीय एकल भूखण्ड का अनुमोदन किया गया। डाबलाखुर्द तहसील फागी जिला जयपुर के खसरा नं. 725/27 में पैट्रोल पंप के लिए एकल पट्टा मानचित्र के लिए पोल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के दिशा-निर्देशों के साथ जोन की ओर से परीक्षण करवाये जाने का निर्णय लिया गया। जयपुरियों का बास तहसील जयपुर में आवासीय/डिस्ट्रीक कॉमर्शियल योजना श्रीधर सिटी योजना का अनुमोदन किया गया।

### भवन मानचित्र समिति (बीपी) की बैठक

जेडीए आयुक्त गौरव गोयल की अध्यक्षता में भवन मानचित्र समिति (बिल्डिंग प्लान) की बैठक भी हुई। इसमें 4 प्रकरणों पर विचार-विमर्श करने के बाद अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया।

# दिव्यांग दम्पति व बच्चे की मदद



**उदयपुर @ जागरूक जनता।** नारायण सेवा संस्थान ने दिव्यांग धर्माराम(13) और रमेश मीणा(28) को उनकी विपरीत परिस्थितियों में तात्कालिक मदद पहुँचाई है। एक सप्ताह पहले कानोड़ तहसील के तालाब फलां निवासी रमेश पुत्र वाला मीणा का घर आग लगने से स्वाह हो गया था। संस्थान ने अनाज, वस्त्र, कम्बल मसाले आदि देकर उसकी मदद की।रमेश और उसकी पत्नी लोगरी दोनों ही जन्मजात दिव्यांग है। चार बच्चों के साथ गृहस्थी को चलाना, पहले से ही इसके लिए भारी था और अब घर के जल जाने से उस पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं मंगलवार को पीआरओ विपुल शर्मा को फुटपाथ पर मिले धर्मा पुत्र कंवरलाल को व्हीलचेयर, कपड़े, बिस्किट एवं राशन देने के साथ उसका सीपी टेस्ट करवाया। इस बालक की दो वर्ष पूर्व बीमारी के दौरान आवाज और आंखों की रोशनी चली गई थी।अब इसके पांव भी नाकाम हो गए है। डॉक्टर्स टीम आवश्यक चिकित्सा के लिए प्रयासरत है। संस्थान निदेशक वंदना अग्रवाल ने कहा कि विषमता में परेशान दिव्यांगों एवं दुखियों को ज्यादा से ज्यादा मदद पहुंचाने के लिए संस्थान तत्पर है। विष्णु शर्मा हितैषी,भगवान प्रसाद गौड़, दिलीप सिंह, फतेहलाल मौजूद रहे।

# पम्प में चोरी छिपे बायो डीजल भरते टेंकर सहित 18500 लीटर बायो डीज़ल ज़ब्त, चालक डिटेन

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**चित्तौड़गढ़।** जिला विशेष टीम व रसद विभाग ने संयुक्त कार्यवाही को अंजाम देते हुए पहले से ही सील किये गए बायो डीज़ल पम्प पर चोरी-छिपे एक टैंकर से 18,500 लीटर बायोडीजल खाली करते हुए बायो डीजल सहित टैंकर को जब्तकर चालक को डिटेन किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक दीपक भार्गव के द्वारा जिले में अवैध तरीके से बायोडीजल के पंप लगाकर सस्ते दामों में बायोडीजल टैंकरों से खाली करा गुप्त रूप से बेचा जा रहा है। जिस पर माफियाओं को चिन्हित कर पुलिस द्वारा कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को शहर उपाधीक्षक मनीष शर्मा के निर्देशन में विशेष टीम प्रभारी शिवलाल मीणा के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल पवन कुमार ने मय जाब्ता व जिला रसद विभाग निदेशक विनय कुमार के नेतृत्व में रसद निरीक्षक हितेश जोशी ममता होटल रिठोला चोराहे पर पहुंचे । जहां पर होटल के पास एक सील किया हुआ बायोडीजल पम्प था। जिसको पहले से ही रसद विभाग ने सील कर रखा था। जिसमें चोरी-छिपे एक टैंकर की सील तोड़कर नली डालकर बायोडीजल उक्त पंप पर खाली किया जा रहा था। दोनों टीमों के द्वारा टैंकर चालक से बायोडीजल के बारे में अनुज्ञापत्र वगैरा के बारे में पूछताछ की गई जो , कि नहीं पाए गए। यह पंप कुछ दिनों पहले ही जिला रसद विभाग द्वारा अवैध घोषित कर सील कर दिया गया था। जिस पर टैंकर चालक को डिटेन कर नाम पता पूछा उसने अपना नाम जितेंद्र पिता लाल साहब निवासी फुलवाडी, जौनपुर उत्तर प्रदेश होना बताया जिस पर बायो पंप को रसद विभाग द्वारा फिर से सील बंद किया तथा टैंकर में भरे बायोडीजल का नाम किया गया , तो 18 हज़ार 5 सौ लीटर बायोडीजल पाया गया । जिसको मौके पर ज़ब्तकर उक्त टैंकर को चित्तौड़गढ़ सदर थाना में खड़ा किया। अग्रिम कार्यवाही रसद विभाग अधिकारी विनय कुमार शर्मा के नेतृत्व में की जा रही है।



**खेजड़ला का लाल लक्ष्मण राम चौधरी सीमा पर देश के लिए शहीद**

# नम आँखों से दी लाल को अंतिम विदाई

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**खेजड़ला/जोधपुर ।** प्रदेश के जोधपुर स्थित खेजड़ला गांव के बहादुर सिपाही राष्ट्रीय राइफल 21 जाट रेजिमेंट के सिपाही लक्ष्मण राम चौधरी जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में पाकिस्तान की और से नियत्रण रेखा पर की गयी गोलीबारी में शहीद हो गए। लक्ष्मण राम पाकिस्तान द्वारा संघर्ष विराम का उल्लंघन किये जाने की घटना में शहीद होने वाले राजस्थान के चौथे सिपाही है। दुशमन की गोलीबारी का हमारे जवानों ने मुह तोड़ जवाब दिया जिसमें लक्ष्मण राम गंभीर रूप से जख्मी हो गए इसके बाद उपचार के दौरान लक्ष्मण राम की मृत्यु हो गयी। प्रवक्ता ने बताया कि लक्ष्मण राम एक बहादुर साहसिक सिपाही था देश के लिए किए गये बलिदान को राष्ट्र हमेशा याद रखेगा। पार्थिव देह जोधपुर वायु सेना के आर्मी स्टेशन से सड़क मार्ग से पैतृक गांव खेजड़ला ले लाया गया। पीपाड़ शहर पहुचने पर पुरे शहर वासियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर शहीद की शहादत को नमन किया और पुष्प वर्षा व देश भक्ति नारो के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की।

शहीद लक्ष्मण राम पिचकिया के पार्थिव शव को सैनिक सम्मान के साथ सेना की गाड़ी को पुष्प मालाओं से सजाकर जोधपुर से खेजड़ला की ओर लाया गया। रास्ते में जगह-जगह सेना की इस गाड़ी को रोककर शहीद को पुष्पांजलि अर्पित करने वालों का तांता लगा हुआ रहा। शहीद की गाड़ी के साथ दर्जनों गाड़ियों का काफिला साथ चल रहा है,तथा वातावरण शहीद अमर रहे और वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा है ,वही यहां खेजड़ला गांव में शहीद के परिवार के लोग विलाप में थे और पुरे गांव में अपने लाड़ले के खातिर नही जलाये चूल्हे, माता और बहनों के करुण क्रंदन को सुन मकान के बाहर खड़े अनगिनत लोगों की आंखें सजल होती है । शहीद की सुचना मिलते ही अंतिम संस्कार को लेकर स्थानीय प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर रखी थी उपखंड अधिकारी भवानी सिंह राजावत पुलिस उप अधीक्षक हेमंत नोगिया थाना प्रभारी मनीष देव सिंह तहसीलदार ताराचंद प्रजापत खेजड़ला के पूर्व एवं वर्तमान सरपंच एवं पंच गण, क्षेत्र के गणमान्य लोग भी यहां पहुंच चुके थे। जाट महासभा के पदाधिकारियों के साथ अनगिनत युवा भी यहां पहुंच और वातावरण वंदे मातरम शहीद लक्ष्मण राम चौधरी अमर रहे से गूंज रहा है। ओजस्वी युवा कवि मनीब सैनी बागवान ने कविता के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की...

घणो सुहागन घणमरो , छूटा हाथ चूड़ला
जिन छांव में जाट खेल्यों ,बड़भागी रे भड़ला
जबर लड़यो अर भिड़ियो, टाबरियो जोधाण
सरगा पूग्यों लिछमणों , धिन माटी खेजड़ला

ANCHOR | रूबरू

# जीवन के नतीजे आपकी सोच, फीलिंग के परिणाम होते है-डॉ. पारीक

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com




**जयपुर।** हेल्प इंडिया ऑनलाइन संस्थान का राष्ट्रव्यापी तीन दिवसीय कार्यशाला आज हैवा हेवन रिसोर्ट में सपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुवात परम आदरणीय गलता पीठाधीश्वर अनंत श्री विभूषित श्री स्वामी अवधेशाचार्य जी महाराज ने दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम की शुरुवात करते हुवे कहा कि कर्ता होने का भाव ही अहंकार है। सामाजिक संस्थान के रुप में हेल्प इंडिया को बड़ा उदाहरण बताया।

समापन समारोह में संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जगदीश पारीक ने कहा कि मस्तिष्क के प्रोग्राम को किसी भी उम्र में रि-प्रोग्राम किया जा सकता है विज्ञान ने इतना रिसर्च व सिद्धांत विकसित कर लिए है जिनका प्रयोग करके साधारण व्यक्ति भी एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी बन सकता है दुनिया कि सबसे मुश्किल व महंगी न्यूरो ट्रेनिंग हर भारतीय तक आसानी व सहजता से पहुचानें का कार्य हेल्प इंडिया कर रहा है।

हेल्प इंडिया ऑनलाइन संस्थान के राष्ट्रीय महामंत्री एमएफए पवनकुमार पारीक ने बताया कि कार्यक्रम के तीन चरणों में 1100 लोग शामिल हो रहे है। न्यरोसाइंस एवं मेटास्किल ट्रेनिंग के बाद DGT ट्रेनिंग का प्रमाण पत्र वितरण किये गए। अनेको अचीवर को मानव मित्र सम्मान, विवेकानंद पुरस्कार एवं लेपटॉप वितरण अतिथियों द्वारा दिये गए।

कार्यक्रम में संस्थान के लीगल विंग राष्ट्रीय चैयरमेन गोवेर्धन सिंह एवं राष्ट्रीय प्रभारी आनंद शर्मा ने संस्थान के जुड़े प्रकल्पों के लीगल कार्यो को बारीकियों को समझाया। संस्थान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजासिंह ने प्रीवेंटिव हेल्थ के बारे विस्तार से बताया। DMIT विंग की राष्ट्रीय चैयरमेन प्रियंका माने ने DMIT ने शिक्षा की राष्ट्रीय नीति में DMIT को शामिल करने की मांग रखते हुवे। DMIT के ऑथेंटिक होने के प्रमाण पेश किए एवं टेलेंट के मुताबिक उनके विषय चयन करने के बारे में बताये। शिक्षा विंग के राष्ट्रीय प्रभारी डॉ चंद्रशेखर श्रीमाली ने केरियर काउंसलिंग एवं राष्ट्रीय सचिव श्याम सिंह शेखावत ने संस्थान की गतिविधियो के बारे में बताया।

राष्ट्रीय महामंत्री एमएफए डॉ पवनकुमार पारीक ने संगठन एवम सामाजिक कार्यो के बारे में बताया कि बीते 1 वर्ष में देश ही नहीं दुनिया ने कोरोना काल की महामारी का चुनौतीपूर्ण तरीके से सामना किया है, ऐसे दौर में हेल्प इंडिया की देशव्यापी टीम ने सामाजिक सरोकारों में आगे रहते हुए करीब 9 लाख से अधिक मास्क का वितरण किया व गांव-गांव ढाणी-ढाणी में जरूरतमंदों को राशन सामग्री, वस्त्र, सैनिटाइजर, दवाओं आदि का वितरण कर एक रिकॉर्ड कायम किया।

कार्यक्रम में प्रथम दिन सुशीला भारती, सोनल एवं हेमा सिंह द्वारा नखराली नार रंगारंग कार्यक्रम पेश किया, दूसरे दिन पद्मश्री गुलाबो सपेरा एवं टीम के द्वारा कालबेलिया नृत्य एवं आज कवि विष्णु पारीक ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में फर्स्ट अटेम्प्ट शार्ट मूवी का पोस्टर एवं टेलर बताया गया तथा जयपुर रत्न कार्यक्रम के ब्रांड एम्बेसडर डॉ जगदीश पारीक को बनाने की घोषणा हुई। नचिकेता गुरुकुल के 28 विद्यार्थियों को DMIT रिपोर्ट देकर सम्मान किया तथा आगामी एक सप्ताह तक शेषन एवं काउंसलिंग की घोषणा की। कार्यक्रम में उपस्तिथ अतिथि मनीष पारीक, गुलाबो सपेरा, पूनम खंगारोत, अजय पारीक, देवेंद्र धाकड़, अम्बालिका शास्त्री, रिंकू गुजर आदि का स्वागत प्रदेश कार्यकारणी द्वारा किया गया।

# उदयवीर राजस्थान ग्रामीण गौरव अवार्ड से हुए सम्मानित



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** शाही बाग, कचौलिया रोड़, चौंमू में छह फरवरी को राजस्थान ग्रामीण गौरव अवार्ड 2021 का आयोजन हेल्पिंग हैंडस सोसाइटी द्वारा किया गया। राजस्थान ग्रामीण गौरव अवार्ड्स एवं सम्मान समारोह में राजस्थान प्रदेश की उन प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया व उनकी हौंसला अफजाई कर सम्मान दिया गया जिन्होंने कला, संस्कृति, खेल, स्वास्थ्य, प्रशासन, सामाजिक न्याय शिक्षा, पत्रकारिता तथा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया हैं। उदयवीर सिंह यादव भूतपूर्व सैनिक है देशसेवा करते समय इनके दोनों पैर चले गए। अब उदयवीर सिंह बेजुबान जानवरों की सेवा करते हैं तथा समाज सेवी भी है। उदयवीर के उत्कृष्ट कार्यो को देखते हुए संस्था के पदाधिकारियों ने उदयवीर सिंह यादव को राजस्थान ग्रामीण गौरव अवार्ड 2021 के कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया है। हेल्पिंग हैंडस सोसाइटी के द्वारा राजस्थान ग्रामीण अवार्ड्स एवं सम्मान समारोह 2021 में अच्छे कार्य करने पर भूतपूर्व सैनिक नायक उदयवीर सिंह यादव को पदमश्री गुलाबों सपेरा आइपीएस पंकज चौधरी, आइपीएस डिआइजी रेलवे संदीप चौहान, सोसायटी अध्यक्ष सुरेश सेरावत द्वारा मंच पर प्रदान किया गया। उदयवीर सिंह यादव आज के युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।

# शेखावाटी क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से और अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**नई दिल्ली।** राजस्थान की दिल्ली में प्रमुख आवासीय आयुक्त रोली सिंह ने कहा कि राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए राजस्थान सरकार प्रतिबद्ध है। इसके लिए राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार को 'शेखावाटी ट्यूरिज्म सर्किट' विकसित करने के लिए 90 करोड़ रूपये के प्रस्ताव भेजे हैं। सिंह ने यह बात नई दिल्ली के प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के कांफ्रेस हॉल में राजस्थान सरकार और श्रुति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान से राजस्थान के रामगढ़ शेखावाटी में दिनांक 12 से 15 फरवरी, 2021 तक आयोजित होने वाले वेदारण्या हेरिटेज एंड हीलिंग फेस्टिवल के प्रोमोशन के लिए आयोजित प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि सीकर जिले का रामगढ़ शेखावाटी देश और दुनिया में वहां के सेठों की बनाई गई हवेलियों के लिए प्रसिद्ध है। इस क्षेत्र को 'वर्ल्ड कैपिटल ऑफ वॉल पेंटिंग' के लिए जाना जाता है। इस क्षेत्र में उस दौर के सेठों द्वारा बनाई गई हवेलियां राजस्थान की कला और संस्कृति का जीता जागता उदाहरण है और इस आयोजित फेस्टीवल के माध्यम से शेखावाटी की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों को बचाने और संरक्षित करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर श्रुति फाउंडेशन की फाउंडर श्रुति पोद्दार ने कहा कि श्रुति फाउंडेशन राज्य सरकार से मिलकर रामगढ़ शेखावाटी में वर्ष 2016 से इस उत्सव का आयोजन कर रहा है। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन शेखावाटी क्षेत्र के कलाकारों की कला और इस क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहरों को इस उत्सव के माध्यम से प्रमोट करने के लिए तथा स्थानीय कलाकारों के आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी हितों के सरंक्षण के लिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस वार्षिकोत्सव के माध्यम से शेखावाटी क्षेत्र के हेरीटेज और पर्यटन की दुनिया में वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिली है। इस उत्सव का पांचवा संस्करण 12 से 15 फरवरी को रामगढ़ शेखावाटी में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान राजस्थानी संस्कृति के जाने-माने कलाकारों द्वारा अपनी कला का सजीव प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने बताया कि इस उत्सव के दौरान देश के जाने -माने हेरीटेज और संस्कृति के क्षेत्र में जानी मानी हस्तियों को भागीदारों और दर्शकों से रूबरू होने के लिए बुलाया जाएगा। इस अवसर पर निर्माता निर्देशक रमा पांडेय ने आगामी उत्सव में पधारने की अपील करते हुए कहा कि 'थाने बुलावे थारों रामगढ़'। इस अवसर पर पदम डॉ. शोभना नारायण और इन्टेक के राष्टीय अध्यक्ष मेजर जनरल एल.के.गुप्ता भी मौजूद थे।

# विज्ञान संकाय को लेकर मुख्य गेट पर जड़ा ताला



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

**जसोल।** नगर के एमबीआर महाविद्यालय में मंगलवार को सुबह 10 बजे गुस्साए छात्रों ने विज्ञान संकाय की मांग को लेकर महाविद्यालय के मुख्य गेट पर ताला जड़ विरोध प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि महाविद्यालय में विभिन्न मांगों को लेकर कई बार विरोध पर्दशन के रूप में रैलियां, नारेबाजी, हाइवे जाम व भूख हड़ताल जैसी स्थिति भी बन चुकी है। महाविद्यालय की मांगों को लेकर कुछ दिन पूर्व छात्रों ने हाइवे जाम किया था जिस पर दो छात्रों को हिरासत में भी लिया गया था। एक दर्जन से अधिक छात्रों ने महाविद्यालय के मुख्य गेट पर ताला जड़ विज्ञान संकाय खोलने की मांग पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। 10 बजे शुरू हुए इस विरोध प्रदर्शन पर महाविद्यालय प्रशासन ने छात्रों से समझाइश की, न मानने पर महाविद्यालय प्रशासन ने स्थानीय पुलिस बल को अवगत करवाया जिस पर मौके पर पहुचे पुलिस बल ने छात्रों को खदेड़ कर तीन छात्रों को हिरासत में लिया।

मैं खुद पूर्व मैं इस महाविद्यालय का पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष रह चुका हूं और मेरे कार्यकाल में भी हमने बहुत ज्ञापन दिए लेकिन इस महाविद्यालय में उस समय की स्थिति अभी तक बनी हुई है। इससे साफ जाहिर होता है कि राजस्थान सरकार शिक्षा के प्रति कितनी लापरवाह है

**- बाबुलाल चौधरी,** पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष

**छात्र** अपनी जायज मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे लेकिन राज्य सरकार ने अपनी ओछी मानसिकता का परिचय देते हुए छात्रों की गिरफ्तारी करवाई जो कि निंदनीय है।

**- हिन्दू सिंह भाटी,** पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष



स्वच्छ बीकाणा, स्वस्थ बीकाणा' अभियान

# आमजन को आज से स्वच्छता के प्रति करेंगे जागरूक

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**बीकानेर।** आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरुक करने और शहर को साफ-सुथरा एवं स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और नगर निगम द्वारा आज से 'स्वच्छ बीकाणा, स्वस्थ बीकाणा' अभियान चलाया जाएगा। जिला कलक्टर नमित मेहता एवं महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित ने मंगलवार को इसके पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति स्वच्छता की मुहिम से जुड़े और अपने घर एवं आसपास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने का संकल्प ले, इसके मद्देनजर यह अभियान प्रारम्भ किया गया है। अभियान का पहला चरण बुधवार से प्रारम्भ होगा। इसके तहत शहर के आठ प्रमुख स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा तथा शिक्षण संस्थाओं में जागरुकता की गतिविधियां होंगी।

## स्वच्छता कर्मियों के साथ पीएंगे चाय

जिला कलक्टर ने कहा कि हमारे स्वच्छता कर्मी सतत मेहतन करते हुए शहर को साफ-सुथरा रखने में जुटे रहते हैं। अभियान के माध्यम से इन स्वच्छता कर्मियों की हौसला अफजाई भी की जाएगी तथा श्रमदान के बाद जिला प्रशासन के सभी अधिकारी इनके साथ चाय पीएंगे। पहले चरण की शुरूआत प्रातः 8 बजे शार्दूल सिंह सर्किल से होगी। इस दौरान नगर निगम एवं नगर विकास न्यास के कार्मिक सभी संसाधनों सहित मौजूद रहेंगे। वहीं जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी, स्वयंसेवी संस्थाओं, एनसीसी एवं स्काउट गाइड के प्रतिनिधियों की भागीदारी भी रहेगी।

## स्वच्छता सर्वे में मिलेगा सहयोग

**महापौर** सुशीला कंवर राजपुरोहित ने कहा कि जिला प्रशासन के अभियान में नगर निगम की सक्रिय भागीदारी रहेगी। मार्च में प्रस्तावित स्वच्छता सर्वे के मद्देनजर भी इस अभियान की भूमिका महत्त्वपूर्ण रहेगी। इससे जन-जन में चेतना आएगी और शहर की रैंकिंग सुधार में भी यह लाभदायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक विशेष तौर पर युवा इस अभियान से जुड़े और शहर को साफ-सुथरा बनाने की मुहिम में भागीदारी निभाएं।

## यह रहेगा कार्यक्रम

**नगर** निगम आयुक्त ए एच गौरी ने बताया कि बुधवार को अभियान की शुरूआत होगी। इसके बाद 12 फरवरी को गंगाशहर, 15 को नत्थूसर गेट, 17 को जयनारायण व्यास कॉलोनी, 19 को जस्सूसर गेट, 22 को मेडिल कॉलेज चैराहा, 24 को मुरलीधर व्यास नगर तथा 26 फरवरी को राजीव गांधी मार्ग में स्वच्छता की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके लिए निगम की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है।

## स्कूलों में आयोजित होंगी गतिविधियां

**अभियान** समन्वयक राजेन्द्र जोशी ने बताया कि विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति चेतना के उद्देश्य से स्कूलों में भी विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस श्रृंखला में 10 फरवरी को राजकीय महारानी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में रंगोली, 12 को राजकीय बोथरा सीनियर सैकण्डरी स्कूल

# एसपी प्रीति की पुलिस टीम को मिला सोने पर सुहागा

**नयाशहर पुलिस के हाथ लगी बड़ी सफलता, मारपीट के मामले में गिरफ्तार आरोपी ने 3.50 लाख की लूट का उगला राज**

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**बीकानेर।** जिले में खाकी के रौबीले तेवर के आगे अपराधी अपनी पूरी जन्म कुंडली खोल कर अपने जुर्म कबुल कर रहे है, जिससे पुलिस टीम को पुरानी वारदातों पर से पर्दा उठाने बड़ी सफलता हासिल हो रही है। एसपी प्रीति चन्द्रा ने जिले के पुलिस महकमे को नई वारदातों पर अंकुश लगाने व खासतौर से पुराने मामलों की जांच पड़ताल कर उनको निपटाने के सख्त निर्देश दे रखे है, प्रीति के इस आदेश की अनुपालना में बीकानेर पुलिस जी- जान से जुटी दिखाई दे रही है, विगत हफ्तों से इस दिशा में कई कार्यवाहियां हुई है। इसी क्रम में मंगलवार को नयाशहर पुलिस ने छीना-झपटी के मामले में आरोपी को दबोच कर पूछताछ की तो, पुलिस टीम को आरोपी ने जो बताया उसे सुनकर पुलिस दंग रह गई। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुवे बताया कि उसने पूगल थाना क्षेत्र में 3.50 लाख की लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

नयाशहर थाना से मिली जानकारी के अनुसार विगत 3 फरवरी को परिवादी संजय सांखला पुत्र घनश्याम जाति माली निवासी नत्थुसर बास बीकानेर ने रिपोर्ट दी कि उसकी ज्यूस की दुकान करमीसर तिराहा भूतनाथ मंदिर के पास है, वह दुकान पर बैठा था तभी भवानी सिंह व तीन-चार आदमी आए और ज्यूस का आर्डर दिया। परिवादी ने बताया वह ज्यूस बना रहा था इतने में ही भवानी सिंह व उसके साथ आये लडकों ने लाठी व सरियों से मारपीट मारपीट शुरु कर दी, व गल्ले को दुकान से उठाकर बीच सड़क पर फेंक दिया। परिवादी की रिपोर्ट पर मारपीट व छीना झपटी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। इस दौरान एसपी प्रीति चन्द्रा ने आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए, और सीओ सिटी सुभाष शर्मा व नयाशहर थानाधिकारी गोविन्दसिंह चारण पुलिस उपनिरीक्षक के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की गई, साथ ही उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। वंही साईबर सेल के हैड कॉन्स्टेबल दीपक की इसमे मदद ली गई और अंततः एक आरोपी की लोकेशन पुख्ता होने पर पुलिस टीम ने आरोपी भवानी सिंह पुत्र सवाई सिंह उम्र 23 साल निवासी डी 72 करणी कृपा सदन मुरलीधर व्यास कॉलोनी बीकानेर को धर दबोचा। पुलिस टीम आरोपी को मारपीट व छीना झपटी के मामले में गिरफ्तार कर गहनता से पूछताछ की तो आरोपी भवानी सिंह ने थाना पूगल क्षेत्र में दिनांक 16.12.2020 को मोहम्मद सदीक के साथ हुई 3.50 लाख रुपये नगदी की लूट की वारदात करना स्वीकार किया है, पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ कर रही है, उक्त वारदात के अलावा अन्य वारदातों का भी खुलासा हो सकता है, आरोपी के अन्य तीन साथियों की तलाश जारी है।

## इस स्पेशल टीम को मिली सफलता

**एसपी** प्रीति चन्द्रा के निर्देशन में सीओ सिटी सुभाष शर्मा व नयाशहर थानाधिकारी गोविन्दसिंह चारण पुलिस उपनिरीक्षक के नेतृत्व में गठित विशेष टीम में रामकरण सउनि,हैड कॉन्स्टेबल कानदान, महावीर, अब्दुल सत्तार, लखविन्द्र सिंह कानि, योगेन्द्र, वासुदेव सहित साईबर सैल से दीपक आदि शामिल रहे।



# मेलों और सेलो में उड़ी कोविड गाइडलाइन की धज्जियां

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**चित्तौड़गढ़।** शहर में मेलों और सेलो के नाम पर कोविड-19 गाइड लाइन की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही है। शहर के नई पुलिया स्थित सिटी पेट्रोल पंप के पास खाली मैदान में लगे मेले में शहरवासी जमकर उमड़ रहे हैं। जहां बिना मास्क और सैनिटाइजर के मेले के अंदर हजारों की संख्या में लोग देखे जा सकते हैं। जिसके कारण मेला परिसर के अंदर सोशल डिस्टेंसिंग तो पूरी तरह गौण हो गई। जिससे संक्रमण के अधिक फैलने से इनकार नहीं किया जा सकता है। मेले की दुकान में एक ही वस्तु को हजारों लोग हाथो में लेकर देखते हैं। वहीं मेले के व्यंजनों की दुकान पर भी इसी तरह का खेल चल रहा है। जहां पर भी संक्रमण अधिक फैल सकता है। लेकिन बेचारे भोले शहरवासी मेला आयोजकों की जेबे भरने पहुंचे जा रहे हैं। और अपनी और अपने परिवार के स्वास्थ्य पर ध्यान नही दे रहे। प्रशासन को इस और ध्यान देने की जरूरत है। जहां पर पुरानी गाइडलाइन के अनुसार शादी समारोह में ढ़ाई सौ से अधिक लोगों के पाए जाने पर 25 हजार का चालान काटा जा रहा था। वही नई गाइडलाइन होने के पश्चात भी मेलों में अधिक संख्या में लोग पहुंच रहे हैं और सोशल डिस्टेंसिंग मास्क और सैनिटाइजर को मुंह चिढ़ा रहे हैं। वहीं शहर की एक निजी होटल में ब्रांडेड कपड़ों के नाम पर एक सेल लगी है। जिसमें फ़र्जी जीएसटी के बिल काट कर लोगों का काटा जा रहा है। ब्रांडेड के नाम पर घटिया वस्तुओं की बिक्री की जा रही है। यहां पर भी एक ही कपड़े व जूतों को हजारों लोग उठाकर छू रहे हैं। वही सोशल डिस्टेंसिंग और मास्क का उपयोग यहां बिल्कुल भी नहीं किया जा रहा है।

# 'आपातकाल' का विमोचन



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** सामाजिक सरोकार में अग्रणी सम्पर्क संस्थान के तत्वावधान में संस्थान अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार अनिल लढ़ा की पुस्तक आपातकाल का विमोचन मंगलवार को होटल ग्रांड सफारी में समारोह पूर्वक हुआ। वरिष्ठ संरक्षक विमल चौहान ने बताया कि संयुक्त निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (रिट.) प्यारेमोहन त्रिपाठी की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के विशेषाधिकारी व साहित्यकार फारूक आफरीदी, प्रोफेसर प्रबोध जी गोविल, वरिष्ठ पत्रकार वीना करमचंदानी,डॉ. अखिल शुक्ला, प्रदेश समन्वयक रेनू शब्दमुखर, नारायण बारहठ राज. सरकार के सूचना आयुक्त के कर कमलों द्वारा हुआ।

डॉ. अखिल शुक्ला के स्वागत वक्तव्य के साथ ही रेनू शब्दमुखर ने संस्थान के सामाजिक सरोकार व साहित्यक परिचय प्रस्तुत किया। संपादक अनिल लढ़ा ने अपने वक्तव्य में कहा कि उन्होंने आपातकाल पुस्तक में वैश्विक महामारी कोरोनाकाल के दौरान देश ही नही विदेश के भी मीडियाकर्मियों व वरिष्ठ साहित्यकारों के लोक डाउन के अनूठे संस्मरण संजोए है। इस पुस्तक को निकालने का मकसद यह था कि हमारे पत्रकार साथी जो कोरोना वायरस के रूप में फ्रंट लाइन पर आकर अपनी जान जोखिम में डालकर सेवाएं दे रहे थे उनका सम्मान बढाना है,आने वाली पीढ़ियों को इस वक्त के हालातों से रूबरू कराना है।

मुख्य अतिथि फारूक आफरीदी ने अनिल लढ़ा को इस सहेजनी वाली पुस्तक के संपादन हेतु बधाई देते हुए कहा वैश्विक कोरोना महामारी ने समय को जितना कष्टप्रद बनाया उतना ही मानव ने मानव के प्रति सहिष्णु रहने की प्रेरणा भी दी है। व्यवस्था का चरित्र निर्मम होता है। लेकिन आमजन ने नजरअंदाज करते हुए एक दूसरे का सहयोग कर मानवता की मिसाल पेश की है वह कठिन समय को एक जिम्मेदार पत्रकार होने के नाते अनिल लढ़ा ने जिस तरह समय को दर्ज किया है वह अपने आप में महत्वपूर्ण है। नारायण बारहठ राज. सरकार के सूचना आयुक्त ने अपने वक्तव्य में कहा पुस्तक आदमी का मानसिक व बौद्धिक विकास करती है।।भारत की सभ्यता और संस्कृति की जानकारी किताबों से ही होती हैं। कोरोनाकॉल पर लिखी आ गई ये किताब एक ऐतिहासिक दस्तावेज होगी।

अध्यक्ष प्यारे मोहन त्रिपाठी ने कहा कि राजस्थान देश का पहला ऐसा राज्य है जिसमें आम लोगों को जागरूक करने के लिए चुनौती का सामना करते हुए जन आंदोलन चलाया।

ANCHOR

चित्तौड़गढ़ के दौरे पर रहे राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग सदस्य शैलेन्द्र पंड्या

# हमें आपसी समन्वय और संवेदनशीलता के साथ करना होगा काम

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग सदस्य शैलेन्द्र पंड्या जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहे। पंड्या ने राजकीय सम्प्रेष्ण एवं किशोर गृह का निरिक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किशोर गृह में रह रहे बच्चों से वार्तालाप की और उनकी परेशानियां जानी। बच्चों ने भी अपने किशोर गृह के अनुभव पंड्या के साथ बांटे। बच्चों से चर्चा के बाद पंड्या ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद पंड्या महात्मा गाँधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे, जहां उन्होंने छात्राओं से कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर बात की। उन्होंने बालिकाओं को बताया कि किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर वे चाइल्ड लाइन टोल-फ्री नंबर 1098 पर कोल करके शिकायत दर्ज करा सकती है। उन्होंने बालिकाओं को पोक्सो एक्ट की जानकारी दी और उन्हें उनके कानूनी अधिकारों के बारे में भी बताया। छात्राओं ने भी उत्साह के साथ पंड्या द्वारा बताई गई बातों को सुना। पंड्या ने छात्राओं से कहा कि आप मन लगा कर पढाई करें, आपकी चिंता के लिए हम बैठे हैं। इस दौरान प्रिंसिपल जयरानी राठौड़ सहित स्टाफ मौजूद रहा। इसके पश्चात ही बाल अधिकार संरक्षण आयोग सदस्य शैलेन्द्र पंड्या धनेत कला पंचायत के डगला का खेडा में आंगनवाडी का निरिक्षण करने पहुंचे। यहाँ उन्होंने आंगनवाडी कार्यकर्ताओं से बच्चों को दी जा रही विभिन्न सुविधाओं को लेकर चर्चा की। इस दौरान आंगनवाडी कार्यकर्ताओं ने उन्हने कई सुझाव भी दिए।



## कार्यशाला में बाल अधिकारों को लेकर की महत्वपूर्ण चर्चा



**राजस्थान** राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग सदस्य शैलेन्द्र पंड्या ग्रामीण विकास सभागार में आयोजित हुई कार्यशाला में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे। कार्यशाला का आयोजन जिला पुलिस, चाइल्डलाइन और आसरा विकास संस्थान की ओर से संयुक्त रूप से किया गया। कार्यशाला में एडीजे सुनील कुमार ओझा और एसपी दीपक भार्गव सहित सभी थानों के थानाधिकारी मौजूद थे। यहाँ किशोर न्याय अधिनियम 2015, बाल कल्याण समिति और किशोर न्याय बोर्ड के उद्देश्यों और कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। पंड्या ने कहा कि हमें बाल श्रमिकों को मुक्त कराने के बाद उनके पुनर्वास पर प्रभावी ढंग से ध्यान देने की जरूरत है। हमें बालक और बालिका में किसी प्रकार से भेदभाव नहीं करना है। पंड्या ने साफ़ कहा कि कार्रवाई के दौरान "बेस्ट इंटरेस्ट ऑफ़ चाईल्ड'' की भावना हमारे अन्दर निहित होनी चाहिए। पंड्या ने कहा कि हमें बाल अपराधों के प्रति और अधिक संवेदनशील होना पड़ेगा, आपस में समन्वय करना पड़ेगा, पोक्सो एक्ट को लेकर लोगों को और जागरूक करना पड़ेगा और नियमित रूप से बाल श्रम और अन्य बाल अपराधों पर सख्ती से कार्रवाई करनी होगी। पंड्या ने किशोर न्याय अधिनियम से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर थानाधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में सरकार मुख्यमंत्री हुनर विकास योजना और पालनहार योजना के माध्यम से बच्चों के हित में नए-नए कदम उठा रही है। कार्यशाला में उन्होंने किशोर न्याय बोर्ड की महत्ता और जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। थानाधिकारियों ने भी पंड्या की बातों को गंभीरता से सुना और आवश्यक मुद्दों पर चर्चा की। कार्यशाला में एडीजे सुनील कुमार ओझा और एसपी दीपक भार्गव ने भी कानून से जुड़े विभिन्न बिन्दुओं पर प्रकाश डाला

## विभिन्न मुद्दों पर अधिकारियों की ली बैठक

राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग सदस्य शैलेन्द्र पंड्या ने जिला कलेक्ट्रेट चित्तौड़गढ़ के सभागार में जिला प्रशासन के साथ बाल अधिकारों से सम्बंधित मुद्दों के सम्बन्ध में बैठक भी ली। बैठक में उन्होंने लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के जिले में प्रभावी क्रि यान्वन के निर्देश दिए। इसी के साथ पंड्या ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 को लेकर भी अधिकारियों से चर्चा की और इस अधिनियम का लाभ लेते हुए अधिक से अधिक बच्चों को स्कूलों तक लाने को कहा। तो वहीं नवीन किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों पर भी प्रकाश डाला। बैठक में उन्होंने बालश्रम उन्मूलन को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में बाल मित्र योजना का अधिक से अधिक प्रसार करने के भी निर्देश दिए। पंड्या ने कहा कि हमें बाल श्रम से मुक्ति दिलाने के बाद बच्चों की शिक्षा पर अच्छे से ध्यान देना है, ऐसा करके ही हम अपने उद्देश्यों को प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में पंड्या के साथ-साथ एडीएम रतन कुमार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक ज्योति प्रकाश अरोड़ा, टीना अरोड़ा सहायक निदेशक डी.सी.आर, सीडीईओ अरुण कुमार दशोरा, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शांतिलाल सुथार, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक कल्याणी दीक्षित सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। किशोर गृह अधीक्षक विकास खटीक के अतिरिक्त बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश दशोरा, सदस्य मंजू जैन, फारुख खान पठान सहित अन्य मौजूद रहे। इसके साथ ही प्रोटेक्शन ऑफिसर नवीन कुमार, सहायक प्रशासनिक अधिकारी नारायण मीणा आदि मौजूद रहे।

# संस्कृति का आधार बनेगा श्रीराम मंदिर-डॉ. शैलेन्द्र



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**विजयानंद भारद्वाज एवं उनके परिजनों ने किया अनूठा समर्पण, नन्हें बालक जीतू व चक्षु ने अपना गुल्लक तोड़कर किया समर्पण**

**कोटपूतली।** श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण निधि समर्पण अभियान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक डॉक्टर शैलेंद्र ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि पर निर्मित हो रहा भव्य राम मंदिर न केवल हम सबका बल्कि हमारी अनेकों पीढ़ियों के वर्षों पुराने संघर्ष का स्वप्न साकार हो रहा है। राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए निधि समर्पण का अभियान समाज को एकजुट कर राष्ट्र मंदिर के रूप में बन रही इस प्रकल्प से भावनात्मक रूप से जोड़ने का अभियान है। इस अभियान में पूरे भारतवर्ष से हमारा समाज समर्पण की पराकाष्ठा स्थापित कर रहा है। न केवल आर्थिक रूप से संपन्न समाज का वर्ग बल्कि आर्थिक रूप से अपेक्षाकृत समृद्ध ना होने के बावजूद भी हमारे सेवा बस्ती में रहने वाले वनवासी क्षेत्र में रहने वाले बंधुओं ने भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर निधि समर्पण दिया है।निधि संग्रह अभियान समर्पण के उद्देश्य से उपस्थित समाज बंधुओं का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि यह अवसर मिलना हम सब का सौभाग्य है जहां राम जन्मभूमि पर प्राचीन मंदिर को तोड़कर विधर्मी द्वारा बाबरी ढांचा बन जाने के बाद से समाज द्वारा मंदिर निर्माण के संघर्ष के लिए लाखों समाज बंधुओं ने अपने प्राणों की आहुतियां दी हैं,हम तो केवल निधि का समर्पण ही कर रहे हैं।हम सब का सौभाग्य है कि हम अपने हाथों से निधि समर्पण कर रहे हैं और हम अपनी आंखों से अयोध्या में बन रहे भगवान श्री राम के दिव्य और भव्य मंदिर के साक्षात दर्शन करेंगे।अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि निधि समर्पण कार्यक्रम में कोटपूतली क्षेत्र के निवासी विजयानंद भारद्वाज व नितिन भारद्वाज ने अपनी ओर से 111000,एक लाख ग्यारह हजार रुपये का समर्पण किया तो उनके परिवार के नन्हे नन्हे बालक जीतू व चक्षु ने अपने वर्ष भर का जमा किया हुआ गुल्लक तोड़कर 5100,इक्यावन सौ रुपए की राशि अभियान हेतु समर्पित करते हुए कहा भगवान राम हमारे आदर्श हैं,उनके लिए समर्पण हमारा संस्कार है।इस अवसर पर मातृ शक्ति के रूप में विजयानंद भारद्वाज की पत्नी सुमन शर्मा ने पृथक से 11000,ग्यारह हजार रुपये की राशि समर्पित की।इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री यादराम जांगल की ओर से 121121,एक लाख इक्कीस हजार एक सौ इक्कीस रुपये,पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय यादव की ओर से 111111,एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह रुपये,विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष रामविलास सिंघल की ओर से 111111,एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह रुपए,भारत विकास परिषद के संरक्षक प्रेम कुमार गुप्ता ने 111000,एक लाख ग्यारह हजार रुपये,हंस एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन अशोक कुमार बंसल की ओर से 101000,एक लाख एक हजार रुपए का निधि समर्पण प्रांत प्रचारक डॉ शैलेंद्र कुमार को समर्पित किया गया। इस अवसर पर अभियान प्रमुख पूरणमल भरगड ने सभी समर्पणकर्ता समाज बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए निधि समर्पण अभियान को प्रत्येक समाज बंधु तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# धार्मिक आयोजन होते हैं सामाजिक समरसता के प्रतीक-पूर्व विधायक भिन्डा



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती गाँव अजीतपुरा कलां में विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ।इस अवसर पर ग्राम अजीतपुरा कलां से भोमिया बाबा मन्दिर तक विशाल कलश यात्रा निकाली गई।इस अवसर पर सैकड़ों महिलायें सिर पर कलश एवं ग्रामीण हाथों में झण्डे लेकर डीजे की धुन पर चल रहे थे।कुजोता सरपंच मीरा देवी एवं सरपंच प्रतिनिधि नेतराम ताखर द्वारा भोमिया बाबा के चांदी का छत्र,231 कलश एवं 1100 झण्डे चढ़ाये गये।कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक फूलचंद भिन्डा ने कहा कि धार्मिक आयोजन सामाजिक समरसता के प्रतीक होते हैं। सरपंच प्रतिनिधि नेतराम ताखर ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से आपसी प्रेम व मेल मिलाप बना रहता है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिये। भण्डारें में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस मौके पर जगमाल सरपंच,मुकेश गोयल, विपिन सरपंच, देवकरण सरपंच, धर्मेन्द्र कुमार, मूलचंद, हनुमान, रोताश, शीशराम, महेन्द्र मीणा, सरजीत होलदार, रामस्वरूप पंच, लीलाराम पंच, छाजुराम पंच, प्रकाश धानक, रामकुंवार, अमरसिंह योगी, धन्शी जांगिड़, संजय सैन, शरीफ खां, सागर, शिवलाल, जलेसिंह ताखर,सम्पत बावरिया सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

**श्रद्धालुओं ने भोमियां बाबा के चढ़ाया चांदी का छत्र सहित 231 कलश एवं 1100 झण्डे**

### कोटपूतली नगरपालिका मंडल की पहली बैठक आयोजित

# 1 अरब 6 करोड़ 1 लाख 64 हजार रूपयों का वार्षिक बजट पारित

**सीवरेज लाईन योजना हेतु 35 करोड़ 60 लाख रूपयों का रखा प्रावधान**

**क्षेत्रीय विधायक एवं राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव बजट बैठक में रहे मौजूद**



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**कोटपूतली।** नवनिर्वाचित नगर पालिका मंडल कोटपूतली की साधारण सभा की पहली बैठक एवं वार्षिक बजट बैठक का पालिका सभागार में पालिकाध्यक्ष पुष्पा सैनी की अध्यक्षता में आयोजन हुआ।बैठक में क्षेत्रीय विधायक एवं राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव भी मौजूद रहे। इस दौरान वार्षिक बजट पर चर्चा करते हुए आगामी वित्तिय वर्ष 2020-2021 के लिए 1 अरब 6 करोड़ 1 लाख 64 हजार रूपयों का वार्षिक बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया।अब तक के इतिहास में एक वित्तिय वर्ष के लिए यह सबसे बड़ा वार्षिक बजट रहेगा। खुशी की बात यह है कि उक्त वार्षिक बजट में कोटपूतली कस्बेवासियों की ओर से कई वर्षो से की जा रही सीवरेज लाईन की मांग के चलते इसके लिए 35 करोड़ 60 लाख रूपयों का प्रावधान रखा गया है।इस दौरान राज्यमंत्री यादव ने पालिका ईओ चन्द्रकला वर्मा को घर-घर से कचरा संग्रहण के लिए योजना बनाने,वाणिज्य एवं औद्योगिक ईकाईयों के साथ-साथ अन्य संस्थाओं से नगरीय कर संग्रहण तथा कस्बे में रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था को प्रारम्भ करने एवं स्ट्रीट लाईट व्यवस्था में भी सुधार करने के निर्देश दिये।वहीं विभिन्न पार्षदगणों द्वारा अपने-अपने वार्डो के अभाव-अभियोग बताये गये।जिनके निस्तारण पर भी व्यापक चर्चा की गई। कस्बे के इतिहास में पहली बार इतना भारी भरकम बजट पारित होने पर कस्बे की लम्बित समस्याओं के शीघ्र निस्तारण एवं व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन की उम्मीद जगी है। बैठक में पालिकाध्यक्ष पुष्पा सैनी ने सभी पार्षदगणों से शिष्टाचार भेंट भी की।अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस दौरान उपाध्यक्ष अशोक शरण बंसल सहित पार्षदगण, नगरपालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

**पूर्व चैयरमैन से चर्चा करते दिखे राज्यमंत्री यादव**

वार्षिक बजट बैठक के बाद पालिका कार्यालय में अलग ही नजारा देखने को मिला। क्षेत्रीय विधायक व राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव बैठक के बाद कार्यालय से जाते वक्त निवर्तमान चेयरमैन एडवोकेट महेन्द्र सैनी से चर्चा करते हुए नजर आये। हाल ही में हुये निकाय चुनाव की तल्खी के बाद दोनों ही नेता आपस में हल्के मूड के साथ चर्चा करते दिखे। इस दौरान वर्तमान पालिकाध्यक्ष के ससुर एडवोकेट दुर्गा प्रसाद सैनी भी मौजूद दिखाई दिये।दोनों ही नेताओं का इस प्रकार आपस में बात करना लोगों को अचम्भित कर देने वाला नजर आया। क्योंकि निकाय चुनाव के वक्त कांग्रेस व भाजपा के खेमों में जबरदस्त संघर्ष की स्थिति बनी हुई थी। बजट बैठक में राज्यमंत्री यादव पिछली बातें भूलो और विकास के लिए आगे बढ़ों के कथन पर अमल करते नजर आये। उल्लेखनीय है कि एडवोकेट महेन्द्र सैनी ने इस बार स्वयं की जगह अपनी पत्नी सुषमा सैनी को वार्ड संख्या 10 से पालिका का चुनाव लड़वाया था।जो भाजपा के टिकिट पर निर्वाचित होकर अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा की ही उम्मीदवार भी बनी थी।

### सुखाड़िया विश्वविद्यालय को विश्वस्तरीय बनाने के संबंध में कुलपति के अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

# विश्व स्तर पर स्थापित होगा सुखाड़िया विश्वविद्यालय

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com



**उदयपुर।** देश की उच्च एवं तकनिकी शिक्षा के नक्शे पर जल्द ही सुखाड़िया विश्वविद्यालय एक नया कदम रखने जा रहा है, राज्य विश्वविद्यालय की छवि से बाहर आकर अब सुखाड़िया विश्वविद्यालय विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय के स्तम्भ के रूप में पहचान स्थापित करेगा। तक्षशिला नालंदा जैसी शिक्षा संस्कृति एक बार पुनर्जीवित होने की और अग्रसर है।

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर अमेरिका ने कहा कि विश्वविद्यालय को विश्वस्तरीय बनाने के लिए सभी लोगों को मिलकर एकजुटता के साथ सक्रिय योगदान देना होगा। प्रोफ़ेसर सिंह विभागाध्यक्षों की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि रूसा 2.0 में हमने बेहतरीन काम किया है लेकिन अब रूसा 3.0 की तैयारी का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर फैसिलिटी और इंस्ट्रक्शनल फैसिलिटी दोनों की ही दिशा में विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाना है। मल्टी फैकल्टी वर्ल्ड क्लास विश्वविद्यालय बनाने के लिए करीब 500 करोड़ की लागत आएगी, जिसमें रूसा की मदद ली जा सकती है। उन्होंने जापान और संयुक्त अरब अमीरात की तरह स्किल डेवलपमेंट इनोवेशन एवं इनक्यूबेशन सेंटर बनाने तथा सेंटर फॉर एक्सीलेंस को विकसित करने की दिशा में प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। प्रोफ़ेसर सिंह ने कहा कि डिजिटल क्लासरूम बनाने के लिए प्रधानमंत्री ई- विद्या योजना के तहत काम किया जा सकता है। उन्होंने डिजिटल एजुकेशन आर्किटेक्चर को गति देने एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भारतीय परिवेश को बदलने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मल्टीडिसीप्लिनरी रिसर्च के क्षेत्र में बहुत संभावनाएं हैं साथ ही दस विद्यार्थियों पर एक शिक्षक को मेंटर के तौर पर तैयार करने की बात कही।

**प्रस्तावित रोड़ मैप-2021**

सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर अमेरिका सिंह ने विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय की परिकल्पना पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए बताया कि गुणवत्तापरक उच्च शिक्षा के माध्यम से ज्ञान की गतिशीलता, राष्ट्र के सामाजिक-आर्थिक विकास हेतु बहुत महत्वपूर्ण है। उच्चतर शिक्षा में गुणवत्ता और मानकों का निर्धारण एक चुनौती रही है। अब भारत में विश्वविद्यालय और नीति निर्माता अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग पर ध्यान दे रहे हैं। हमें भी अपने विश्वविद्यालयों को नवाचार, आर्थिक विकास, सामाजिक विकास और उद्यमिता के लिए उत्प्रेरक बनाने की आवश्यकता है। सुखाड़िया विश्विद्यालय भारत में विश्वस्तरीय, भविष्योन्मुखी शिक्षा उपलब्ध करायेगी। हमारा उद्देश्य कुशल ऐसे नेतृत्वकर्ता तैयार करना है जो विचारशील व नवोन्मेषी होने के साथ-साथ नैतिक आचरण वाले व समानुभूतिशील हों। देश में उच्च शिक्षा दिये जाने के तरीके में सार्थक बदलाव लाने हेतु हम विभिन्न माध्यमो के समन्वित अध्ययन के जरिए उत्कृष्ट अंतर्विषयक शिक्षा प्रदान करेंगे।

# विज्ञान मेले में दो छात्रों ने जिला स्तर पर हासिल की सफलता

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com



**कोटपूतली।** कस्बे के राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपूतली के 2 विद्यार्थियों ने जिला स्तर पर आयोजित विज्ञान मेले में भाग लेकर द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है। सीनियर लेवल पर विद्यालय की कक्षा 10 में अध्ययनरत छात्र विवेक सैनी पुत्र मुकेश चंद सैनी निवासी अमरपुरा नई कोठी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।वहीं जूनियर लेवल पर कक्षा 8 की छात्रा भूमि मित्तल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है।साइंस क्लब के प्रभारी राजेश यादव ने जानकारी देते हुए कहा कि विद्यालय में पिछले माह विज्ञान मेले का आयोजन किया गया था। जिसमें उक्त दोनों विद्यार्थियों का चयन ब्लॉक लेवल पर किया गया था।ब्लॉक लेवल पर प्रथम स्थान पर रहने के पश्चात ये विद्यार्थी जयपुर जिले के लिए नामित किए गए थे।यादव ने कहा कि जूनियर लेवल पर विद्यालय में कार्यरत वरिष्ठ अध्यापक सुरेंद्र सैनी,संदीप जांगिड़ एवं सीनियर लेवल पर अध्यापक सुरेंद्र सिंह राठौड़ का भी सराहनीय योगदान रहा है।अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि प्रधानाचार्य मनोरमा यादव ने विद्यार्थियों की सफलता पर उनकी सराहना करते हुए उन्हें बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।वहीं समस्त स्टाफ सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### दक्ष छात्रावास कार्यकारिणी की मासिक बैठक आयोजित

# प्रतिभा सम्मान समारोह 11 अप्रैल को



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**कोटपूतली।** कस्बे के सुंदरपुरा रोड़ पर स्थित दक्ष प्रजापति छात्रावास परिसर में कार्यकारिणी की मासिक बैठक समिति के अध्यक्ष मामचंद ठेकेदार की अध्यक्षता में आयोजित हुई।जिसमें छात्रावास परिसर में विकास कार्य को गति देते हुए रसोई निर्माण का कार्य कराने के साथ ही छात्रावास परिसर में एक सफाई कर्मी की नियुक्ति करने के लिए भी समिति द्वारा निर्णय लिया गया।वहीं सांगटेड़ा निवासी भामाशाह जगदीश प्रजापत पुत्र स्वर्गीय दीनाराम प्रजापत,सेवानिवृत्त एयरफोर्स ने अपने पिता की स्मृति में छात्रावास समिति को एक कमरा निर्माण हेतु एक लाख रुपये देने की घोषणा की है।साथ ही छात्रावास में रह रहे विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराने की चर्चा पर निर्णय लेते हुए समिति के सचिव कमलेश प्रजापति द्वारा छात्रावास के पुस्तकालय हेतु 50 पुस्तकें एवं रामकरण कुमावत द्वारा दो अलमारी छात्रावास को देने की घोषणा की गई। बैठक में उपस्थित सेवानिवृत्त एसडीएम बनवारीलाल बासनीवाल ने सभी भामाशाहों का आभार प्रकट किया।बैठक में कुम्हार समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह 11अप्रैल को समिति द्वारा आयोजित करने का निर्णय लिया गया।अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि बैठक के दौरान पूर्व अध्यक्ष ताराचंद वर्मा,गंगाराम,सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ.महावीर प्रसाद कुमावत,राधेश्याम प्रॉपर्टी डीलर,धर्मपाल प्रजापत,पूरण कुमावत,चंदाराम पूतली, रामअवतार कुमावत, सुनील बासनीवाल, संपतराम प्रजापत, गोकुल चंद प्रजापत, सुभाष चंद कुमावत,रतीराम कुमावत,कैलाश चंद गोपालपुरा,रामजीलाल प्रजापत,राजेश कुमार प्रजापति सहित अन्य समाज बंधु मौजूद रहे।

# कन्या महाविद्यालय का नाम बाबा साहेब अम्बेडकर पर रखा जावें- शर्मा

**पिछले बजट के मुकाबले इस बार बजट में 18 करोड़ की कटौती- रामलाल शर्मा**



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

**चौमू।** नगरपालिका चोमू द्वारा आयोजित बोर्ड मीटिंग में विधायक रामलाल शर्मा ने हिस्सा लिया। बोर्ड मीटिंग में कांग्रेस सरकार राजकीय कन्या महाविद्यालय का नाम सावित्री बाई फुले पर रखने का प्रस्ताव लेकर आई। विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के नाम से राजकीय कन्या महाविद्यालय का नाम रखा जाए। विधायक रामलाल शर्मा के इस प्रस्ताव को कांग्रेस के पार्षदों ने खारिज किया और कांग्रेस पार्षदों द्वारा कहा गया कि अगर राजकीय कन्या महाविद्यालय का नामकरण होगा तो सावित्रीबाई फुले के नाम पर ही रखा जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की विकास कार्य करवाने की कोई मंशा नजर नहीं आ रही है। पिछले वर्ष बोर्ड बैठक में 79 करोड़ का बजट अनुमोदन किया गया था परंतु इस वर्ष सिर्फ 62 करोड का बजट अनुमोदन किया गया, जो पिछले बजट से लगभग 18 करोड कम है। जब संबंधित अधिकारियों को बजट के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा कुछ मदों में पैसा आता था उसे बंद कर दिया गया है इस कारण पिछले बजट के मुकाबले कम बजट का अनुमोदन किया गया है। साथ ही विधायक रामलाल शर्मा ने अन्य विकास कार्यों को लेकर चिंता जाहिर की।

## लॉयन सफारी में फिर लौटेगी रौनक, आ रही है गुजरात की 'सृष्टि', 'त्रिपुर' के साथ बनाएगी जोड़ी

**जयपुर @ जागरूक जनता।** गुजरात की शेरनी सृष्टि अब नाहरगढ़ जैविक उद्यान की रौनक बढ़ाएगी। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की स्वीकृति पर एक्सचेंज कार्यर् म के तहत शकरबाग चिड़ियाघर से उसे यहां लाया जा रहा है। बुधवार देर रात तक सृष्टि को लेकर वन विभाग की टीम जैविक उद्यान पहुंच जाएगी। डेढ़ वर्षीय शेरनी सृष्टि को लेने गए वरिष्ठ वन्यजीव चिकित्सक अरविंद माथुर ने गुजरात से पत्रिका को बताया कि टीम से साथ भेड़िए का जोड़ा लेकर रवाना हुए। उक्त जोड़ा चिड़ियाघर प्रशासन को सौंपने के बाद शेरनी सृष्टि का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके बाद सृष्टि को लेकर टीम जयपुर के लिए रवाना हुई। यहां पहुंचने के बाद शेरनी को 21 दिन लॉयन सफारी के एन्क्लोजर में क्वॉरंटीन किया जाएगा।

ANCHOR | किसान सभा

# ना सड़क रोकेंगे, ना रेल रोकेंगे और ना ही आत्महत्या करेंगे-पूर्व सांसद रामकिशन

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com



**भरतपुर।** ना सडक रोकेगे ,ना रेल रोकेगे और ना ही आत्महत्या करेगे ,जब तक पानी नही मिलेगा तब तक आन्दोलन करेगे। यह विचार किसान संघर्ष समिति के तत्वाधान में कृषि उपज मंडी में ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट को लेकर आयोजित हुई किसान सभा में पूर्व सांसद एवं वयोवृद्ध किसान नेता पंडित रामकिशन ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लेते हुये उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुये कहे। किसान सभा की अध्यक्षता मंडी आडतिया संघ अध्यक्ष भूरा सिंह चैधरी ने की। पंडित रामकिशन का किसान संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने माला व साफा पहनाकर सम्मान किया।

किसान सभा में पूर्व सांसद पंडित रामकिशन ने कहा कि जो आन्दोलन उठाया है ।जब तक वह सफल नही हो जाता है तब तक उनके प्रयास जारी रहेगे। एमएलए एमपी अगर कोशिश करते तो यह कैनाल की योजना अब तक अमल में आ गई होती। यह इलाका काफी पिछडा हुआ है। जिनको चुनते है वो काम नही करते है। जो काम करने लायक आदमी हो उनको चुनना चाहिये। किसानों से आग्रह किया कि गांवो में पानी नही तो वोट नही जैसे स्लोगन दीवारों पर लिखा जाये ताकि एमएलए एमपी जनप्रतिनिधि आये तो उनको भी पता चले। हम जाति धर्म की लडाई नही लड रहे है। हम तो पशु पक्षी व इंसानों के लिये पानी की लडाई लड रहे है।

वही केन्द्र सरकार पर हमला बोलते हुये कहा कि चुनाव प्रचार में आये अमित शाह व प्रधानमंत्री मोदी पर आरोप लगाया कि उन्होने भरतपुर में चुनाव के दौरान इस प्रोजेक्ट का समर्थन किया था। तो फिर यह प्रोजेक्ट अमल में क्यों नही लाया गया। भाजपा के कुछ नेताओं द्वारा इस योजना को अमल में नही लाने का कारण है कि कही इसका फायदा बसुंधरा राजे को नही मिल जाये । जबकि प्रधानमंत्री मोदी व अमित शाह बसुंधरा राजे के खिलाफ है।हालांकि यह उनकी पार्टी का आंतरिक मामला है। लेकिन जनता को नुकसान उठाना पड रहा है। वही राजस्थान सरकार के पास अब इतना पैसा नही है कि वह इस योजना के हिस्से में आ रही धनराशि खर्च कर सके। जिसकी वजह से भी ईस्टर्न राजस्थान कैनाल परियोजना अमल में नही लाई जा रही है। किसानों को इस योजना के लिये लंबी लडाई लडनी होगी।काम सरकार को करना है। पानी का सबसे बडा मुददा है। योजना बनाकर केन्द्र को भेज दी है। जिसको स्वीकृति देनी बाकी है। उन्होने किसानों के आन्दोलन का भी समर्थन किया है। मंडी समाप्त हो जायेगी और प्राईवेट मंडी खुल जायेगी। किसानों को इससे नुकसान होगा। फूड प्रोसेसिंग सेन्टर को लेकर बताया कि सीएम अशोक गहलोत के समय राजस्थान में भरतपुर जिले में सेन्टर खोला। जिसके लिये जमीन चिन्हित हो गई।कुछ काम भी हो गया। लेकिन वह काम आज तक पूर्ण नही हो पाया है। किसान संघर्ष के संयोजक इन्दलसिंह जाट ने संबोधित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने ईस्टर्न कैनाल को जल्द स्वीकृत नही किया गया तो यह राजस्थान के 13 जिलो में इस मुददे को लेकर बहुत बडा आन्दोलन देखने को मिलेगा। अगला कार्यक्रम तय किया है कि 21 फरवरी को वैर तहसील के गांव आमोली में बाणगंगा नदी के बीचो बीच बैठकर किसान पानी मांगकर एक दिन का बुजर्ग किसान सत्याग्रह करेगे। नदबई के गांव खटौटी में फूड प्रोसेसिंग के कार्य को भी शीघ्र शुरू किया जाये ताकि क्षेत्र के किसान लाभान्वित हो सके। किसान सभा को पूर्व चैयरमैन सुनील कुमार, मोहनसिंह गुर्जर, मिठ्ठू, महेन्द्र सिंह, फतहसिंह मौरदा, रामखिलाडी यादव, मुरारी रमासपुर, सुजानसिंह, ज्ञानसिंह, हरेन्द्र जहांनपुर सहित अनेक वक्ताओं ने सभा को संबोधित किया।

### उपखंड अधिकारी को सौपा ज्ञापन

**सभा** स्थल पर पहुचे कार्यवाहक उपखंड अधिकारी मुनि देव यादव व विकास अधिकारी सुरेश बागौरिया पहुचे। जहां किसान संघर्ष समिति के सदस्यों ने संयोजक इन्दलसिंह जाट के नेतृत्व एवं पूर्व सांसद पंडित रामकिशन के सानिध्य में ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट को स्वीकृत करने के नाम प्रधानमंत्री के नाम , फूड प्रोसेसिंग सेन्टर कार्य को पूरा करने के नाम मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम को ज्ञापन सौपा।इसके अतिरिक्त एनसीआर में 10 बर्ष पुराने वाहनों पर लगी रोक को हटाने ,एमएसपी कानून बनाने तथा तीनो कृषि कानूनों को शीघ्र वापिस लेने व किसानों द्वारा किये जा रहे आन्दोलन का समाधान निकाले जाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा है। इस अवसर पर विकास अधिकारी सुरेश बागौरिया, कार्यवाहक थाना प्रभारी लल्लूराम मीना, महेन्द्र पीटीआई, पूर्व चैयरमैन सुनील कुमार, मिठठू सिंह बांसी, श्यामसिंह मौरदा आदि मौजूद रहे।

## शहर को सुंदर, स्वच्छ का सौंदर्यीकरण करने की कवायद हुई शुरू

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com



**चौमूं।** नगर पालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने पदभार संभालते ही शहर को सुंदर, स्वच्छ व सौंदर्यीकरण करने की कवायद शुरू कर दी है। पिछले कई वर्षों से चौमू शहर के बस स्टैंड पर स्थित प्राचीन नहर के पास जमा गंदगी, कचरा व मृत पशुओं के पड़े होने से आसपास के दुकानदार, रिहायशी मकान में रहने वाले लोगों एवं वाहन चालको, राहगीरों एवं फुटपाथी थडी ठेले दुकानदारों को भयंकर दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा था। वही भयंकर गंदगी एवं कचरे के पड़े होने से मौसमी बीमारियों का भी हमेशा अंदेशा बना रहता है। शहर के बस स्टैंड आबादी क्षेत्र के बीचो-बीच गंदगी व कचरे के ढेर पड़े होने से शहर बदरंग हो रहा था। इसके बाद नगर पालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी हाजी सलीम खान व पार्षदों के साथ मौका स्थिति का जायजा लिया। जहां चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने इओ को मंडी समिति से आपसी समन्वय स्थापित कर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। साथ ही एसआई जयकिशन सैनी को जल्द कचरे का निस्तारण कर जमीन को समतलीकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान नगरपालिका वाइस चेयरमैन किरण शर्मा, अभिषेक सैनी, फिरोज नागौरी, रजनी सैनी, अशोक रसोया, राजकुमार शर्मा, अनिल सैनी, मुकेश सैनी व अन्य पार्षद मौजूद रहे।

## विशाल रक्तदान शिविर एवं व्याख्यानमाला आज

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**चौमूॅं।** समाजसेवी षिक्षाविद एवं हमारे प्रेरणता गुरूजी श्री हरीकिषन



सैनी जी स्मृति में उनके 54वें जन्मदिन के अवसर पर 10 फरवरी को प्रातः 10 बजे से रींगस रोड पर स्थित श्री गुरूजी भवन एम.जे.एफ नर्सिंग कैम्पस में तृतीय विषाल रक्तदान षिविर एवं व्याख्यान माला का आयोजन किया जायेगा। एम.जे.एफ संस्था के चेयरपर्सन कैलाष राज सैनी ने बताया कि संस्था द्वारा उनकी स्मति में प्रति वर्ष 10 फरवरी को रक्तदान षिविर एवं व्याख्यान माला का आयोजन किया जाता है,। इसी श्रंखला में इस वर्ष भी आज 10 फरवरी को उनके जन्मदिवस की स्मृति में प्रातः 10 बजे रींगस रोड पर स्थित श्री गुरूजी भवन एम.जे.एफ नर्सिंग कैम्पस में विषाल रक्तदान षिविर एवं व्याख्यान माला का आयोजन किया जा रहा है। रक्तदान षिविर के साथ-साथ विषेषज्ञो द्वारा तनाव एवं बचाव, कोरोना प्रभावित दुस्प्रभाव एवं रक्तदान की महत्वता पर जन जागरण हेतु व्याख्यान प्रस्तुत किए जाएंगे। इस वर्ष के लिए प्रस्तावित निःषुल्क सर्व समाज सामुहिक विवाह सम्मलेन का आयोजन केन्द्र /राज्य सरकार की कोविड - 19 की गाईड लाइन के कारण सक्षम स्वीकृति नहीं मिलने के कारण नहीं किया जाएगा।

## एसटी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री शेर सिंह मीणा ने बालाजी महाराज के दर्शन कीए



**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**मेहंदीपुर बालाजी ।** एसटी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री शेर सिंह मीणा मंगलवार को मेहंदीपुर बालाजी दौरे पर पहुचे उनके पहुचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह पर उनका स्वागत किया गया। वहा से एसटी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बालाजी मंदिर पहुचकर बालाजी महाराज के साथ भैरो बाबा प्रेतराज सरकार के दर्शन किये। बालाजी मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारी अजय प्रकाश व लक्ष्मीकांत गुप्ता ने बालाजी महाराज की प्रसादी भेट की। दूरसंचार सलाहकार समिति सदस्य श्याम सिंह सिसोदिया ने बताया है कि प्रदेश महामंत्री बनने के बाद शेर सिंह पहली बार बालाजी आए जिनका कार्यकर्ताओं ने बड़े उत्साह से स्वागत किया इस कार्यक्रम में श्याम सिंह सिसोदिया सोनू बना बालाजी मंडल अध्यक्ष टोडाभीम राजकुमार सिंह राजावत, नांदरी सरपंच प्रतिनिधि संतोष नांदरी, विजेंद्र मीणा शिमला, सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे इस दौरान प्रदेश महामंत्री का दाता ईश्वर सेवा सदन गेस्ट हाउस पर जोरदार स्वागत किया गया

## बाबा रामदेव युवा प्रोत्साहन पुरस्कार से राज्य स्तर पर सम्मानित प्रधानाचार्य किशन टाक का हुआ जोरदार स्वागत

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net/.com

**पीपाड़ शहर।** तहसील में स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय गांव जसपाली के प्रधानाचार्य किशन टाक को बाबा रामदेव समाज सेवा संस्थान द्वारा बाबा रामदेव युवा प्रोत्साहन राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इन्होंने कोरोना की आपदा को अवसर में बदलते हुए बदल दी विद्यालय की तस्वीर स्वयं के खर्चे से एवं भामाशाह के सहयोग से ढाई सौ से अधिक पेड़ पौधे, रंग रोगन, स्टेशनरी बैंक, गार्डन, सेनीटाइजर मशीन,कपड़े के मास्क सहित तैयार कर विद्यार्थियों को दी नई सौगात। हरित राजस्थान के तहत पूर्व में जोधपुर संभागीय आयुक्त समित शर्मा से भी सम्मानित हो चुके हैं समारोह में टाक को साफा पहनाकर और मुँह मिठा करवाकर बधाई दी इस दौरान दिनेश सिंह कच्छावाह,प्रकाश मारोटिया, बंशीलाल, पवन टाक,सहित विभिन्न संस्थानों के सदस्यों, वरिष्ठ नागरिकों ने फोन कर बधाइयाँ दी ।



# हैरिटेज मेयर ने पेश किया 783.6 करोड़ रुपए का पहला बजट



## हंगामे के बीच हेरिटेज का बजट पास: मेयर बोलीं- 100 करोड़ की देनदारी है; पार्षद ने पूछा- निगम ही नया तो देनदारी कैसी; धक्कामुक्की के बीच रोकना पड़ी बैठक

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** जयपुर हेरिटेज नगर निगम के पहले बजट बैठक में जैसी उम्मीद की जा रही थी, वैसा ही हुआ है। जमकर हंगामा हो गया जिसके चलते उसे स्थगित करना पड़ा। इससे पहले महापौर मुनेश गुर्जर ने सभा में 783.6 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। इस पर भाजपा पार्षद भड़के तो कांग्रेस के पार्षद बचाव में उतर आए। दोनों पक्षों के गलियारे में आने से धक्का मुक्की की नौबत आई। हंगामा होते देख मेयर कुछ देर के लिए सभाकक्ष से बाहर चली गईं। वापस आईं तो भी यही स्थिति थी। इस पर महापौर गुर्जर ने हंगामे के बीच ही बजट पास होने की घोषणा कर दी और तुरंत बैठक को स्थगित कर दिया। इससे पहले बहस शुरू होते ही विरोधी पार्षदों ने टेबल पर चढ़कर विरोध जताया, नारे लगाए। धक्कामुक्की के बीच ही टांगाटौली करने की नौबत आ गई। वादविवाद के बीच ही बजट पास हो गया, सार्थक चर्चा नहीं हो सकी। असल में नगर निगम हैरिटेज का यह पहला बोर्ड है। इससे पहले जयपुर नगर निगम केवल एक ही हुआ करता था। पहले बोर्ड का पहला बजट ही महापौर मुनेश गुर्जर ने पेश किया। उन्होंने अपने बजट भाषण में पूर्व के निगम की 100 करोड़ रुपए की देनदारी का जिक्र किया। बजट भाषण पूरा होते ही भाजपा पार्षद कुसुम यादव ने कहा- जब पहला ही बोर्ड है और बजट भी पहला ही है तो पुरानी देनदारी कहां से आ गई। इस पर कांग्रेसी पार्षद खड़े होकर हंगामा करने लगे। भाजपा पार्षद भी खड़े हो गए और सभी समूह बनाकर वेल में आ गए। वेल में ही नारेबाजी और हंगामा हुआ। धक्का मुक्की और टांगा-टोली जैसी स्थितियां भी बनती रहीं। भाजपा पार्षदों ने मोदी-मोदी के नारे भी लगा डाले। इसी दौरान किसी ने भी कोशिश नहीं की कि हंगामा शांत हो जाए। जैसे सभी एंजॉय कर रहे थे। कुछ पार्षद यह भी कहते रहे कि हंगामा कौन सी नई बात है। यह कोई पहली बार तो हुआ नहीं है। बजट पेश कर महापौर बाहर चली गई थीं। वे बाद में इसी हंगामे के बीच बैठक में आई और अपनी कुर्सी पर पहुंच घोषणा कर दी- बजट पारित हो गया है। फिर कुछ ही क्षणों बाद उन्होंने बैठक स्थगित करने की भी घोषणा कर डाली। न बहस हुई न कोई बातचीत। बस बजट पेश होने से ठीक पहले पार्षदों ने खुद का परिचय जरूर कराया, तब शांति से सब एक-दूसरे को सुनते रहे।

### 784 करोड़ का बजट

इससे पहले महापौर मुनेश गुर्जर की अध्यक्षता में नगर निगम मुख्यालय लालकोठी में ही यह बैठक शुरू हुई। इसमें वित्तीय वर्ष 2021-22 का 784.60 करोड़ रुपए का बजट रखा गया। बजट भाषण को पढ़ते हुए मेयर ने जयपुर हेरिटेज क्षेत्र में इस साल 'प्रशासन शहरों के संग अभियान' शुरू करने की घोषणा की। जयपुर नगर निगम की बैठक में हंगामा हो गया। कर्ज के बजट की बात पर भाजपा और कांग्रेस के पार्षद आमने-सामने हो गए। तब महापौर बजट की घोषणा कर सीट छोड़कर चली गई। जयपुर नगर निगम की बैठक में हंगामा हो गया। कर्ज के बजट की बात पर भाजपा और कांग्रेस के पार्षद आमने-सामने हो गए। तब महापौर बजट की घोषणा कर सीट छोड़कर चली गई। स्टेट ग्रांट एक्ट, सोसाइटियों की बसी कॉलोनियों के नियम और भूखंडों के पट्टे जारी करने में शिथिलता देने के लिए यह अभियान चलाया जाएगा। राज्य की गहलोत सरकार इस अभियान को आगामी जून-जुलाई से पूरे प्रदेश स्तर पर चलाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए स्टेट लेवल पर एक कमेटी भी बनाई है, जो इसके नियम-कायदे बनाने की तैयारी में जुटी है। इसके अलावा बजट में लोगों को रोजगार देने के उद्देश्य से ज्यादा से ज्यादा डेयरी बूथों का आवंटन करने की भी घोषणा की है। इसके अलावा नगर निगम हेरिटेज क्षेत्र में डोर टू डोर कचरा संग्रहण का काम अपने स्तर पर किया जाएगा। साथ ही चारदीवारी में सीवर लाइन जाम की समस्या के निस्तारण के लिए 20 मिनी सीवर जेटिंग मशीन खरीदने की भी घोषणा की है। इसके अलावा चारदीवारी सहित आसपास के क्षेत्र में निगम स्तर पर डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था शुरू करवाने के लिए संसाधन खरीदने की बात कही।

### हुडको से लेंगे 500 करोड़ का कर्जा

नगर निगम ग्रेटर की तरह हेरिटेज ने भी 500 करोड़ रुपए का कर्जा लेने की तैयारी कर ली है। साधारण सभा में इसका एक प्रस्ताव लाया जाएगा, जिसमें ऋण देने वाली संस्था हुड़कों से ये लोन लेना प्रस्तावित किया है। खास बात ये है कि तत्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए 30 करोड़ रुपए तुरंत लेने का भी एक प्रस्ताव है। इसमें 10 करोड़ रुपए तो बैंक से ओवरड्राफ्ट करने और 20 करोड़ रुपए का शॉर्ट टर्म लोन लेने का प्रस्तावित है।

### इन प्रस्तावों पर होनी थी चर्चा

- जयपुर विकास प्राधिकरण (जयपुर रीजन भवन) भवन विनियम 2020 नगर निगम जयपुर हेरिटेज (चारदीवारी को छोड़कर) क्षेत्र में लागू करने का प्रस्ताव।
- नगर निगम जयपुर हेरिटेज के पार्षदों के भत्ते बढाने का प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाने का प्रस्ताव।
- नगर निगम जयपुर हेरिटेज की सफाई व्यवस्था एवं अनमेण्ड क्षेत्रों की बीटों पर सफाई, सीवर सफाई कार्य व्यवस्था पर विचार।
- आवश्यकतानुसार वार्ड वाइज नई लाईट लगवाने का प्रस्ताव।
- बीवीजी की कार्य व्यवस्था की समीक्षा उपरान्त व्यवस्था में सुधार के लिए दिशा निर्देश तय करने पर विचार।
- नगरीय विकास कर और राजस्व से संबंधित कार्यों की समीक्षा पर विचार-विर्मश।
- प्रत्येक वार्ड में 1.5 करोड़ रूपए के निर्माण, सीवरेज, कैमरे, उद्यान, सफाई, कचरा डिपो हटाने व अन्य आवश्यकतानुसार विकास कार्य करवाने का प्रस्ताव।
- पूर्व निर्मित वार्ड कार्यालयों के लिए फर्नीचर उपलब्ध करवाना तथा नवीन वार्ड कार्यालयों के लिए भूमि आवंटन एवं निर्माण पर विचार तथा पार्षदों को कार्यालय उपयोग के लिए लैपटॉप उपलब्ध करवाने के प्रस्ताव।
- सफाई कर्मचारियों का निगम स्तर पर मासिक हेल्थ चैकअप करवाने का प्रस्ताव।
- नगर निगम जयपुर हेरिटेज के क्षेत्र में दूषित जल की समस्या के समाधान के लिए भूमिगत यूटीलिटी सर्विसेज की डिजीटल मेपिंग करवाने का प्रस्ताव।
- नगर निगम जयपुर हेरिटेज क्षेत्र के सभी बडे खुले नालों को कवर करवाने एवं पीपीपी के तहत आय के स्रोत बढ़ाने पर चर्चा।
- जलमहल को मुख्य पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने तथा इसमें नौकायन शुरू करवाने का प्रस्ताव।

**नगर पालिका बोर्ड की पहली बैठक: प्रस्ताव पास**

## राजकीय महिला कॉलेज अब होगा सावित्रीबाई फुले महिला कॉलेज

**सुशील अग्रवाल @ जागरूक जनता**
jagrukjanta.in/.com



**चौमूं।** कन्या महाविद्यालय का नाम बाबा साहब अंबेडकर महिला महाविद्यालय करने में कांग्रेस पार्टी को कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन यदि महिला कॉलेज का नाम किसी महिला विभूति के नाम पर हो तो ज्यादा अच्छा है। नगरपालिका चेयरमैन विष्णु सैनी ने सोमवार को आयोजित बोर्ड बैठक में कही। यूं तो नए बोर्ड की यह पहली बैठक थी, जो कस्बे के विकास के विभिन्न मुद्दों को लेकर रखी गई थी। बैठक में स्थानीय विधायक रामलाल शर्मा, पार्षदगण और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में चेयरमैन विष्णु सैनी ने क्षेत्र के राजकीय महिला महाविद्यालय का नाम देश की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के नाम पर करने का प्रस्ताव रखा। इस पर सभी पार्षदों ने प्रस्ताव पर जताई सहमति बाद में विधायक रामलाल शर्मा ने आपत्ति जताते हुए कॉलेज का नाम बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के नाम पर रखने की बात कही। विधायक ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में बाबा साहेब का नाम शिखर पर है, तो कॉलेज का नाम भी उनके नाम पर रखना चाहिए। विधायक ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेसी यह क्यों नहीं कहते कि उन्हें बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के नाम पर आपत्ति है। इस पर हंगामा हो गया। चेयरमैन सैनी ने कहा कि महिला कॉलेज है तो उसका नाम किसी महिला विभूति के नाम पर ही होना चाहिए। सावित्रीबाई फुले ने महिला शिक्षा को बढ़ावा देते हुए लड़कियों के लिए स्कूल स्थापित करवाए। साथ ही समाज में लिंग, जाति के आधार पर शिक्षा का भेद मिटाने में भागीदारी निभाई। विधायक इस बात को नहीं समझकर इस मुद्दे को राजनीतिक रंग दे रहे हैं। वे जबरदस्ती बोर्ड को विवश कर रहे हैं। कि बाबा साहेब का विरोध किया जाए। जबकि कांग्रेस पार्षदों का यह मंतव्य कतई नहीं है कि वे बाबा साहेब का विरोध !करें। विधायक को यह शोभा नहीं देता कि एक महापुरुष की आड़ लेकर समाज में वैमनस्यता फैलाएं। बैठक में ऐसा लग रहा था कि बोर्ड बैठक में विधायक पार्षद की भूमिका निभा रहे हैं। पार्षद अशोक रच्छौया ने कहा की विधायक केवल सामाजिक वैमनस्यता बिगाडने का काम कर रहे हैं, इन्हें पता नहीं शायद छत्रपति शाहू जी महाराज से लेकर महात्मा ज्योतिबा फूले ,पेरियार, माँ सावित्री फूले सभी दलित, शोषित तबके के अधिकारों के संरक्षक रहे है और माँ सावित्री बाई फूले के नाम का विरोध करना महिला विरोधी उनकी मानसिकता को दर्शाता है।

## वसुंधरा राजे की गैरमौजूदगी में बीजेपी विधायक दल ने बनाई बजट सत्र में गहलोत सरकार को घेरने की रणनीति

**जयपुर @ जागरूक जनता।** विधानसभा के बजट सत्र में सरकार को घेरने की रणनीत बनाने के लिए हुई बीजेपी विधायक दल की बैठक में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे गैर मौजूद रहीं। विधानसभा की ना पक्ष लॉबी में नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया की अध्यक्षता में हुई बीजेपी विधायक दल की बैठक में सरकार को घेरने वाले मुद्दों पर मंथन हुआ। बैठक में बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने सभी विधायकों को तैयारी के साथ सदन में आने और सदन में एकजुटता से मुद्दे उठाने को कहा है।

वसुंधरा राजे की बीजेपी विधायक दल की बैठक में गैर मौजूदगी चर्चा का विषय बनी हुई है, हालांकि नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने कल ही कह दिया था कि राजे बैठक में नहीं आएंगी। बताया जाता है कि राजे की पुत्रवधु अस्पताल में भर्ती हैं इसलिए वे बैठक में नहीं शामिल हुई।इससे पहले राजे बीजेपी कोर कमेटी की बैठक में भी नहीं आई थीं। विधायक दल की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में सतीश पूनिया ने कहा, सरकार ने बहुत सारे ऐसे अवसर दिए हैं, जिनसे सदन में और सदन से बाहर भी घेरा जाएगा।

## मानवसेवा ही सच्ची सेवा है। इससे बड़ा कोई धर्म नहीं-निर्मल गहलोत



**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**जोधपुर।** शास्त्री नगर स्थित स्टील भवन में रविवार को बाबा रामदेव समाज सेवा संस्थान जोधपुर के 15 वे स्थापना दिवस पर राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।

राष्ट्रीय अध्यक्ष करण सिंह राठौड़ ने बताया कि समारोह सैनाचार्य अचलानंद गिरी महाराज के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। उन्होंने सम्बोधित करते हुए कहा कि समय-समय पर प्रतिभाओं को सम्मानित करना चाहिए जिससे इनका मनोबल बढता है कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उत्कर्ष क्लासेज के फाउंडर निर्मल गहलोत ने कहा की समाज से अर्जित किया हुआ धन समाज में लगाना चाहिए। सभी 38 प्रतिभाओं को उनकी और से 11000 नकद पुरस्कार देने की घोषणा की जिसमें चिकित्सा, गौ सेवा,भजन गायन, योग, कला साहित्य ,पर्यावरण, शिक्षा व विभिन्न क्षेत्रो में प्रदेश भर की 38 प्रतिभाओं को प्रशंसा पत्र और स्मृति चिन्ह व 11000 नगद दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जोधपुर उत्तर की महापौर कुंती देवड़ा,उत्कृर्ष क्लासेज के डायरेक्टर निर्मल गहलोत, प्रोफेसर अयूब खान, एडवोकेट एसोशियेशन के अध्यक्ष रणजीत जोशी,समाज सेवी नीलम मुंदड़ा,अरूण बंग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उद् घोषक अरुण सिंह चौहान ने किया ।

## बस में बिना टिकट यात्रा की तो लगेगा दस गुना अधिक जुर्माना, मुख्यमंत्री ने कैबिनेट बैठक में लिया फैसला

**जयपुर @ जागरूक जनता।** रोडवेज बसों में अब बिना टिकट यात्री तथा ऐसे यात्री को बैठने वाले परिचालकों, दोनों से ही अलग-अलग वास्तविक किराए से 10 गुना अधिक जुर्माना वसूला जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर हुई कैबिनेट बैठक में रोडवेज की बसों में बिना टिकट यात्रा करने पर जुर्माना राशि बढ़ाने की भी मोहर लगा दी। जानकारी के अनुसार अब तक ऐसे यात्रियों से वास्तविक किराया एवं पांच रुपए ही वसूला जाता है।

## वास्तविक सुख



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.in
**लघु कथा**
**डॉ. संतोष विश्नोई**

**प्रभा** को आज एक मील में नौकरी मिल गई थी। उसकी खुशी का ठिकाना नहीं था। अब उसको घर घर जाकर लोगों के चौके - चूल्हे का काम नहीं करना पड़ेगा। दीपक को पसंद नहीं आता था। उसकी बीवी दूसरों के घरों में बर्तन साफ करे और कुछ सभ्य लोगों की असभ्य गंदी नजरों का सामना भी करे। दीपक खुद पहले रिक्शा चालक था। खुद इतना कमा लेता था कि अपने परिवार का पेट आसानी से पाल ले। लेकिन जब से एक दुर्घटना में उसके दोनों पांव नहीं रहे, वो विवश हो गया। तब प्रभा को जल्द ही घरों का काम कर गुजारा को तैयार होना पड़ा।वो आज काम खत्म कर के जल्द से जल्द घर जाकर दीपक को ये खुशखबरी सुनाना चाहती थी। व्यस्त भरे दिन के कामों को जल्दी जल्दी निपटाया और घर के लिए निकली। रास्ते में उसको घर का राशन, सब्जी लेते हुए और बच्चों की ट्यूशन फीस जमा करते हुए भी जाना है। थोड़ी देर में वो घर पहुंचने वाली थी कि याद आया खाली हाथ क्या जाए कुछ मिठाई खिलाने और बांटने के लिए ले जाए तो अच्छा होगा। सामान से लदी हुई वो घर के दरवाजे पर पहुंची। घर का दरवाजा खुला पड़ा हुआ था। थोड़ी चिंतित भाव से अन्दर पहुंची तो देखा दीपक कहीं नहीं दिखा। ऐसे कहां गया। दोनों पैर नहीं होने से चलना फिरना तो हो नहीं सकता था फिर.... कुछ अनहोनी !!! चेहरे पर चिंता की लकीरें बन आई। सामान वहीं धरती पर पटक वापस बाहर जाने को हुई कि एक बच्चा भागता हुआ आया चाची वो....चाचा ....क्या हुआ... वो पूछती उस से पहले वो बच्चा बाहर भाग गया। पीछे पीछे वो भी भागते हुए गली में आई। वहां दीपक एक व्हीलचेयर पर आता दिखा। उसके हाथ में भी एक डब्बा था जो उसने अपने पांव के ऊपर रखा हुआ था। प्रभा दीपक को सही सलामत देखकर राहत की सांस ली। दीपक ने पास आकर कहां एक खुशखबरी है प्रभा। मुझे एक फैक्ट्री में नौकरी मिल गई, घंटी बजाने की । रश्मि ने कहां और मुझे भी फैक्ट्री में नौकरी मिल गई। जब दोनों घर पहुंचे तो देखा दोनों की मिठाई का डब्बा भी एक ही दुकान का था और मिठाई भी एक जैसी। जहां रिश्तों में समझ, प्यार होता है वहां तकलीफ मायने नहीं रखती, यही वास्तविक सुख है, जो प्रभा और दीपक दोनों अच्छे से जानते थे।

*(लेखिका सहायक प्रोफेसर है)*




# खाना-खजाना

## स्नैक्स में परोसें चीजी चाट कटोरी



अगर आप स्नैक्स में टेस्टी रैसिपी ट्राइ करना चाहते हैं तो चीजी चाट कटोरी की ये रैसिपी ट्राइ करें। इसे आप आसानी से बना सकते हैं।

**हमें चाहिए**

- 4-5 ब्रैडस्लाइस
- 1 आलू उबला
- 1 बड़ा चम्मच मटर उबले
- 1 बड़ा चम्मच मुरमुरे
- 1 बड़ा चम्मच मूंगफली रोस्टेड
- 1 बड़ा चम्मच सेव बारीक
- 1 बड़ा चम्मच चने भुने मसालेदार
- 1 बड़ा चम्मच भुजिया
- 1 बड़ा चम्मच रोस्टेड चिवड़ा
- 1 बड़ा चम्मच मिलेजुले मेवे
- 1 छोटा चम्मच प्याज बारीक कटा
- 1 टमाटर कटा
- 2 बड़े चम्मच फैंटा हुआ दही
- 1 बड़ा चम्मच इमली की खट्टी-मीठी चटनी
- 1 बड़ा चम्मच चटपटी हरी चटनी
- 1 छोटा चम्मच नींबू का रस
- 1 छोटा चम्मच चाटमसाला
- 1 छोटा चम्मच जीरा भुना हुआ
- तेल आवश्यकतानुसार
- नमक स्वादानुसार।

**बनाने का तरीका**

ब्रैडस्लाइस को चकलाबेलन से बेल कर पतला कर लें। इन्हें कटर या कटोरी की मदद से गोल काट लें। आधी ब्रैड में एक तरफ कट लगाएं। इन पर ब्रश की सहायता से तेल लगाएं और फिर छोटी साइज की कटोरी में अच्छी तरह से दबा कर लगा दें। एक कड़ाही में नमक गरम करें। उस पर यह कटोरी में रख कर ढक कर ब्रैड के सुनहरा होने तक बेक कर लें। ऐसे ही सभी कटोरियां तैयार कर उन के ठंडा होने पर कटोरियों से ब्रैड को निकाल लें। चाट सैट करने के लिए सारी ब्रैड कटोरियां तैयार हैं। अब चाट बनाने की सारी सामग्री को मिक्स कर लें और ब्रैड कटोरियों में भरें। ऊपर से दही, चटनियां डाल जीरा पाऊडर बुरकें। हरे धनिए और कसे चीज से सजा कर परोसें।



## फैमिली के लिए बनाएं बैंगन भुरजी

सर्दियों में कुछ चटपटा और टेस्टी खाने का मन करता है, जिसके लिए हम नए नए तरह की रैसिपी ट्राइ करते रहते हैं। इसीलिए आज हम आपको चटपटी और टेस्टी बैगन भुरजी की रैसिपी बताएंगे, जिसे आप आसानी से अपने घर पर बना सकते हैं।

**हमें चाहिए**

- 1 किलोग्राम बैंगन
- 500 ग्राम चिकन के टुकड़े
- 19 ग्राम अदरक-लहसुन पेस्ट
- 100 ग्राम दही
- 30 ग्राम हरी मिर्च कटी
- 5 ग्राम गरममसाला
- 2 l5 ग्राम लाल मिर्च
- 20 ग्राम अदरक कटा
- 70 एम.एल. रिफाइंड तेल
- 100 ग्राम प्याज कटा
- 20 ग्राम लहसुन कटा
- 200 एम.एल. क्रीम
- नमक स्वादानुसार।

**बनाने का तरीका**

बैगनों को भून कर जले छिलके हटा दें। अब एक पैन में तेल गरम कर प्याज व लहसुन-अदरक पेस्ट डाल कर सुनहरा होने तक भूनें। अब चिकन के टुकड़े डालें और थोड़ा सा पानी भी डाल दें। 5 मिनट बाद लाल मिर्च, गरममसाला व नमक डाल कर चलाएं। पानी सूखने दें। एक फूड पैन में क्रीम के अलावा बाकी बची सारी सामग्री मिक्स करें। अब भुना कीमा और प्याज डाल कर धीमी आंच पर पकने दें और फिर क्रीम डाल कर सर्व करें।



## डेजर्ट में परोसें चॉकलेट संदेश

बंगाली मिठाई संदेश कई तरह के होते हैं। तो क्यों ना इस बार चॉकलेट संदेश ट्राय किया जाए। चॉकलेट संदेश बनाना बेहद आसान है। आप चाहें तो इसे शूगरलैस भी बनाकर अपनी फैमिली और फ्रेंड्स को खिला सकते हैं।

**हमें चाहिए**

- 1 किलोग्राम ताजा छेना
- 250 ग्राम चीनी
- 100 ग्राम लिक्विड चॉकलेट
- 30 ग्राम कोको पाउडर
- 30 ग्राम ड्रिंकिंग चौकलेट पाऊडर
- बनाने का तरीका

छेना और चीनी को एकसाथ मिला कर कड़ाही में चढ़ा कर लगातार चलाते हुए इस का पूरा पानी सुखा लें। इसे एक ट्रे या थाली में निकाल लें और ठंडा होने दें।

चॉकलेट संदेश बनाने के लिए इस में लिक्विड चॉकलेट और कोको पाऊडर डाल कर अच्छी तरह गूंधते हुए मिला लें।

एक चौकोर ट्रे में घी लगा कर मिश्रण को जमा दें। अब ड्रिंकिंग चौकलेट पाऊडर ऊपर से एकसमान डाल कर अच्छी तरह फैला दें। फिर चौकोर आकार में काट लें।



## ड्राइफ्रूट डिलाइट

बच्चों को खाना खिलाना मेहनत का काम होता है। लेकिन अगर खाना टेस्टी और हैल्दी हो तो बच्चे आसानी से खा लेते हैं। इसीलिए आज हम आपको ड्राइफ्रूट डिलाइट की रैसिपी बताएगें, जिसे आप अपने बच्चों को आसानी से बनाकर खिला सकते हैं।

**हमें चाहिए**

- 15 मखाने शैलो फ्राई किए
- गोंद फ्राई किया
- 2 बड़े चम्मच मगज भुनी
- 50 ग्राम काजू बादाम भुने
- 1/4 छोटा चम्मच सोंठ
- गुड़ स्वादानुसार
- 2 बड़े चम्मच घी
- 1 गिलास पानी

**बनाने का तरीका**

मखाने, गोंद, मगज व काजू-बादाम को दरदरा पीस या कूट लें। पैन में घी गरम करें। 1 गिलास पानी में गुड़ डाल कर घुलने तक पकाएं। अब इस में सारी सामग्री डाल कर 20 मिनट धीमी आंच पर पकाएं और फिर गरमगरम सर्व करें।

## टेस्टी और हैल्दी नारियल पनीर कोपते

आप पनीर से बनी कई रेसिपी बना लेते होंगे। जो कि खाने में बहुत ही स्वादिष्ट होती है। जिन्हे सभी बड़े चाव से खाते है। इसी तरह नारियल की बात करें तो इसे हम हर पूजा-पाठ में घर लाते है। कुछ लोग तो इसकी मिठाई भी बना लेते है। लेकिन क्या आपने कभी पनीर और नारियल के कोफ्ते की रेसिपी बनाई है।

आपने लौकी या फिर और किसी के कोफ्ते तो खाए ही होंगे। आज बनाइए नारियल पनीर के कोफ्ते। जो खाने में बहुत ही स्वादिष्ट होती है साथ ही हेल्दी भी । तो फिर झट से बनाएं नारियल पनीर के कोफ्ते।



**सामग्री**

- पांच उबले उबले मैश किए हुए आलू
- एक कप कसा हुआ नारियल
- एक कप दूध
- एक कप कद्दूकस किया हुआ पनीर
- आधा कप बेसन
- थोडा सा चावल का आटा
- बारीक कटा हुआ हरी धनिया
- बारीक कटा हुई हरी मिर्च
- पांच टमाटर बारीक कटे हुए
- तीन चम्मच चीनी
- छोटा चम्मच जीरा
- थोड़ी लाल मिर्च
- स्वादानुसार नमक
- आवश्यतानुसार तेल
- सबसे पहले आलू और पनीर को एक साथ मिलाकर मैश करें. इसके बाद इसमें बेसन, हरी मिर्च व हरी धनिया, नमक व लाल मिर्च लें. इसके बाद इसे कोफ्ते के आकार में हाथों से बना लें. फिर इसे चावल के सूखे आटे में लपेट कर रख लें.
- इसके बाद एक कढाई को गैस में तेल डालकर रखे और इसे गर्म होने दे. जब यह गर्म हो जाए तो इसमें कोफ्ते डालकर तल लें. इन्हें गोल्डन ब्राउन होने तक तलें. और एक प्लेट में निकाल लें.
- इसके बाद बचे हुए तेल में थोड़ा तेल डालकर इसमें जीरा डाले फिर टमाटर क्यूरी डालकर अच्छी तरह से भून ले. जब यह भून जाए तो इसमें दूध, नारियल और स्वादानुसार नमक डाले और इसे पकने दे. जब यह पक जाए तो इसमें बने हुए कोफ्ते डाल दे.
- थोड़ी देर पकने के बाद गैस बंद कर दे. आपको नारियल पनीर के कोफ्ते बनकर तैयार हो गए है. इसे आप गर्मा-गरम पूरी या फिर पराठों के साथ सर्व कर सकते है।

## पनीर स्टफ्ड पोटैटो का स्वाद हमेशा रहेगा याद



**सामग्री:** पनीर के टुकड़े, आलू, प्याज, धनिया, नमक, हलदी, लालमिर्च पाउडर, तलने के लिए तेल, सजाने के लिए चीज।

**विधि:** आलुओं को छील कर उन के 2 टुकड़े करें. हरेक टुकड़े के बीच में गहरा छेद करें व फ्राई कर के एक तरफ रख लें. पनीर भुरजी बनाने के लिए तेल गरम करें. इस में प्याज, पनीर और सभी मसाला मिलाएं और भूनें. जब भुरजी तैयार हो जाए तो उसे आलुओं में भरें. फिर हरेक के ऊपर चीज का एक टुकड़ा रख कर ओवन में 10 मिनट 180 डिग्री सेल्सियस पर बेक करें. फिर इन्हें स्नैक्स के तौर पर परोसें।

## झट से बनाइये टेस्टी कश्मीरी साग

**अगर** आप कोई ऐसी डिश ढूंढ रहे हैं, जो झट से तैयार हो जाए तो आपको कश्मीरी साग जरुर ट्राई करनी चाहिये. कश्मीरी साग प्रेशर कुकर में सिर्फ एक सीटी में बनती है. इसके लिये आपको ना तो साग को काटने की जरुरत है और ना ही कोई स्पेशल मसाला तैयार करने की आवश्यकता।

आप कश्मीरी साग को प्लेन चपाती या राइस के साथ सर्व कर सकती हैं. इसके साथ आपको दाल भी बनाने की जरुरत नहीं है. तो अब देर किस बात का आइये देखते हैं कश्मीरी साग बनाने की रेसिपी।

पकाने में समय- 20 मिनट



**सामग्री:**

- 7 चम्मच सरसों का तेल
- 3 बड़ी इलायची
- 10 कश्मीरी साबुत मिर्च
- 25 साबुत लहसुन
- 250 ग्राम साबुत पालक
- नमक, स्वादअनुसार

**विधि:**

- एक प्रेशर कुकर में तेल गरम करें, फिर उसमें बड़ी इलायची, कश्मीरी मिर्च, लहसुन और पालक तथा थोड़ा सा नमक और नानी मिला कर 1 या 2 सीटी आने तक पका लें।
- आपका कश्मीरी साग तैयार है, इसे गरमा गरम चावल या रोटी के साथ सर्व करें।

## स्वादिष्ट मिक्स वैज कोरमा

**सामग्री**

- 1 कप गोभी के टुकड़े
- 1 आलू कटा
- 1/2 कप मटर के दाने
- 8-10 फ्रैंच बींस
- 1 गाजर कटी
- 2 बड़े चम्मच तेल
- 1 प्याज कटा
- 1 टमाटर कटा
- 1/4 छोटा चम्मच हलदी पाउडर
- 1/4 छोटा चम्मच लालमिर्च पाउडर

**थोड़ी सी धनियापत्ती कटी हुई**

**सामग्री पेस्ट की**

- 3 बड़े चम्मच कच्चा नारियल
- 8-10 काजू
- 2 छोटे चम्मच चने की दाल भुनी
- 1/2 छोटा चम्मच धनिया पाउडर
- 1-2 लौंग
- 1-2 हरी इलायची
- 4-5 कालीमिर्चें साबूत
- 1-2 हरी मिर्चें कटी
- 2 कलियां लहसुन कटी
- 1 छोटा टुकड़ा अदरक कटी



**विधि:** गोभी के टुकड़ों को धो कर 3-4 मिनट गरम पानी में रखें. काजू को आधा घंटा पानी में भिगो लें. मिक्सी में पेस्ट बनाने की सामग्री पीस लें. प्रैशर कुकर में तेल गरम कर प्याज, टमाटर डालें और सौटे करें. अब हलदी और लाल मिर्च पाउडर मिलाएं।

इसे 2-3 मिनट पकाएं फिर पेस्ट डालें व 4-5 मिनट धीमी आंच पर भूनें. कटी सिब्जयां, काजू, नमक और पानी डालें व एक सीटी के आने तक पकाएं. ठंडा होने पर धनियापत्ती से सजा कर परोसें।

## बच्चों के लिए बनाएं स्वीट्स डिलाइट



अगर आप बच्चों के लिए कुछ टेस्टी और हैल्दी रैसिपी बनाना चाहते हैं तो स्वीट्स डिलाइट की ये रैसिपी आपके लिए परफैक्ट है।

**हमें चाहिए**

- 1 कप मिल्क पाऊडर
- 1 कप नारियल पाऊडर
- 4-5 छोटे चम्मच क्रीम
- 1 कप बूरा
- कुछ बूंदें गुलाब-जल
- थोड़ा सा लाल फूड कलर
- 10-12 काजू कटे हुए।

**बनाने का तरीका**

बूरा, मिल्क पाऊडर, नारियल पाऊडर और क्रीम को अच्छी तरह आटे की तरह कड़ा गूंध लें। फिर इस में से आधा अलग निकाल लें। इस में लाल कलर मिला लें। फिर गुलाबजल मिक्स कर लें। काजुओं के सफेद हिस्सों के नीचे भी और ऊपर भी पॉलिथीन लगा कर लंबे डंडे की तरह उतना ही लंबा बना लें जितनी सफेद हिस्से की रोटी की चौड़ाई हो। लंबे लाल डंडे को रोटी पर रख कर रोटी में लपेट दें। अब अंदर लाल बाहर सफेद रंग का लंबा डंडा बन जाएगा। अब टुकड़े काट कर लाल रंग के हिस्से पर काजू रख कर हल्का सा दबा कर चिपका दें ताकि काजू हटें नहीं। स्वीट डिलाइट तैयार है।

## स्वादिष्ट स्नैक्स हींग वाले खस्ता कचौरी

**शाम** के समय नाश्ते में कचौरी और चाय का मेल स्वाद को और बढ़ा देता हैं. आइए जानते हैं खस्ता कचौरी बनाने की विधि.

सामग्री

- मैदा - 220 ग्राम
- तेल -2 चम्मच
- नमक - 1 चम्मच
- बेसन - 50 ग्राम
- सौंफ - 1 चम्मच
- लाल मिर्च - 1 चम्मच
- धनिया के बीज - 1 चम्मच
- आमचूर पाउडर - 1/4 चम्मच
- अदरक पाउडर - 1/4 चम्मच
- हींग - 1/8 चम्मच
- पानी - 2 चम्मच



**विधि:** खस्ता कचौरी बनाने के लिए सबसे पहले आप एक बाउल लें और उसमें मैदा, तेल और नमक डालकर इसे पानी से गूंथ लें. अब दूसरा बाउल लें और उसमें बेसन, धनिया के बीज, सौंफ, हींग, आमचूर, तेल और नमक डालकर अच्छे से मिला लें।

अब इस मिश्रण को एक पैन में थोडे-से तेल डालकर भून लें. ठंडा होने पर इसमें पानी मिलाकर इसे सॉफ्ट बना लें।

फिर तैयार किया हुआ गूंथे हुए आटे की लोई बना लें. लोई को हल्के हाथों से दबाएं और इसमें बेसन का तैयार किया हुआ मिश्रण को भरें।

अब इसे मोटी रोटी की तरह बेलें. एक कड़ाही में तेल गर्म करें और कचौरी को डीप फ्राई करें. कचौरी को गोल्डन ब्राउन होने तक फ्राई करें. खस्ता कचौरी बनकर तैयार हैं।

## क्रिस्पी बैंगन पकौड़े...

**सामग्री :** एक भुर्ते वाला बड़ा बैंगन, 4-5 खड़ी लाल मिर्च, 2-3 कली लहसुन, 1 कप बेसन, 1/2 कप चावल का आटा, नमक स्वादानुसार,1 चम्मच नींबू का रस, 1/4 टी स्पून, हल्दी, 1/4 टी स्पून अजवायन, 1 चुटकी हींग, तलने के लिए तेल।

**विधि :** बैंगन को धोकर पतली गोल-गोल स्लाइस काट लें। लाल मिर्च, लहसुन, नमक, नींबू रस एवं थोड़ा पानी मिलाकर पेस्ट बनाकर अलग रखें। बेसन में चावल का आटा, हींग, नमक, अजवायन एवं थोड़ा पानी मिलाकर पकौड़े का घोल तैयार करें। एक कड़ाही में तेल गर्म करें।



बैंगन का एक स्लाइस लेकर इस पर लाल मिर्च का पेस्ट चुपड़े। ऊपर से दूसरी स्लाइस रखें। इसे बेसन के घोल में डुबोकर गर्म तेल में सुनहरा भूरा होने तक तलें। गर्मागर्म क्रिस्पी बैंगन पकौड़ों को सॉस और हरी चटनी के साथ परोसें।



# विराट-अनुष्का की नन्ही परी

11 जनवरी, 2021 भारत की इतिहास में क्रिकेट की दो बड़ी बातों के लिए याद रहेगा। एक तो इसी दिन भारतीय क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया के साथ लगभग हारे हुए टैस्ट मैच को उसके जबड़ों से खींच लाई और ड्रा करा दिया और दूसरी बात यह कि इसी दिन मौजूदा भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली पापा बने। विराट कोहली और उनकी बॉलीवुड हीरोइन पत्नी अनुष्का शर्मा देश के सबसे बड़े सैलिब्रिटी कपल हैं। ऐसे में यह कहने की जरूरत नहीं है कि विराट और अनुष्का यानी विरुष्का की बेटी धरती पर कदम रखने से पहले ही देश की मोस्ट सैलिब्रिटी बेबी गर्ल है। जैसे करीना कपूर और सैफ अली खान के सुपुत्र तैमूर अली खान रहे हैं बल्कि कहना चाहिए अभी भी है।

हालांकि देश में सैलिब्रिटी हमेशा से रहे हैं, चाहे वह पिछली सदी का 50 और 60 का दौर रहा हो या 70 और 80 का दौर अथवा 1990 से 2000 का दौर, लेकिन सैलिब्रिटी के नवजात शिशु भी सैलिब्रिट हो सकते हैं हिंदुस्तान ने यह सैफ और करीना के बेटे तैमूर के बाद ही जाना है। इस पर पिछले कई सालों से सोशल मीडिया में ही नहीं, आम जनता के बीच भी जबरदस्त चर्चा रही है कि यह सही है या गलत है। निश्चित रूप से कुछ लोग बच्चों के सैलिब्रिटी स्टेटस को विरासत के रूप में लेते हैं और मानते हैं कि अगर मां-बाप सैलिब्रिटी हैं, तो बच्चा सैलिब्रिटी होगा ही और इसमें बुराई भी क्या है?

लेकिन कुछ लोग ऐसे भी हैं जो इसे सही नहीं मानते, उन्हें लगता है कि जब हम नवजात को भी सैलिब्रिटी बना देते हैं तो वह न तो अपने मन का जीवन जी पाता है और न ही अपनी तरह से विकसित हो पाता है। कम से कम तैमूर अली के संबंध में देखें तो यह बात सौ फीसदी सही लगती है। तैमूर अली अपने मम्मी करीना कपूर और पापा सैफ अली खान की तरह ही सैलिब्रिटी हैं और यह बात मजाक की नहीं है बल्कि हकीकत है कि कुछ मामलों में तो तैमूर अपने मम्मी-पापा से भी ज्यादा बड़े सैलिब्रिटी हैं, कहना चाहिए सैलिब्रिटी स्टार।

तैमूर अली कितने बड़े सैलिब्रिटी हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बेहद क्यूट तैमूर साहब की जब कोई नटखट हरकत वाली तस्वीर इंस्टाग्राम में डाली जाती है तो उसे लाइक करने वालों की लाइन लग जाती है। अमूमन तैमूर की कई तस्वीरों पर 20-20 लाख से भी ज्यादा लाइक्स आते हैं। तैमूर देश ही नहीं दुनिया के सबसे बड़े स्टार किड हैं। सिर्फ अपनी लोकप्रियता की वजह से ही नहीं बल्कि अपनी कमाई की वजह से भी। एक साल पहले के एक आंकड़े के मुताबिक तैमूर अली की सालाना कमायी करीब 4 करोड़ रुपए से भी ज्यादा की है।





जिस पल से विरुष्का की बेटी (जिसका इन पंक्तियों के लिखे जाने तक कोई नाम नहीं रखा गया था) ने इस धरती पर अपने कदम रखे हैं, तब से ही इस बात की हर तरफ चर्चा है कि तैमूर को टक्कर देने के लिए विरुष्का की नन्ही परी आ गई है। यह बात महज कहने के लिए नहीं कही जा रही बल्कि तकनीकी तौर पर देखें तो बिल्कुल सही है क्योंकि आज की तारीख में विराट और अनुष्का, करीना और सैफ अली खान से कहीं ज्यादा बड़े सैलिब्रिटी हैं। इनके बड़े सैलिब्रिटी होने का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सोशल मीडिया में यह खबर आने के बाद कि विराट और अनुष्का मम्मी पापा बन गए हैं, कुछ ही घंटों में करीब 40 लाख लोगों ने विराट और अनुष्का को अलग-अलग सोशल मीडिया मंचों से बधाईयां दे डालीं। लोगों का यह उन्मादी प्रेम किसी को भी अच्छा लगेगा। कोई भी इससे रोमांचित महसूस करेगा जैसा कि विराट और अनुष्का भी इसके अपवाद नहीं हैं।

लेकिन विराट और अनुष्का दोनों से यह एक मानवीय गुजारिश है कि उन्हें अपनी नन्ही परी को तैमूर की तरह का सैलिब्रेट नहीं बनाना चाहिए। मनोविदों ने छोटे बच्चों को लगातार लाइम लाइट में रखने के नुक्सानों से बहुत चिंतित हैं इसीलिए दुनिया के कई देशों में तो यह कानून बना दिया गया है कि स्टार मां-बाप अपने बच्चों की तस्वीरें और उनसे संबंधित ऐसी सामग्री सार्वजनिक नहीं करेंगे, जो उनके नॉर्मल जीवन में बाधक बनें क्योंकि बॉलीवुड से पहले इस तरह की बीमारी हॉलीवुड को लग चुकी है। कई नामी गिरामी एक्टर और एक्ट्रेस ने अपने बच्चों को भी सैलिब्रिटी स्टेट्स के साथ पाला पोसा है, जिससे ये बच्चे नॉर्मल जिंदगी नहीं जी सके।

इसलिए सोशल मीडिया में तमाम लोगों ने विराट और अनुष्का से यह अनुरोध किया है कि वह अपनी नन्ही परी को एक सामान्य बच्ची की तरह पाले न कि उन्हें सैलिब्रिटी बनाएं। गौरतलब है कि स्टार किड होने के न तो वह पहले से ही एक सैलिब्रिटी होगी और स्टार किड का बोझ उसे हर समय उठाना पड़ेगा। अब अगर इसमें सैलिब्रिटी का बोझ भी शामिल हो जाएगा तो नन्ही परी बचपन से ही जीवन से कट जाएगी। उम्मीद है ऐसा नहीं होगा।

## वाइल्ड लाइफ को लेकर उत्साहित : आयुष्मान



आयुष्मान खुराना फिलहाल नॉर्थ ईस्ट में फिल्मकार अनुभव सिन्हा की एक शीर्षविहीन स्पाई थ्रिलर फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। असम के काजीरंगा नैशनल पार्क में सफारी का आनंद लेने वाले अभिनेता का कहना है कि वाइल्ड लाइफ को लेकर वह हमेशा से ही उत्साही रहे हैं। आयुष्मान ने कहा, 'वाइल्ड लाइफ को लेकर मैं हमेशा से ही उत्साही रहा हूं और मुझे सफारी पर जाना भी काफी अच्छा लगता है। मैं काजीरंगा नैशनल पार्क में गया हूं और वह मेरा बैस्ट टाइम था। गैंडों को देखकर वक्त बिताना मुझे बहुत अच्छा लगा।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं इससे पहले मुदुमलाई वाइल्ड सैंचुरी में भी जा चुका हूं और वहां भी मुझे गजब का एहसास हुआ है और काजीरंगा में आने के बाद मुझे यह मानना पड़ेगा कि आने वाले समय में वाइल्ड लाइफ के लिए अपने पैशन को लेकर मैं कुछ करना चाहूंगा और अच्छी-अच्छी यादें बनाना चाहूंगा, जो जिंदगी भर साथ रहें।'

## तमिल सीख रहे हैं ईशान

बॉलीवुड एक्टर ईशान खट्टर आगामी फिल्म 'फोन भूत' में कैटरीना कैफ और सिद्धार्थ चतुर्वेदी के साथ कॉमेडी का तड़का लगाते नजर आएंगे। ईशान इस फिल्म में अपनी भूमिका के लिए तमिल बोलना सीख रहे हैं। ईशान ने कहा, 'मैं डिक्शन सबक ले रहा हूं और नई भाषा (तमिल) सीखना मेरे लिए वास्तव में रोमांचक है। मैं इस प्रक्रिया का आनंद ले रहा हूं और इसे अपना सर्वश्रेष्ठ शॉट देना चाहता हूं। ईशान अभिनेता गुरमीत सिंह द्वारा निर्देशित फिल्म में कैटरीना कैफ और सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ सह-कलाकार हैं। फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी द्वारा निर्मित फिल्म 'फोन भूत' को रवि शंकरन और जसविंदर सिंह बाथ ने लिखा है। बता दें कि ईशान खट्टर ने फिल्म 'धड़क' से बॉलीवुड डैब्यू किया था। इन दिनों ईशान के पास 'फोन भूत' के अलावा राजा कृष्ण मेनन की फिल्म पिप्पा भी है। 'फोन भूत' के रैप करने के बाद वह जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे।



## हॉरर सीरीज में काजल

अभिनेत्री काजल अग्रवाल शादी के बाद ओ.टी.टी. मंच से वापसी कर रही हैं, वह हॉरर सीरीज में काम कर रही हैं, जिसका ट्रेलर हाल ही में रिलीज किया गया है। वहीं सीरीज 12 फरवरी को रिलीज की जाएगी। काजल ने कहा, 'एक अभिनेता के रूप में, मैं लगातार ऐसी भूमिकाओं की तलाश में हूं जो मुझे चुनौती दे और मुझे अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकाले। 'लाइव टैलीकास्ट' ने ऐसा ही किया।' उन्होंने कहा, 'मेरा चरित्र जेनी, पेशे से एक निर्देशक, एक मजबूत और स्वतंत्र महिला है, जिसका एकल दिमाग का लक्ष्य एक सफल टीवी शो बनाना है और इस खोज में, वह खुद को एक विशाल घर में बंद कर देती है, जिसमें कोई रास्ता नहीं है।' सात-एपिसोड की यह तमिल सीरीज वेंकट प्रभु द्वारा निर्देशित की गई है। इसमें वैभव रेड्डी, कयाल आनंदी, प्रियंका, सेल्वा, डैनियल एनी पोप और सुब्बू पांचू अरुणाचलम भी हैं। लाइव टैलीकास्ट डिज्नी प्लस हॉटस्टार वी.आई.पी. और प्रीमियम पर रिलीज होगी।



## अब क्रिकेट खेलेंगी तापसी

अभिनेत्री तापसी पन्नू ने बीते दिनों ही अपनी फिल्म 'रश्मि रॉकेट' की शूटिंग पूरी की है। फैंस को उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है, लेकिन हाल ही में फैंस तब चौंक गए जब उन्होंने तापसी को क्रिकेट खेलते हुए देखा। ऐसे में तरह-तरह के कयास लगने लगे, लेकिन बता दें इसके पीछे की वजह क्या है। पिछले दिनों खबर आई थी कि तापसी महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज की बायोपिक में नजर आएंगी जिसका नाम 'शाबाश मिथ्यु' होगा। इसी को देखते हुए अब वह इस फिल्म की तैयारी में जुट गई हैं। फिल्म में तापसी मिताली राज के रोल में दिखेंगी। इस फिल्म के लिए ही तापसी इन दिनों क्रिकेट की ट्रेनिंग ले रही हैं। उन्होंने इसकी एक झलक सोशल मीडिया पर भी शेयर की है। एक बयान में उन्होंने बताया, 'मैंने इससे पहले कभी क्रिकेट नहीं खेला। इस खेल की मैं जबरदस्त प्रशंसक हूं और महज दर्शक रही हूं। अब दूसरी तरफ जाना मेरे लिए बड़ी चुनौती है, लेकिन मुझे लगता है कि दबाव में मैं सर्वश्रेष्ठ दे पाती हूं। मिताली और मेरे बीच यही एक बात कॉमन लगती है।' तापसी ने सोशल मीडिया पर भी क्रिकेट की ट्रेनिंग लेते हुए एक फोटो शेयर की है। उनकी पोस्ट पर मिताली ने प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि आप इस किरदार को अव्वल बना देंगी। तापसी कोच नूशीन अल खदीर से क्रिकेट की ट्रेनिंग ले रही है। 'शाबाश मिथ्यु' को राहुल ढोलकिया निर्देशित कर रहे हैं। तापसी 'बदला', 'चश्मे बद्दूर', 'मनमर्जियां', 'थप्पड़', 'सांड की आंख', 'मुल्क', 'पिंक' जैसी कई बेहतरीन फिल्मों का हिस्सा रह चुकी हैं। उम्मीद है कि आने वाले समय में वह दर्शकों को लाजवाब अदायगी से मन जीतती रहेंगी।